वर्ष : 15 | अंक : 126 जयपुर | सोमवार, 10 मार्च, 2025 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष एकादशी संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

▪ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ



# 12 साल बाद भारत ने जीती चैंपियंस ट्रॉफी

## रोहित ब्रिगेड की दुबई में दबंगई

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब का सूखा समाप्त कर लिया है। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने रविवार को न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अपने नाम की। भारत ने तीसरी बार टूर्नामेंट का खिताब जीता है। रोहित ब्रिगेड की दुबई में दबंगई देखने को मिली। भारत ने हाईब्रिड मॉडल के तहत अपने सभी मैच दुबई के मैदान पर खेले और एक भी हार नहीं झेली। न्यूजीलैंड ने फाइनल में 252 रनों का टारगेट दिया, जिसे भारत ने 49 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर चेज किया। भारत ने न्यूजीलैंड से फाइनल में हार का हिसाब बराबर कर लिया है। न्यूजीलैंड ने साल 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत को हराया था। कीवी टीम ने इसके अलावा 2021 में भारत से वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल जीता था।

### रोहित शर्मा ने खेली शानदार पारी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने अच्छी शुरुआत की। रोहित और शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 105 रनों की पार्टनरशिप की। गिल 50 गेंदों में 30 रन बनाने के बाद 19वें ओवर में कप्तान मिचेल सैंटनर का शिकार बने। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला नहीं चला। वह दो गेंदों में एक रन ही बना सके। उन्हें माइकल ब्रेसवेल ने 20वें ओवर में एलबीडब्ल्यू किया। भारत का तीसरा विकेट रोहित के रूप में गिरा, जिन्हें रचिन रविंद्र ने 27वें ओवर में पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने 83 गेंदों में 76 रन की बेहतरीन पारी खेली, जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल हैं। रोहित के आउट होने से स्कोर तीन विकेट पर 122 रन हो गया, जिसके बाद श्रेयस अय्यर (62 गेंदों में 48) और अक्षर पटेल (40 गेंदों में 20) ने बखूबी मोर्चा संभाला। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 61 रनों की साझेदारी की। हालांकि, अय्यर 23वें वनडे अर्धशतक से चूक गए। उन्हें सैंटनर ने 39वें ओवर में अपने जाल में फंसाया। अक्षर को ब्रेसवेल ने 42वें ओवर में आउट किया।

### राहुल ने पार लगाई जीत की नैया

हालांकि, विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने हार्दिक पांड्या (18 गेंदों में 18) के साथ छठे विकेट के लिए 38 रनों की पार्टनरशिप की। भारत को आखिरी तीन ओवर में 12 रनों की दरकार थी। लग रहा था कि दोनों भारत को जिताकर लौटेंगे लेकिन काइल जैमीसन ने 48वें ओवर में हार्दिक को कॉट एंट बोल्ड कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### शाहरुख, अजय, टाइगर जयपुर कंज्यूमर-कोर्ट में तलब

**विमल इंडस्ट्रीज के चेयरमैन को भी नोटिस; आरोप- पान मसाले में केसर का दावा कर भ्रमित कर रहे**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ और विमल कुमार अग्रवाल को जयपुर कंज्यूमर कोर्ट ने तलब किया है। विमल कुमार अग्रवाल, विमल पान मसाला बनाने वाली कंपनी जेबी इंडस्ट्रीज के चेयरमैन हैं। आरोप है कि केसर के नाम पर विमल पान मसाला खरीदने के लिए लुभाया जा रहा है, जबकि इसमें केसर है ही नहीं। केसर के नाम पर आम लोग भ्रमित हो रहे हैं। जयपुर के वकील योगेंद्र सिंह बडियाल की शिकायत पर यह नोटिस जारी किया गया है।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (कंज्यूमर कोर्ट) के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना और सदस्य हेमलता अग्रवाल ने 5 मार्च को सुनवाई की थी। अगली सुनवाई की तारीख 19 मार्च की सुबह 10 बजे तय की गई है। कोर्ट ने कहा है कि यदि आप व्यक्तिगत रूप से या अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होने में विफल रहते हैं, तो एकपक्षीय निर्णय लिया जाएगा।

### ईडी ने हैदराबाद एयरपोर्ट से बिजनेस जेट जब्त किया

**22 जनवरी को इसी से विदेश भागा था प्रमोटर; 850 करोड़ रुपए की ठगी का आरोप**

बढ़ता राजस्थान

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एक बिजनेस जेट जब्त किया। सूत्रों के मुताबिक ईडी हैदराबाद के फाल्कन ग्रुप और उसके प्रमोटर्स के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है।

मामला साइबराबाद पुलिस की फाल्कन ग्रुप (कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड) के सीएमडी अमरदीप कुमार और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर से जुड़ा है। प्रमोटरों पर निवेशकों से 850 करोड़ रुपए की ठगी करने का आरोप है।

**एमओयू क्रियान्वयन की तृतीय समीक्षा बैठक**

## राइजिंग राजस्थान के तहत एमओयू का हो रहा त्वरित क्रियान्वयन

# प्रमुख औद्योगिक केन्द्र बनाना हमारा लक्ष्य : मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के अंतर्गत हुए एमओयू को धरातल पर लागू करने की दिशा में प्रभावी रूप से कार्य किया जा रहा है, जिसके सुखद परिणाम आ रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को एमओयू की क्रियान्विति के लिए परस्पर सामंजस्य और सतत् मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देशित किया। श्री शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य के साथ राज्य सरकार राइजिंग राजस्थान समिट के तहत हुए एमओयू की क्रियान्विति सुनिश्चित कर रही है। जिन निवेशकों ने एमओयू किया हैं, उनमें से कई निवेशकों ने तो धरातल पर कार्य भी प्रारंभ कर दिया है।



### आमजन की प्रत्येक समस्या का हो समाधान

आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए मुख्यमंत्री ने ऊर्जा और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्बाध बिजली और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। श्री शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवा की उपलब्धता सहित आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी जिलों का नियमित दौरा भी करें। साथ ही, अधिकारी आमजन से जुड़ी सभी परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें।

### मुख्यमंत्री करेंगे जिला प्रशासन की समीक्षा

श्री शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान 2047 के लक्ष्य के दृष्टिगत प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र का विकास अतिआवश्यक है। इसलिए जिलों से लेकर गांव-ढ़ाणी तक राज्य सरकार की योजनाओं एवं नीतियों की प्रगति, बजट 2025-26 एवं राइजिंग राजस्थान एमओयू के क्रियान्वयन की सघन समीक्षा की जाए। इसी क्रम में मुख्यमंत्री आगामी दिनों में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम जिला प्रशासन के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

## टाइगर के हमले में बाघिन सिद्धि के शावक की मौत

**शरीर पर चोट, मुंह से निकल रहा था खून**



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर।** रणथंभौर टाइगर रिजर्व में बाघिन टी-125 सिद्धि के एक शावक की मौत हो गई। बाघ टी 2311 के हमले से शावक की मौत होने की आशंका है। वनकर्मियों को रविवार दोपहर को ट्रैकिंग के दौरान शावक का शव मिला। इस दौरान उसके मुंह से खून निकल रहा था। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। शावक के शव को नाका राजबाग लाया गया। उसके शरीर पर चोट के निशान भी मिले हैं। शनिवार रात को इस एरिया में बाघ टी-2311 कैमरा ट्रैप में कैद हुआ था। रणथंभौर टाइगर रिजर्व प्रथम के डीएफओ रामानंद भाकर ने बताया- वनकर्मियों को ट्रैकिंग के दौरान रविवार दोपहर को कुंडेरा रेंज के भदलाव वन क्षेत्र में एक शावक का शव मिला था। उन्होंने वनाधिकारियों को इसकी सूचना दी। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो बाघिन टी-125 के शावक का शव मिला।

## महाकुंभ के एंट्री-पॉइंट पर गुफा बनाकर रह रहा था आतंकी

### हर दिन हैंडग्रेनेड लेकर निकलता था

बढ़ता राजस्थान




**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाकुंभ पर आतंकी हमले की साजिश थी। पहले अमृत स्नान (14 फरवरी) से एक दिन पहले बब्बर खालसा का आतंकी लाजर मसीह महाकुंभ एंट्री पॉइंट से सिर्फ 1 किमी दूर था। वह एक मिट्टी के टीले में गुफा बनाकर रह रहा था। यहीं से उसने महाकुंभ में ब्लास्ट करने का प्लान बनाया था। ढाबे पर जाकर खाना खाते समय मोबाइल चार्ज करता था। रोज अपने साथ हैंडग्रेनेड लेकर निकलता था, लेकिन महाकुंभ एंट्री पॉइंट पर हाई सिक्योरिटी होने की वजह से सफल नहीं हो सका। यह बात खुद बब्बर खालसा के आतंकी लाजर मसीह ने मानी है। उसे पुलिस ने 6 मार्च को कौशांबी के कोखराज से पकड़ा था। उससे पूछताछ में कई अहम बातें सामने आई हैं।

## बच्चे के कम नंबर आए तो शिक्षक पर होगी कार्रवाई

### दिलावर बोले- 40 से कम नंबर आने पर बच्चा तो पास होगा, लेकिन मास्टरसाब फेल

बढ़ता राजस्थान

नागौर। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि बोर्ड परीक्षा में किसी बच्चे के 80 में से 40 से कम नंबर आए तो बच्चा तो पास हो जाएगा, लेकिन मास्टर साहब फेल हो जाएंगे। ऐसे शिक्षक का ट्रांसफर उनकी पोस्टिंग के स्थान से कई किलोमीटर दूर कर दिया जाएगा।

नागौर के बड़ली में एक स्कूल के क्रमोन्नति कार्यक्रम में पहुंचे शिक्षा मंत्री ने कहा- बोर्ड परीक्षाओं में 100 अंकों का पेपर होता है। इनमें सत्रांक के 20 प्रतिशत अंक शिक्षकों के हाथ में होते हैं। फिर 80 में से बच्चों को पास होने के लिए 13 अंक ही लाने होते हैं। इससे बच्चा तो पास हो जाएगा, लेकिन उसे शिक्षित नहीं बोल सकते। उसे अच्छा नहीं बोल सकते। लेकिन, सरकार को उसे पास करना पड़ता है।

उन्होंने शिक्षकों को चेतावनी देते हुए कहा- 80 में से आपको 40 नंबर लाने होंगे। कम लाए तो बच्चा तो पास हो जाएगा, लेकिन मास्टर साहब फेल हो जाएंगे। ऐसे अध्यापकों के तबादले कर दिए जाएंगे। अगर वो नागौर का अध्यापक है, तो बारां लगा देंगे। श्रीगंगानगर में होगा तो बांसवाड़ा भेज देंगे और बांसवाड़ा में होगा तो श्रीगंगानगर ले जाएंगे। शिक्षकों की जवाबदेही तय की जाएगी। हालांकि ऐसी नौबत नहीं आएगी कि हमें ऐसे शिक्षकों पर एक्शन लेना पड़े।

**खंड वार पेपर बनवाने की व्यवस्था शुरू कर रहे**-मदन दिलावर ने कहा- प्रदेश सरकार ने शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए परीक्षा व्यवस्था में बदलाव के अनेक कदम उठाए हैं। परीक्षा में प्रश्न पत्र खंड वार अलग-अलग बनवाने की व्यवस्था शुरू कर रहे हैं, ताकि पेपर आउट होने की संभावना नहीं रहे।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

### जैम क्लासेज नीट आईआईटी कोचिंग में हुआ होली मिलन समारोह

# अपराध पर अंकुश लगा है उसके लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन का धन्यवाद : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित जैम क्लासेज नीट आईआईटी कोचिंग के होली मिलन समारोह में आए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति के ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी युगों में भारतीय संस्कृति की चर्चा होती रही है। आपने हमने त्रेता, द्वापर,सतयुग को किसी ने नहीं देखा पर कुम्भ मेले के आयोजन से ऐसा आभास हो रहा है कि भारतीय संस्कृति जिन्दा है। हम प्रत्येक वर्ष त्योंहार मनाते हैं उसके लिए अनेक अवसर आते हैं चाहे वे किसी रूप में हों। हम सबको भाईचारे की भावना से रहना है और रहना होगा। शेखावत ने कहा कि भाईचारा ही हमारी सांस्कृतिक पहचान है इसी के बलबूते हम सब आज यहाँ इकट्ठा हुए हैं। उन्होंने कहा कि आपके निवास स्थान ज्ञानपुरा में भी पूर्व की भांति इस वर्ष भी 14मार्च को होली मिलन का आयोजन किया जा रहा है।आप सहित विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों से अपील करता हूँ कि आपके अपने इस आयोजन में जरूर समलित हों और यदि कोई गिला सिकवा है तो हम सब बांटकर पुनः भारतीय संस्कृति को जिन्दा रखने के लिए गवाह बन सकें। इस अवसर पर क्षेत्र में बढ़ रही चोरियों की वारदाताओं पर कहा कि मैं स्थानीय पुलिस प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ कि उन्होंने बड़े अपराधों पर लगाम लगाई है। रही बात चोरियों की कुछ पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने चोरों को गिरफ्तार किया है कुछ को चिन्हित किया गया है। शेखावत ने कहा कि शीघ्र ही चोरी की वारदात को अंजाम देने वालों को भी सिकंजे के अंदर जाना होगा। बानसूर विधानसभा क्षेत्र आने वाले दिनों में बिलकुल भयमुक्त होगा यह मेरा वादा है। इसके साथ ही जैम क्लासेज के निदेशक महेश कुमार कौशिक ने बताया कि आने वाले सत्र में ग्रामीण इलाकों के होनहार विद्यार्थियों को नीट आईआईटी के लिए विशेष छूट प्रदान की जाएगी एवं सभी उपस्थित लोगों सहित देशवासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर डॉ शशिकांत बोहरा, नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि व भाजपा नेता सज्जन मिश्रा, भाजपा नेता ओमप्रकाश मोगर,कांग्रेस नेता कृष्ण गोपाल कौशिक, व कांग्रेस नेत्री रुक्मिणी कौशिक,अभिभाषक संघ अध्यक्ष बनवारी लाल यादव,पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित, पूर्व सरपंच सुनील दीक्षित, राजेन्द्र आर्य,एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी,अशोक भरगड़, गोविन्द मिश्रा,संकेत लाटा, टिंकू मिश्रा,जीतेन्द्र राजपूत,योगेश सोनी,सतीश शर्मा,पुरुषोत्तम कौशिक,वीरेन्द्र यादव, रेणु चौधरी,व्यापार मण्डल के अध्यक्ष महावीर बालासिया, राजेन्द्र बालासिया, आरसीआई के निदेशक डॉ विजय यादव, राजकुमार यादव,यश यादव, डॉ दुलीचंद यादव, रोहिताश मिश्रा, मनोज कुमार, महेंद्र सैनी, संजीव कुमार, सेवानिवृत सुबेदार हेमराज सराधना, पत्रकार संदीप गुप्ता, अमित यादव,सतीश जांगिड़, सुनील सैन सहित काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




# मैं स्टाम्प पर लिखकर देदूँ, कोटपूतली में ही डीजे कोर्ट खुलेगा : पटेल

### श्याम बाबा घर पर भी हैं और श्रद्धालुओं को कोई सामान ले जाने की जरुरत नहीं

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित जैम क्लासेज के होली मिलन समारोह में समलित हुए कोटपूतली विधायक हंसराज पटेल ने कहा कि कोटपूतली में ही खुलेगा डीजे कोर्ट मैं स्टाम्प पर लिखकर देदूँ। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत और उच्च न्यायालय पर मुझे पूर्ण भरोसा है। प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत में इसका फैसला हो चुका है।उन्होंने होली मिलन समारोह में कहा कि हमने जब श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगानी शुरू की तो हमें गाँव में भी नहीं रुकने दिया जाता था। जबकि बानसूर और कोटपूतली की रास्ते में बहुत सी रिश्तेदारियां पड़ती हैं। आज श्याम बाबा की कृपा से श्रद्धालुओं के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, आपको कुछ भी ले जाने की जरुरत नहीं है। श्याम बाबा हमारे घर में मौजूद हैं सिर्फ उनका ध्यान करने की जरुरत है। पटेल ने बानसूर के लोगों सहित कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बानसूर की जनता ने तो प्रचार किया लेकिन असली पैरवी तो कोटपूतली की जनता ने की है।

मैं अपने जीवन में दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को कभी भुला नहीं पाऊँगा।उन्होंने कहा कि बानसूर के विधायक देवीसिंह शेखावत प्रतिभा के धनी हैं वे बानसूर विधानसभा क्षेत्र की जनता की खुलकर पैरवी करते हैं। आपने जो अबकी बार फैसला किया है वह सराहनीय है उसके लिए भी आपको मैं धन्यवाद देता हूँ। शेखावत कोटपूतली में कोर्ट खुलवाने के लिए मेरे अन्य साथी विधायकों सहित बेमिसाल पैरवी कर रहे हैं। मैं कोटपूतली बहरोड़ जिले के सभी विधायकों सहित प्रदेश के सभी विधायकों और प्रदेश की भाजपा सरकार सहित केन्द्र की भाजपा सरकार की भी प्रशंसा करता हूँ कि उनका सहयोग जिले के आम नागरिकों के लिए बेहतर रहा।

इसी उम्मीद के साथ मैंने यह दावा किया है। मैं 15मार्च को कोटपूतली बहरोड़ जिले के सभी अधिवक्ताओं से भी मिलूंगा और उन्हें अच्छा समाचार दूंगा।इस मौके पर बानसूर विधानसभा क्षेत्र के भाजपाईयों सहित जैम क्लासेज के एडवोकेट पवन कुमार कौशिक के नेतृत्व में उनकी टीम व गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# सहकारी समिति ने दिया 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा क्लेम

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के ग्राम सेवा सहकारी समिति प्रागपुरा द्वारा क्षेत्रिय विधायक कुलदीप धनकड़ के मुख्य आतिथ्य एवं प्रागपुरा जीएसएस अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सहकारी समिति के ऋणी सदस्य महेन्द्र कुमार सैनी की दुर्घटना में मृत्यु होने पर सहकारिता विभाग की व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रूपये का चेक नॉमिनी को सौंपा। शेखावत ने बताया कि बीमा क्लेम मृतक के आश्रित दावेदार मृतक महेन्द्र कुमार सैनी की पत्नी विमला देवी को मंगल दास महाराज के सानिध्य व क्षेत्रिय विधायक कुलदीप धनकड़ के मुख्य आतिथ्य में सुपुर्द किया। पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र पारीक ने बताया कि ऋणी सदस्य महेन्द्र कुमार सैनी की हाल में विगत दिनों सड़क दुर्घटना से मृत्यु हो गई थी, मृतक का सहकारी समिति में सहकारिता विभाग की व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत बीमा प्रीमियम कटा हुआ था, जिससे उन्हें इस योजना के तहत 10 लाख रुपए का चेक दिया गया है। इस दौरान पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश गिठाला, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा उपाध्यक्ष अशोक सैनी, समाजसेवी अजय सैनी, डायरेक्टर घासीलाल मीणा, व्यवस्थापक कैलाश चंद स्वामी, वाईस चेयरमैन नरपत सिंह, मदन लाल सैनी, रोहिताश सैनी, गोकुल सैनी, सहायक आनन्द सिंह, पंकज यादव, नरेश सैनी, रामकरण सैनी, प्रेम प्रकाश सैनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ट्रांसफॉर्मेटिव वर्कशॉप : मास्टेरिंग द आर्ट ऑफ एक्सप्रेशन का सफल समापन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** ऐश्वर्या कॉलेज में ट्रांसफॉर्मेटिव वर्कशॉपः मास्टेरिंग द आर्ट ऑफ एक्सप्रेशन का आज सफल समापन हुआ। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देना और उन्हें व्यावहारिक कला तकनीकों से परिचित कराना था। डॉ. रितु पालीवाल, डॉ. राशि माथुर और श्री गजाराम सिरवी के मार्गदर्शन में इस कार्यशाला को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्यशाला के दौरान सोफिया जयपुरी ने छात्रों को मिट्टी और लकड़ी के आधार पर व्यक्तिगत फ्रिज मैग्नेट बनाने तथा कपड़े पर एक्रिलिक पेंट द्वारा विभिन्न टाई-डाई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया। इस व्यावहारिक सत्र ने छात्रों को अपनी कलात्मक सोच को साकार रूप देने का अवसर प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजित पुरस्कार समारोह में कुसुम लोहार और आंचल भावसार को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शीर्ष सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही, विज्ञान प्रदर्शनी के प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्रम की आकर्षक मेजबानी आंचल ने की, जिससे पूरे सत्र में ऊर्जा और उत्साह बना रहा। समापन अवसर पर प्रियल जोशी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ ऋतु पालीवाल ने छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के लिए हार्दिक बधाई दी।

# श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गीय शांत क्रांति जैन श्रावक संघ के तत्वाधान में आदर्श मुखिया - सफल परिवार की कहानी विषय पर वेबिनार सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** श्री अखिल भारतवर्षीय साधुमार्गीय शांत क्रांति जैन श्रावक संघ के तत्वाधान में आदर्श मुखिया - सफल परिवार की कहानी विषय पर एक विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया। यह वेबिनार शनिवार को रात 8-15 बजे लाइव प्रसारित हुआ, जिसमें जैन समाज के प्रसिद्ध विद्वान डॉ. दिलीप धींग ने अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ. धींग ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में बताया कि परिवार की व्यवस्था की शुरुआत प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ से हुई थी, और यह व्यवस्था समय के उतार-चढ़ाव के बावजूद आज भी जीवंत बनी हुई है। उन्होंने परिवार को एक प्रयोगशाला और साधना स्थल बताते हुए कहा कि परिवार की सफलता का केंद्र बिंदु मुखिया होता है।

### मुखिया का आदर्श स्वरूप

डॉ. धींग ने समझाया कि एक आदर्श मुखिया न केवल अपने परिवार का, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्हें व्यसन, फैशन, विलासिता, विवाद और विषाद से मुक्त रहना चाहिए। साथ ही, मुखिया को अपने परिवार के सदस्यों को शिक्षा, ज्ञान, धर्म, सदाचार, त्याग और पुरुषार्थ की दिशा में प्रेरित करना चाहिए।

# बांकेबिहारी मंदिर में रंगभरी एकादशी महोत्सव आज

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर के सूरजपोल गेट बाहर स्थित बांकेबिहारी मंदिर में सोमवार को आमलकी एकादशी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। हीरालाल जगन्नाथ डाणी ट्रस्ट द्वारा संचालित इस मंदिर में फाल्गुन शुक्ला एकादशी के अवसर पर भगवान विष्णु की आराधना कर श्रद्धालु अक्षय पुण्य का लाभ प्राप्त करेंगे। मंदिर अध्यक्ष माणक डाणी ने बताया कि उत्सव की शुरुआत प्रातः 7.15 बजे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुख्य शिखर पर ध्वजारोहण से होगी, जो केदारमल ऋषिराज गर्ग के सौजन्य से संपन्न होगा। इसके बाद दोपहर 3.30 बजे संगीता-हरीश मुंदड़ा के सौजन्य से रंगभरे फाग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

# निःशुल्क परामर्श एवं जाँच शिविर का आयोजन, 785 मरीज लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** बालाजी फांउडेशन एण्ड बालाजी क्योर एंड केयर हॉस्पिटल जयपुर के सयुक्त तत्वाधान में रविवार को प्रागपुरा कस्बे में दिल्ली जयपुर राजमार्ग स्थित प्रयाग रंगमंच में श्री श्री 108 मंगलदास महाराज द्वारा शिविर का शुभारंभ बालाजी महाराज के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्वलन एवं समारोह के अतिथि क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड़ द्वारा फीता काटकर किया गया। शिविर में यूरोलॉजिस्ट सर्जन डॉक्टर सुरेश यादव, एसएम बाज्या ईनटी, डॉ. वैभव सिंह ओर्थो एण्ड ज्वाईंट रिप्लेसमेंट, डॉ. सुरेश निठारवाल एमडी-जनरल मेडिसिन, डॉ. पायल आई सर्जन आदि ने 785 मरीजों को निःशुल्क परामर्श प्रदान कर जाँच की। शिविर में महाराज मंगलदास ने कहा कि जन सेवा हि नारायण सेवा हैं। डायरेक्टर कुनेड़ निवासी डॉ. सुरेश यादव ने बताया कि बालाजी फांउडेशन एण्ड बालाजी क्योर एंड केयर हॉस्पिटल पिछले कई वर्षों से ग्रामीण क्षेत्र में जगह जगह निःशुल्क शिविर का आयोजन कर मरीजों को फ्री ईलाज मुहैया करवा रहा है। उन्होंने ने बताया कि अस्पताल आयुर्वेदिक पद्धति से रीढ़ की हड्डी, जन्मजात विकलांगता, हाथ-पेरों में टेडापन, सभी जोड़ दर्द संबंधित उपचार, लकवा, बाय, हड्डी का दर्द, हाथ-पैरो में जलन, सुन्न पड़ना, नस ब्लॉकिंग आदि कई बीमारियों का उपचार बिना किसी इंजेक्शन, चीरफाड़ के कर रह रहा है। आयोजक जेपी यादव द्वारा आगंतुक अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं मंच संचालन कर रहे मदन लाल आरएसएस प्रागपुरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, वाईस चेयरमैन अशोक सैनी, सीए कृष्ण सैनी, पावटा उपखंड अधिकारी रीडर कैलाश सैनी, पूर्व थानेदार रामजीलाल सैनी, भाजपा नेता जीएल यादव आदि ने भी विचार व्यक्त किये। इस दौरान महिपाल चौधरी, मनोज यादव दातरता, मालाराम यादव, रोहिताश बावड़ी वाला, अजय सैनी, पप्पू स्वामी, रामकरण यादव, अशोक यादव आदि मौजूद रहे।

# मार्बल एसोसिएशन ने किया आम सभा एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर मार्बल एसोसिएशन वार्षिक आम सभा एवं भव्य होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज कुमार गंगावत ने बताया कि उदयपुर मार्बल एसोसिएशन कार्यालय पर मार्बल व्यापारियों ने मिलकर होली मिलन समारोह मनाया गया जिसमे फूलों के साथ होली खेली गई। साथ ही सभी मार्बल व्यापारियों ने पारम्परिक चंग के संग नाच गान करते हुए एवं फागोत्सव के गीत गाकर होली खेलने का आनंद लिया। नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष गजपाल सिंह राठौड़ एवं सुखेर थाने के थानाधिकारी रविन्द्र व अन्य अतिथियों के आतिथ्य में मनाया गया। समारोह में उपस्थित अतिथियों का पगड़ी व उपरना पहनाकर स्वागत किया गया साथ ही सभी ने पारम्परिक फूलों के साथ होली खेलते हुए चंग की थाप पर थिरकें। साथ ही उदयपुर मार्बल एसोसिएशन की दोपहर 3 बजे आम सभा भी रखी गई। आम सभा की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज कुमार गंगावत ने की। एसोसिएशन के काफी सदस्य आम सभा में उपस्थित हुए। इस आम सभा में मार्बल उद्योग के विस्तार एवं औद्योगिक समस्याओं पर विचार विमर्श करते हुए मार्बल मंडी के विकास पर चर्चा कि। एसोसिएशन सचिव नीरज शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में एसोसिएशन संरक्षक, सलाहकार सदस्य के साथ ही पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राव, उपाध्यक्ष राजेंद्र मौर, सह सचिव नरेन्द्र सिंह राठौड़, कोषाध्यक्ष कुलदीप जैन, कार्यकारिणी सदस्य एवं मार्बल व्यापारी उपस्थित थे।

# पल्लीवाल जैन समाज के होली मिलन समारोह में समाजसेवी दंपति का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** रविवार को पल्लीवाल भवन हसन खा मेवात नगर में पल्लीवाल जैन समाज द्वारा होली मिलन समारोह मनाया गया। जिसमें विशेष तौर पर समाज के कर्णधार व समर्पित दंपति मधु जैन व पवन जैन चौधरी की 36 वी विवाह वर्षगाँठ उत्सव के रूप में मनाई गई। समाज के लोगों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# ब्यावर की प्रख्यात कांग्रेस नेत्री श्रीमती चंद्रकांता मिश्रा के निधन से समूचे राजनीतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर की प्रख्यात कांग्रेस नेत्री चंद्रकांता मिश्रा के निधन से समूचे राजनीतिक और सामाजिक जगत में शोक की लहर है। सौम्य, मिलनसार और मृदुभाषी व्यक्तित्व की धनी श्रीमती मिश्रा का देहांत 65 वर्ष की आयु में हो गया। वे लंबे समय से मधुमेह से ग्रसित थीं। उनके निधन की सूचना से राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में शोक व्याप्त है।

**राजनीतिक सफर और समाजसेवा में योगदान :** श्रीमती चंद्रकांता मिश्रा का जन्म 1 जनवरी 1960 को अजमेर जिले के सरवाड़ में हुआ था। विवाह के बाद वे ब्यावर के जवाजा में आकर बस गईं। उन्होंने वर्ष 2000 में राजनीति में प्रवेश किया और पंचायत समिति चुनाव जीतकर अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत की। 2005 में प्रधान पद का चुनाव लडने के बाद उन्होंने कांग्रेस पार्टी में अपनी अलग पहचान बनाई। राजनीति में उनकी सक्रियता और समर्पण के कारण उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सदस्य मनोनीत किया गया। 2003 में उन्हें राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में भी उतारा गया था, जहां उन्होंने उल्लेखनीय मत प्राप्त किए। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और महिला सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए।



**अंतिम संस्कार :** श्रीमती चंद्रकांता मिश्रा की अंतिम यात्रा 10 मार्च 2025 को प्रातः 9 बजे उनके निवास स्थान, सांखला कॉलोनी, कॉलेज रोड, ब्यावर से आरंभ होगी। अंतिम संस्कार सूरजपोल गेट बाहर, विजयनगर रोड स्थित मुक्तिधाम में संपन्न होगा। उनके असमयिक निधन से कांग्रेस पार्टी और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। उनकी सेवाओं और योगदान को सदैव याद किया जाएगा।

# प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी का हाईवे प्रिंस के सामने अभिन्दन



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा स्थित होटल हाईवे प्रिंस के सामने ग्राम पंचायत भूरीभड़ाज सरपंच कैलाश चंद स्वामी के तत्वावधान में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बागड़ी का माला व साफा पहनाकर अभिन्दन किया गया। इस दौरान पेंशनर संघ अध्यक्ष कैलाश यादव, मंडल अध्यक्ष सीताराम शर्मा, एडवोकेट उदय सिंह, बनवारी लाल स्वामी, महेंद्र फौजी, ओमप्रकाश सिंह, धर्मसिंह, नितिन सिंह पंडितपुरा, डेलिगेट नरेंद्र, विनोद सिंह खाड़ा, हीरालाल रावत, राजवीर यादव, राजेंद्र सिंह भौनावास समेत अन्य मौजूद रहे।

# 315 बोर अवैध देशी कट्टा एवं कारतूस सहित एक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** सामाजिक तत्वों एवं अवैध कारोबार में लिप्त अपराधियों के साथ अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भुसावर थाना अधिकारी नरेश चंद शर्मा के मार्गदर्शन में सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार ने मुखबिर की सूचना पर रविवार 9 मार्च 2025 को मुखबिर की सूचना पर कस्बे के सैरकी रोड से कस्बा निवासी मोहित उर्फ मौना पुत्र टेरपाल को 315 बोर अवैध देशी कट्टा मय जिन्दा कारतूस के गिरफ्तार किया है। आरोपी से अवैध हथियार की प्राप्ति के स्रोतों के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी हत्या के प्रयास के मामले में लगभग 6 माह से फरार चल रहा था पुलिस के अनुसार आरोपी जिला स्तरीय टॉप 10 अपराधी है जो अवैध हथियार रखने का आदि है।

# भारतीय संस्कृति को समर्पित दो दिवसीय अनन्य सुंदरी कार्यक्रम 22 से बॉलीवुड स्टार अमृता राव होगी चीफ ज्युरी,पंजीकरण का आज अंतिम दिन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** भारतीय संस्कृति के उत्थान को समर्पित मिताली इवेंट्स उदयपुर के बैनर तले भारतीय नारी सशक्तिकरण व भारतीय परिधानो के प्रोत्साहन का उद्देश्य लिए प्रतिक्षित दो दिवसीय अनन्य सुंदरी इंडियन ट्रेडिशन वियर एंड ब्यूटी कांटेस्ट 22 व 23 मार्च को आयोजित किया जायेगा।

सेमिफाइनल 22 मार्च को दोपहर 1 बजे मेवाड़ पैलेस में आयोजित होगा। वही 23 मार्च को शाम 5.30 बजे चयनित टॉप 10 के बीच गीतांजली मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में इसका ग्रैंड फिनाले आयोजित होगा। विजेता को अनन्य सुंदरी क्राउन व 51,000 सेलिब्रेटी जज द्वारा प्रदान किया जाएगा। वही प्रथम रनर अप को 21000 व अनन्य सुंदरी सैश, द्वितिय रनर अप, को 11,000 व अनन्य सुंदरी अवार्ड दिया जायेगा।

आयोजन प्रमुख श्रीमती मिताली जैन ने बताया कि ग्रैंड फिनाले की चीफ ज्युरी 'बॉलीवुड स्टार अमृता राव' होगी, वही सेलिब्रेटी स्कीन कोच भुवनेश्वरी जड़ेजा, सैलिब्रेटी फेशन डिजाइनर आयुषी चपलोत, व प्रसिद्ध समाज सेवी दीपा सिसोदिया बतौर जूरी शिरकत करेगी। सेमिफाइनल्स में ऑनलाइन ऑडिशन्स से चयनित टॉप-20 का जजमेंट मिस इंडिया विजेता उशा जैन, अनेको ब्युटी कोन्टेस्ट विजेता कृति सरुपरिया, राजीव सुरती डाँस क्लासेज निदेशक लीना शर्मा करेगी।



मिताली जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में 20 से 40 वर्षीय युवतीया भाग लेगी , प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन दिनांक 10 मार्च को रात्री दस बजे तक होगा।

'आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान' द्वारा नेत्रदानी परिवार सम्मेलन समारोह' आयोजित

# नेत्रदान महादान, इसके लिए अधिकाधिक लोगों को प्रेरित किया जाए : राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर, (का.स.)।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि नेत्रदान महादान है। इसके लिए अधिकाधिक लोगों को प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 1.25 करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं। अंधता निवारण में नेत्रदान की संस्कृति विकसित करने में सभी सहयोग करें। राज्यपाल श्री बागडे रविवार को आई बैंक सोसायटी आफ राजस्थान द्वारा आयोजित नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नेत्रदान करने वाले परिवारों का अभिनंदन और स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि मृत्यु से पूर्व नेत्रदान का संकल्प कर यदि व्यक्ति अपनी आँखें दान कर जाएँ तो देश के सभी नेत्रहीन लोगों को एक ही साल में आँखें मिल जाएंगी। उन्होंने कहा कि जो नेत्रदान करता है, वह साधु होता है। मनुष्य वही है जो मनुष्य के काम आए। राज्यपाल श्री बागडे ने इससे पहले आई बैंक सोसायटी के वार्षिक प्रतिवेदन का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक श्री गोपाल शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए नेत्रदान को हर परिवार की परंपरा बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए नेत्रदान के साथ देह दान एवं अंगदान करने की अपील की । उन्होने समारोह में आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष श्री बी.एल. शर्मा ने नेत्रदान करने के लिए समाज मे जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयासों और सोसायटी की पहल से नेत्रदान क्षेत्र में की गई विशिष्ट उपलब्धियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया। उन्होने स्वैच्छिक नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढाने के अभियान का नेतृत्व करने महिलाओं को आगे आना चाहिए। एसएमएस के प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. दीपक माहेश्वरी ने नेत्रदान से जुड़ी चिकित्सकीय भ्रांतियों के बारे में जानकारी देते हुए निराकरण केलिए आगे आकर पहल करने पर जोर दिया। सोसायटी के सचिव ललित कोठारी और उपाध्यक्ष विनय संचेती ने भी अपने विचार रखे।



# जिले के मदरसों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (बाबू अंसारी)।** शनिवार को जयपुर के पंजीकृत मदरसों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध के निर्देशानुसार जयपुर जिले के पंजीकृत मदरसों में यह आयोजन किया गया। इसी कड़ी में एक कार्यक्रम मदरसा जामिया तय्यबा मेमोरियल स्कूल, नाहरी का नाका में आयोजित हुआ, जहाँ छात्राओं ने शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत निबंध प्रतियोगिता से हुई, जिसमें छात्राओं ने महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और समाज में उनकी भूमिका पर अपने विचार रखे। छात्रा हनी बानो ने महिलाओं के अधिकार और समाज की जिम्मेदारी विषय पर एक प्रभावी भाषण दिया, जिसमें उन्होंने लैंगिक समानता और शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके बाद चित्रकला प्रतियोगिता में छात्राओं ने रंगों के माध्यम से महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक भूमिकाओं को उकेरा।

मदरसे के निदेशक कारी मोहम्मद इसहाक ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, शिक्षा और आत्मनिर्भरता हर लड़की का अधिकार है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बच्चियाँ अपने सपनों को पूरा करने के लिए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध के अनुसार, मदरसों में ऐसे आयोजनों का उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समानता का संदेश देना है। हमारी कोशिश है कि शिक्षा के साथ-साथ यहाँ सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा हो।

# गुरु गिरवरनाथ की छटी पदयात्रा पवाना अहीर से गुरू गौरखनाथ योगाश्रम नांगल नटाटा आमेर के लिए रवाना

## बाबा दामोदर दास स्थल से श्रद्धालुओं की विशाल रैली में सैकड़ों लोग शामिल

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** निकटवर्ती ग्राम पवाना अहीर में बाबा दामोदर दास स्थल से संत गिरवरनाथ की छटी पदयात्रा गुरु गौरखनाथ योगाश्रम नांगल नटाटा (आमेर कुंड) के लिए रवाना हुई। सेवक रामस्नेही दास ने झंडा उठाकर पदयात्रा को रवाना किया जिसमें दस ट्रेक्टर सामान के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओ ने गाजे-बाजे के साथ पदयात्रा शुरू की। 11 मार्च को पंहुचने के बाद फाल्गुन उत्सव, भंडारा एवं सत्संग का आयोजन होगा। पवाना अहीर की पावन भूमि में जोगी परिवार में जन्मे गिरवरनाथ तपस्वी, शिक्षित तथा भजनानंदी संत हैं।बाबा गिरवरनाथ के सहपाठी प्रवक्ता रामकरण यादव ने बताया कि बाबा धौंकलनाथ, बाबा छोटूनाथ ,बाबा खेतानाथ और बाबा भगवान नाथ का सानिध्य प्राप्त बाबा जयरामनाथ संत गिरवरनाथ के गुरु थे। सन् 1984 में मनोहरपुर में कक्षा ग्यारहवीं में संस्कृत शिक्षा प्राप्त करते हुए वहीं पर नदी किनारे तपस्या में लीन हो गए। उसके बाद छापुर आश्रम में रहे, इसके बाद देशाटन कर कुछ वर्ष तक आगर (थानागाजी) खोले में रहते हुए अनुष्ठान कर स्थान बनाया। इसके बाद टोडा में भी तपे। बाद में नांगल नटाटा आमेर नदी में तपस्यारत रहे। वहां एक स्थान श्री गौरखनाथ के नाम से बनाया। सोता नदी के किनारे स्थित पवाना अहीर की पावन भूमि से जन्म लेने और विभिन्न क्षेत्रों में अपने सुविचारों से जनता का कल्याण कर लाभ पहुंचाने वाले संत गिरवरनाथ के दर्शनार्थ काफी दूर दूर से शिष्य आकर दर्शन करने आते हैं।

# मंदिर ठिकाना गलताजी में बिखरेंगे ब्रज अवध फागोत्सव के रंग

- सोमवार को दोपहर 12 बजे होगा फागोत्सव का आयोजन
- जिला प्रशासन ने फागोत्सव की तैयारियों को दिया अंतिम रूप

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मंदिर ठिकाना गलताजी में श्रद्धालु सोमवार को फाग के रंग से सराबोर होंगे। जिला प्रशासन एवं देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दोपहर 12 बजे से ब्रज अवध फागोत्सव का दिव्य एवं भव्य आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय आशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में ब्रज अवध फागोत्सव के रंगारंग आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। गोपूजन, तिलक आशीर्वाद एवं हरि कीर्तन मानस पाठ के साथ फागोत्सव का आगाज होगा। इसके पश्चात रंगोली प्रतियोगिता, बाल राम—कृष्ण छवि प्रतियोगिता एवं जन-जन भगवान झांकी प्रतियोगिता के आयोजन के बाद ब्रज अवध फागोत्सव में कलाकार भक्तिमय रंगारंग प्रस्तुतियां देंगे। तो वहीं, महा आरती एवं महाभोग का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गलता तीर्थ मन्दिर के इतिहास में पहली बार आयोजित हो रहे इस फागोत्सव में विभिन्न समाजों, धार्मिक संगठनों व आमजन के लिए फूलों की होली के साथ ब्रज की सुप्रसिद्ध फूल होली एवं शेखावाटी के चंग-धमाल के कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केन्द्र होंगी। गौरतलब है कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने मंदिर ठिकाना गलता जी में ब्रज अवध फागोत्सव के दिव्य, भव्य एवं सफल आयोजन के लिए नगर निगम, पुलिस विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सार्वजनिक निमार्ण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

वहीं, उपखंड अधिकारी जयपुर प्रथम श्री राजेश जाखड़ को ब्रज अवध फागोत्सव के आयोजन हेतु समस्त आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए समग्र प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के 07 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन जारी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में प्राचार्य डॉ. आर.के. सिंह के मार्गदर्शन में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के 07 दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस का शुभारम्भ रविवार को मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा द्वीप प्रज्जवलन कर किया गया। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. महेन्द्र कुमार चावला ने स्वयंसेवको के साथ चर्चा की तथा उनके विभिन्न सवालों के जवाब दिये। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाईल से कम से कम 5 घंटे उपवास रखने की सलाह दी, ताकि उनका ध्यान पढ़ाई पर केन्द्रित हो सके। अध्यक्षता करते हुये वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. मधु नागर ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच के साथ व्यक्तित्व विकास के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संदीप कुमार आर्य ने शिविर के गत 03 दिवसों की गतिविधियों की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। बौद्धिक सत्र के पश्चात स्वयंसेवकों ने हरित उधान और एन.एस.एस. कक्ष के बाहर पेड़ पौधों में पानी दिया तथा कूड़े करकट को उठाकर उसका निस्तारण किया। सांस्कृतिक सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने आशु भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। संचालन स्वयंसेविका भारती यादव और साक्षी जांगिड़ ने किया। छात्रा खुशी भारती ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रो. सज्जन सिंह यादव, प्रो. जितेन्द्र यादव, सुनील कुमार वर्मा, सुरेश स्वामी सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।


## लीड फार्मर ट्रेनिंग का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली-बहरोड जिले के पावटा कस्बे मे एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज के तत्वाधान में पावटा ब्लॉक मे फार्मर,विग,लीड फार्मर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया इसमे ब्लोक अधिकारी लोकेंद्र सिंह ट्ठजल मित्र सूरज ,जल सखी रेखा बाई यादव,कृपा,अंकिता ने जमीन का संरक्षण एवं पुनरुद्धार परियोजना के बारे में बताया इसमें आने बाले खरीफ सीजन जल संरक्षण,सिंचाई विधियाँ जैसे ड्रिप सिंचाई,स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर,पलवार के बारे में बताया।फसलों की महत्वपूर्ण सिंचाई अवस्थाओं के बारे में किसानों को मार्गदर्शन दीया ! किसानों को जैविक खेती, वर्मीकम्पोस्ट, वेस्ट डीकंपोजर, हरी खाद आदि के बारे में बताया गया! जल के महत्व के बारे में गांव में जल संकट की स्थिति के बारे में बताया। फसल में जल का कुशल अनुप्रयोग कैसे करें इसके बारे में बताया गया। किसानों को वर्षा जल के बारे में वर्षा जल के कारगर उपाय, खेत तालाब आदि के बारे में बताया। इस लीड फार्मर ट्रेनिंग में 64 से अधिक आदि किसान ने भाग लिया।

# ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर गृह राज्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** शनिवार को प्रदेश के गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के कोटपूतली आगमन पर कस्बे के डाबला रोड़ पर राजकीय कन्या महाविद्यालय के सामने जोधपुरा संघर्ष समिति धरनार्थियों ने झण्डा बैनर लेकर करीब दो घण्टे तक धरना प्रदर्शन किया। जिसके बाद गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म को सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत करवाया।

जिस पर गृह राज्यमंत्री ने समाधान का आश्वासन दिया। धरनार्थियों ने प्लांट से उडने वाली सीमेंट धूल से होने वाली परेशानियों और पुनर्वास की मांग रखी। महिलाओं ने बताया कि घर की छतों तक सीमेंट जम रही है और बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी कि अगर समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन आंदोलन जारी रहेगा।

**खनन माफियाओं को बेदखल करने की मांग :** सामाजिक कार्यकर्ता राधेश्याम शुक्लावास की अगुवाई में खड़ब गांव की मंदिर भूमि से अवैध खनन हटवाने को लेकर भी ज्ञापन सौंपा गया। समिति ने आरोप लगाया कि खनन माफिया ने जबरन अतिक्रमण कर रखा है और प्रशासन कार्यवाही के बजाय बहानेबाजी कर रहा है। जिला कलक्टर, एसडीएम व तहसीलदार को अनेक ज्ञापन देने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म व विधायक हंसराज पटेल ने आश्वासन दिया कि मंदिर भूमि को माफियाओं से मुक्त कराया जायेगा। लोगों ने मांग रखी कि मंदिर भूमि को गौशाला के लिये सुपुर्द किया जायें। ताकि गौमाता के संरक्षण में इसका उपयोग हो सके। इस मौके पर संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव कैलाश यादव, लीलाराम यादव, भूपसिंह धानका, हजारीलाल सोरल, सुबेसिंह मीणा, रामस्वरूप मीणा, हरिराम यादव, अजय योगी, रामनिवास अध्यापक, रामनिवास योगी, दिनेश यादव समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। वहीं अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट मोहनपुरा के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को लगातार 821 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा।

# महिलाओं बालिकाओं ने समझा महिला दिवस का महत्व

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू (गिरिराज प्रसाद शर्मा)।** भावी निर्माण सोसायटी चाकसू जयपुर द्वारा 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में सभी निखार केंद्रों पर किशोरी बालिकाओं महिलाओं एवं संस्था के स्वयं सहायता समूह की स्वरोजगारी महिलाओं ने बड़ी खुशी और हर्ष से कई गतिविधियों को करते हुए महिला दिवस मनाया। संस्था से रमा शर्मा ने महिला दिवस की महत्वता के बारे में विस्तार से बताया तथा स्वयं को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बने यह संदेश दिया। इसी के साथ गिरिराज शर्मा द्वारा ऑनलाइन मार्केटिंग के बारे में भी बताया कि कैसे आप अपना रोजगार डिजिटल कर सकती हैं सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए भी ऑनलाइन मार्केटिंग को बढ़ा सकती है परंतु इसके लिए हमें जागरुक होकर हर प्रकार की जानकारी वह ज्ञान रखना आवश्यक है अतः सक्रिय और नवाचारिक बने। यह रमा शर्मा ने महिलाओं को कहा महिलाओं व बालिकाओं ने बहुत ही रुचिकर व ज्ञानवर्धक गतिविधियां प्रतियोगिता के रूप में की जैसे गुब्बारा फोड़,कप उठाओ आगे बढ़ाओ, पोस्टर व पेंटिंग गतिविधि की गई।तथा महिला दिवस पर अपने-अपने विचार महिलाओं व बालिकाओं ने प्रस्तुत किए। निखार शाला केंद्र पर शिक्षिका पद्मा चौपदार ने भी समुदाय में रैली निकलवा कर तथा किशोरी बैठक में गतिविधियां करके घुमंतु समुदाय में महिला जागरूकता लाने का प्रयास किया।

# युवक की हत्या का पर्दाफाश, एक अभियुक्त गिरफ्तार

## अभियुक्त ने युवक पर चाकू से किया था वार

# घायल युवक की ईलाज के दौरान हुई मृत्यु

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** स्थानीय थाना पुलिस ने युवक की हत्या के मामले का पर्दाफाश करते हुये एक अभियुक्त को बापर्दा गिरफ्तार किया है। एसपी राजन दुष्यन्त ने विगत 19 फरवरी को कस्बे में राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिन दहाड़े एक युवक पर चाकू से हमला करने के मामले को गंभीरता से लेते हुये अज्ञात आरोपी की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिये थे। जिस पर एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक व थानाधिकारी राजेश शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने कड़ी मेहनत व लग्न से कार्य करते हुये तकनीकी सहायता एवं गुप्त रुप से आसूचना संकलन कर सीसीटीवी फुटेजों का गहनता से अवलोकन कर अज्ञात आरोपी की पहचान कर त्वरित कार्यवाही करते हुये उक्त वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्त को बापर्दा गिरफ्तार किया। उक्त वारदात में घायल हुये युवक गोपीराम की ईलाज के दौरान एसएसमएस अस्पताल जयपुर में मृत्यू हो गई। विगत 24 फरवरी को परिवादी दयाराम (35) पुत्र लीलाराम गुर्जर निवासी पनियाला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 फरवरी को करीब 02 बजे पनियाला से कोटपूतली अपनी निजी गाड़ी से आ रहे थे। जैसे ही राजमार्ग पर खटाणा मार्केट पहुंचा तो वहां पर ट्रेलर व स्कार्पियो के बीचे में झगड़ा हो रहा था। प्रार्थी व प्रार्थी का भाई गोपीराम पुत्र लीलाराम अपनी निजी गाड़ी से उतरकर दोनों चालकों का बीच बचाव करने लग गये। इतने में स्कार्पियो में सवार व्यक्ति ने गोपीराम को जान से मारने की नियत से चाकू से वार कर घायल कर दिया। प्रार्थी गोपीराम को बी.डी.एम. हॉस्पिटल ले गया। जहाँ उसकी हालत ज्यादा खराब होने के कारण चिकित्सकों ने जयपुर रैफर कर दिया। इस पर बीएनएस में दर्ज कर अनुसंधान शरु किया गया। घायल हुये युवक गोपीराम की ईलाज के दौरान एसएमएस अस्पताल जयपुर में मृत्यू हो गई। जिस पर अभियुक्त को बापर्दा गिरफ्तार किया गया।


## बेदखली सूचना

सर्वधारण व हर-खास व आम को सूचित किया जाता है, कि मेरे अभिभाष्य श्री त्रिलोकीनाथ पुत्र श्री हीरालाल, जाति जाटव, निवासी दादू नगर कॉलोनी, फुलेरा, तहसील फुलेरा, जिला जयपुर (राज.) के है, जिन्होने अपने पुत्र श्री जितेन्द्र कुमार के पूरे परिवार सहित संबंध खत्म करते हुये उन्हे अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। अगर भविष्य में उनके साथ कोई लेन-देन करता है या करेगा तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरे अभिभाष्य उनके कार्य का जिम्मेदार नही होगा और ना ही जितेन्द्र कुमार का कोई लेना-देना मेरे अभिभाष्य के साथ रहा ओर ना ही भविष्य में होगा। सूचित रहे।

**जरिये एडवोकेट विनय कुमावत सियाराम**
**विनय कन्सलटेंसी एण्ड सर्विसेज**
**ICICI बैंक के पास, न्यू कॉलोनी फुलेरा**
**जिला जयपुर मो. न. 8239999209**

## सम्पादकीय

# बिहार में हिंदुत्व की समां बंधने से सियासी दलों की बेचैनी बढ़ी

बिहार में विधानसभा चुनाव इसी वर्ष अक्टूबर-नवम्बर महीने में होंगे। हालांकि, उससे महीनों पहले राज्य में धार्मिक और राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो चुकी हैं। कहीं एनडीए और यूपीए एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोकते प्रतीत हो रहे हैं तो कहीं उनके गठबंधन के अपने ही साथी एक-दूसरे को रणनीतिक मात देते हुए अपनी सीटें बढ़ाने को लेकर बेताब नजर आ रहे हैं। इस नजरिए से भाजपा-जदयू की धींगामुश्ती और राजद-कांग्रेस की अंदरूनी कुश्ती के बीच चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी सबके बने बनाए खेल बिगाड़ रही है।

एक तरफ जहां धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय के वोटों का बिखराव तय माना जा रहा है, वहीं हिंदुत्व का नया जनज्वार यहां भी पैदा होती दिखाई दे रही है। इससे जदयू के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कम, लेकिन पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और उनके समर्थक ज्यादा परेशान हैं। इस बीच बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री जब अपने हिंदू राष्ट्र के एजेंडे के साथ बिहार पहुंचे, तो रही सही कसर पूरी हो गई। क्योंकि उनका हुर्मुठ धार्मिक अंदाज बिहारियों पर भी अपना छाप छोड़ेगा ही। उधर, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत सुपौल में और आर्ट ऑफ लिविंग के श्रीश्री रविशंकर भी पटना में यानी राज्य में मौजूद हैं। इससे धीरेंद्र शास्त्री के गोपालगंज में पांच दिवसीय हनुमंत कथा की समां बंध चुकी है। वहीं, बिहार में हिंदुत्व की समां बंधने से सियासी दलों की बेचैनी भी बढ़ चुकी है। दरअसल, अपने हिंदुत्व का बिगुल फूंकते हुए बागेश्वरधाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि वह किसी राजनीतिक दल के प्रचारक नहीं बल्कि हिन्दू धर्म के विचारक हैं। पंडित शास्त्री का यह कहना कि वह अब सनातनियों को झुकने नहीं देंगे, हिंदुओं की आबादी घटने नहीं देंगे, और भारत के पहले ही बहुत टुकड़े हो चुके हैं, इसलिए अब भारत के और टुकड़े होने नहीं देंगे, को सुनकर हिन्दू गदगद हैं। वहीं, पंडित शास्त्री ने सवालिया लहजे में यह पूछकर अपना धार्मिक एजेंडा स्पष्ट कर दिया है कि ईसाइयों के हितचिंतक 95 देश हैं, इस्लामी मतावलंबियों यानी मुसलमानों के हितचिंतक 65 देश हैं, लेकिन हिंदुओं का हितचिंतक कौन देश है? उन्होंने अपनी चिंता प्रकट करते हुए आगे कहा कि भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल, भूटान, फिजी, मॉरीशस, सूरीनाम आदि देशों में जो 150 करोड़ हिन्दू हैं, जो दुनिया की तीसरी बड़ी धार्मिक आबादी है, उनका हितचिंतक तो अखंड भारत के ही देशों को होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो पा रहा है। यदि ये ऐसा नहीं करेंगे तो हम डंके की चोट पर उनसे हिंदुत्व से जुड़े ये कार्य करवाएंगे, लेकिन हिंदुओं का अहित नहीं होने देंगे। उन्होंने दो टूक लहजे में कहा कि हम हिंदुओं के लिए ही जीयेंगे और हिंदुओं के लिए ही मरेंगे। इसलिए हम पूरे भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में घूम-घूम कर हिंदुत्व का अलख जगा रहे हैं।मुझे बिहार के लोगों से ज्यादा उम्मीद है। हिन्दू राष्ट्र की मजबूत हुंकार इसी क्रांतिकारी भूमि से भरी जाएगी। स्वाभाविक है कि बिहार में बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री का एक धार्मिक नेता वाला अवतार दिखा। इससे पहले वह उड़ीसा, झारखंड, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान आदि राज्यों को भी हिंदुत्व और भारतीयता के लिहाज से जगाते चले आ रहे हैं। पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने आगे कहा कि जिंदगी कितनी भी अच्छी हो, यदि इसमें भक्ति ना हो तो वह किसी काम की नहीं। जीवन में भक्त और भक्ति एक दूसरे के बिना सफलता की कामना संभव नहीं है। इसलिए पुरुषार्थ करते रहिए, जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा, जीवन में सबका सम्मान करें। छोटे से छोटे व्यक्ति भी सम्मान के पात्र होते हैं। जीवन के कर्तव्यों के साथ-साथ भक्ति भी जरूरी है। भक्ति के बिना सफल जीवन की कामना बेकार है। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर ने कहा, भारत को बंटने नहीं देंगे, हिंदुओं को घटने नहीं देंगे, हम हिंदू राष्ट्र बनाने आए हैं। उन्होंने कथा के दौरान ही कहा, हम किसी पार्टी के प्रचारक नहीं, बल्कि हिंदुत्व के विचारक हैं। यह देश हमारा है, यह बिहार हमारा है। हम हिंदुत्व जगाने आए हैं। हिंदू राष्ट्र बनाने आए हैं।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 10 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इंग्लैंड ने 1624 में स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- ग्रेट ब्रिटेन में 1801 में पहली बार जनगणना की गई।
- हवाई में 1847 में पहले सिक्के की ढलाई की गई।
- ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने 1862 में जांजीबार की आजादी को मान्यता दी।
- अमरीकी आविष्कारक एलेग्ज़ेन्डर ग्राहम बेल ने 1876 में टेलीफ़ोन का आविष्कार किया और आज ही के दिन ग्राहम बेल और उनके सहयोगी वाटसन के बीच पहली सफल टेलीफ़ोन वार्ता हुई।
- आइवरी कोस्ट 1893 में फ्रेंच सम्राज्य का हिस्सा बना।
- महात्मा गांधी 1922 में राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किए गए।
- चीन द्वारा परमाणु अप्रसार संधि पर 1922 में हस्ताक्षर।
- जापान ने 1945 में वियतनाम को स्वतंत्र देश घोषित किया।
- अमेरिकी सेना ने 1945 में जापान में बमबारी की, जिससे लाखों लोग घायल हुए।
- मार्टिन लूथर किंग के हत्यारे जेम्स अर्ल रे को 1969 में 99 साल की कैद की सजा सुनाई थी।
- एटलांटिक महासागर के इलाके में स्थित बरमूदा में 1973 में आज के दिन ही ब्रितानी गवर्नर और उनके सहयोगी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।
- भारत ने 1985 में बेंशन एंड हेजेज क्रिकेट विश्वकप जीता।
- उत्तर कोरिया ने 2003 में क्रूज मिसाइल का परीक्षण किया।
- सन 2006 में पाकिस्तान के क्वेटा शहर में बारूदी सुरंग विस्फोट में 26 लोग मारे गये।
- यूक्रेन के वैसिलीइवानचुक को हराकर विश्वनाथन आनन्द 2007 में शतरंज में प्रथम स्थान पर पहुँचे।
- भारतीय संसद की ऊपरी सदन राज्यसभा में 2010 में महिला आरक्षण विधेयक पारित हो गया।

### 10 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1932 में अंतरिक्ष वैज्ञानिक और 'इसरो' (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के भूतपूर्व अध्यक्ष उडुपी रामचन्द्र राव का जन्म।
- सन 1934 में आज ही के दिन भारत के जाने-माने समाज सुधारक लल्लन प्रसाद व्यास का जन्म।
- प्रसिद्ध कांग्रेसी नेता माधवराव सिंधिया का जन्म 1945 में आज ही के दिन हुआ।

### 10 मार्च को हुए निधन

- नारी शिक्षा की प्रणेता सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रसिद्ध कवयित्री सावित्री बाई फुले का 1897 में निधन हुआ।

# डिजिटल होली में रमती-बसती हमारी युवा पीढ़ी



सुनील कुमार महला

**समय बदला तो होली त्योहार मनाने का ढंग व स्वरूप भी बदल गया। पहले फाल्गुन के महीना शुरू होते ही चंग, बांसुरी,डफ, ढ़ोल , नगाड़ा, स्वांग निकालना, होली पर धमाल गीत, हुड़दंग बाजी, हंसी-ठिठोली होती थी, आज भी होती है लेकिन पहले की तुलना में काफी कम है। आज का युग सोशल नेटवर्किंग साइट्स का युग है, इंटरनेट, मल्टीप्लेक्स, एंड्रॉयड मोबाइल फोन, लैपटॉप-कंप्यूटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) या यूं कहें कि सूचना क्रांति, तकनीक और नवाचारों को अपनाने का युग है। ऐसे युग में वर्तमान में हमारी युवा पीढ़ी होली के दिन नशा करने, देर रात्रि तक डीजे पर डांस करने, और फूहड़ तथा पाश्चात्य संस्कृति के गीतों पर एंजॉय करने में ही अपनी वाहवाही समझते है। आज के समय में हमारा देश तेजी से डिजीटलीकरण की ओर अग्रसर हो रहा है।**

होली रंगों का त्योहार है। इस बार शुक्रवार 14 मार्च को होली है। हर साल होली का त्योहार चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को मनाया जाता है। होलिका दहन के दिन को छोटी होली के नाम से भी जाना जाता है। हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में होलिका दहन किया जाता है।पाठक जानते होंगे कि हिरण्यकश्यपु के कहने पर होलिका भक्त प्रह्लाद को मारने के लिए अपनी गोद में बैठाकर अग्नि में प्रवेश कर गई, लेकिन भगवान विष्णु की कृपा से भक्त प्रह्लाद तो बच गया और होलिका जल गई। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि होली प्राकृतिक व कृत्रिम रंगों से खेली जाती है, समय के साथ होली खेलने के स्वरूप में भी बदलाव आए हैं। अब होली के दूसरे दिन यानी कि धुलंडी के दिन (रंग खेलने का दिन) भी अपने घरों से बाहर नहीं निकलते हैं। न पहले जैसी हुड़दंग बाजी रही है,न हंसी-ठिठोली और न ही रंग डालने, स्वांग रचने, धमाल गीत गाने जैसी परंपराएं ही अब रहीं हैं। डिजिटल प्रगति के साथ इन सबमें अभूतपूर्व कमी आई है और हमारे तीज-त्योहार भी अब कहीं न कहीं इस अंधी डिजीटलीकरण व्यवस्था में रच-बस से गये हैं। आज सोशल मीडिया जैसे वाटसअप, फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम पर ही अपने यार- दोस्?तों, रिश्तेदारों और परिजनों को गुलाल-अबीर (रंग) और रंग-बिरंगी पिचकारी भेज कर होली का डिजिटल आनंद लेते हैं। और तो और किसी मैसेज की भांति ही अब तो तीज-त्योहारों के अवसरों पर मिठाई तक भी सोशल नेटवर्किंग साइट्स के ज़रिए ही भेज दी जाती है। होली पर भी ऐसा ही कुछ हो रहा है, किया जा रहा है। पाठकों को यह जानकर कोई आश्चर्य नहीं होगा कि अब तो धुलंडी का दिन (रंग खेलने का दिन) बीतने के बाद नहाने तक के लिए साबुन, शैंपू और पानी की बाल्टियां,टब तक भी डिजीटली ही भेजे जाने लगे हैं। यह बात सुनने में अजीब लग सकती है, लेकिन यह एक कटु सत्य है कि आजकल के सोशल मीडिया और इंटरनेट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बढ़ते चलन के साथ, अब ऑनलाइन होली(डिजिटल होली) मनाना आम बात सी हो गई है। आज के समय में रचनात्मक प्लेटफ़ॉर्म और सोशल मीडिया एडिटिंग ऐप रंगों और ख़ुशियों के त्यौहार होली के मौक़े पर ख़ास स्टिकर्स, ब्रश तथा रिप्ले जारी करने लगे हैं। पिक्स आर्ट अनेक प्रकार के होली स्टीकर्स जारी कर रहा है। आज तो होली खेलने के अनेक एप्स बिखरे पड़े हैं। कोरोना काल में लोग एक दूसरे से दूरी बनाकर मिलने के लिये मजबूर क्या हुए,होली खेलने के अनेक एप्स बाजार में आ गए। आज लोग इन एप्स और स्टिकर्स के ज़रिये एक दूसरे को डिजिटल अबीर-गुलाल से सराबोर कर रंगों का त्योहार ऐसे मना सकते हैं, जो शायद पहले कभी नहीं मनाया होगा। आज लोग ख़ास मौकों पर डिजिटल माध्यम के ज़रिये अपने प्रियजनों को बधाई व शुभकामनाएं देने में अपनेपन का एहसास महसूस करने लगे हैं। पिक्सआर्ट के स्टिकर्स, रिप्लेज़, मास्क और ब्रश के ज़रिये रंगों से बिना कोई जोख़िम उठाये होली का त्योहार मना सकते हैं। रंगों के इस त्यौहार पर कोई भी अपने प्रियजनों, रिश्तेदारों को अपनी पसंद के रंगीन स्टिकर्स भेजकर, पिचकारी व डिजिटल मिठाई भेजकर होली की बधाई दे सकते हैं। इसका सीधा सा मतलब यह है कि आज के समय में डिजिटल तकनीकों ने सूदूर निवास करने वाले अपने प्रियजनों, रिश्तेदारों के लिए बिना उनसे शारीरिक रूप से(फिजीकली) मिले ही होली के रंग खेलना, शुभकामनाएं व मिठाई भेजना और हंसी-ठिठोली करना संभव बना दिया है। कहना ग़लत नहीं होगा कि पिक्सआर्ट के साथ आज के इस डिजिटल समय में हम अपनी कल्पनाशीलता से कोई भी तरह का रंगीन डिज़ाइन बनाकर ख़ुशी, उमंग व पूरे उत्साह व उल्लास के साथ घर बैठे ही होली मना सकते हैं। सच तो यह है कि आज होली ही नहीं हमारे देश के त्योहारों पर सोशल नेटवर्किंग साइट्स का आक्रमण हो चुका है। आज होली खेलने के लिए न घर से बाहर कहीं मैदान या गली मोहल्लों में जाने की आवश्यकता रही है और न ही कहीं सूदूर क्षेत्र की यात्रा करने की ही आवश्यकता रही है। आज घर पर बैठे-बैठे ही एंड्रॉयड मोबाइल, लैपटॉप हाथ में लेकर होली खेली जा सकती है। सच तो यह है कि डिजिटल क्रांति के इस युग में त्योहार तो क्या हर रिश्ते को एंड्रॉयड मोबाइल, लैपटॉप पर ही निपटा दिया है। डिजिटल क्रांति के इस युग में न तो अब कपड़े धोने का झंझट रहा है और न ही रंगों से स्किन खराब होने का भय। पहले होली के दिन रंग खेलने के लिए लोग सिर्फ अपनी गली मोहल्ले तक ही सीमित थे। आज इंस्टाग्राम, वाट्सएप एवं फेसबुक(सोशल नेटवर्किंग साइट्स) के इस युग में वे घर पर बैठे-बैठे ही मोहल्ला छोड़िए, पूरी दुनिया संग इको फ्रेंडली के साथ-साथ पाकेट फ्रेंडली होली भी मनाने लगे हैं। न हींग लगे और न ही फिटकरी। डिजिटल होली लोगों को असली होली की तुलना में पसंद आने लगी है, लेकिन ऐसा करके हम हमारी त्योहारी संस्कृति, परंपराओं, हमारे सांस्कृतिक विरासत से कहीं न कहीं दूर होते चले जा रहे हैं। आज होली के रंग डिजीटलीकरण में उड़ रहें हैं, वास्तव में धरातल पर नहीं। या यूं कहें कि ग्राउंड में होली कम खेलने को तवज्जो दी जा रही है।

# भगवंत मान के लिए जी का जंजाल बनता किसान आंदोलन

**पंजाब के किसान एमएसपी की गारंटी समेत अन्य मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा की कई मांगें केंद्र के साथ राज्य सरकार से भी है। शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों का धरना एक साल से जारी है। माना जाता है कि पंजाब सरकार आप ने किसानों को दिल्ली का रास्ता दिखाकर आंदोलन को हवा दी थी। आप को उम्मीद थी कि किसान एक बार फिर दिल्ली पहुंचेंगे और केंद्र सरकार की मुसीबत बढ़ जाएगी। मगर हरियाणा सरकार ने दोनों बॉर्डर को बंद कर दिया। जानकारों का कहना है कि अगर हरियाणा में सत्ता बदल जाती तो सियासी खेल आसान हो जाता। मगर हरियाणा में भाजपा ने हैट्रिक लगा दी और बॉर्डर बंद ही रहा।**



रामस्वरूप रावतसरे

पंजाब-हरियाणा के शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसान एक साल से धरने पर हैं और अब पंजाब के सीएम भगवंत मान की टेंशन बढ़ रही है। हालात अब किसान और पंजाब सरकार के बीच टकराव के स्तर पर पहुंच गई है। आम आदमी पार्टी ने किसान आंदोलन को केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ इस्तेमाल किया, मगर अब इन्हीं अन्नदाताओं ने पंजाब सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सीएम भगवंत मान का कहना है कि किसानों ने पंजाब को धरने वाला राज्य बना दिया है। पिछले सोमवार को वह किसान नेताओं की मीटिंग को बीच में ही छोड़कर चले आए। अरविंद केजरीवाल भी इन दिनों पंजाब में विपश्यना कर रहे हैं, मगर किसानों की मांगों पर चुप हैं। दिल्ली चुनाव में हार के बाद हालात इतनी तेजी से बदले कि किसानों को दिल्ली में धरने के लिए निमंत्रण देने वाली आम आदमी पार्टी की मान सरकार ने किसानों को चंडीगढ़ में एंट्री नहीं दी। किसान कुछ लिए बिना जाना नहीं चाहते इसलिए किसान केंद्र से पहले पंजाब में किए गए वादों को पूरा करने की मांग कर रहे हैं। हालांकि किसानों की केंद्रीय मंत्रियों से भी बातचीत जारी है। 3 मार्च को सीएम भगवंत मान के साथ 40 किसान नेताओं की मीटिंग भी हुई थी। जिसमें गन लाइसेंस रिन्यू करना, एग्रीकल्चर पॉलिसी समेत प्रीपेड इलेक्ट्रिक मीटर समेत 18 मांगों पर चर्चा होनी थी। ये सारे मुद्दे पंजाब सरकार से जुड़े हैं। मीटिंग में माहौल इतना तल्ख हो गया कि सीएम भगवंत मान बीच में ही मीटिंग छोड़कर निकल गए। सूत्रों के अनुसार, सीएम मान ने तल्ख अंदाज में कहा कि पहले भी जो मांगे माने गई हैं, वह भी अब रद्द हो गई हैं। बातचीत फेल होने के बाद किसानों ने बुधवार को चंडीगढ़ कूच का ऐलान किया और पंजाब सरकार से चंडीगढ़ के सेक्टर 34 में प्रदर्शन करने की मांग की। दिल्ली में धरने की वकालत करने वाली आम आदमी पार्टी ने किसानों को चंडीगढ़ में एंट्री की इजाजत नहीं दी। प्रदर्शन के दौरान कई किसान नेता गिरफ्तार किए गए। इसके बाद पंजाब में किसानों ने सीएम भगवंत मान के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। किसानों ने आरोप लगाया है कि भगवंत मान सरकार भी वैसा ही व्यवहार कर रही है, जैसा केंद्र सरकार करती आ रही है।

सर्व विदित है कि फरवरी 2024 में जब किसानों ने दोबारा दिल्ली मार्च शुरू किया तो अरविंद केजरीवाल ने उनका हर संभव समर्थन किया था। जब उनसे पूछा गया कि किसान दिल्ली ही क्यों जाते हैं तो उन्होंने जवाब दिया था कि किसान दिल्ली नहीं तो क्या लाहौर जाएंगे? उन्होंने दिल्ली कूच के मद्देनजर बवाना स्टेडियम को अस्थायी जेल बनाने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को भी ठुकरा दिया था। इसके बाद केंद्र सरकार ने हरियाणा से दिल्ली तक किलेबंदी की और किसान दिल्ली नहीं आ पाये। जानकारों का कहना है कि पांच साल पहले जब 2020 में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल सिंघु बॉर्डर पहुंचे थे। तब उन्होंने कहा था कि वह किसानों के बीच मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं बल्कि सेवादार बनकर आए हैं। डिप्टी सीएम मनीष सिसौदिया ने आंदोलन कर रहे किसानों को बिजली, पानी समेत तमाम सुविधाएं दिलाने का वादा किया था और सुविधाएं दी भी थी। राजनीतिक दलों के समर्थन के कारण 2020-21 के बीच किसान 379 दिनों तक दिल्ली में जमे रहे। ट्रैक्टर मार्च निकाला और लाल किले में उपद्रव भी हुए। यह बात अलग है कि इस किसान आन्दोलन से जनता को भारी परेशानियां भुगतने के साथ साथ अरबों रुपयों का नुकसान भी हुआ था।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



**फतेह सिंह मीणा**
**( आरएमएएस अधिकारी )**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं दंबग शैली के जाँबाज आरएमएएस अधिकारी फतेह सिंह मीणा। 8 जून सन 1987 में राजगढ़ के बैरेर गांव में जन्में फतेह मीणा बेहद शानदार व दबंग अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। अब भरतरी तिराया,ग्राम इन्दोक तहसील मालाखेड़ा में इनका निवास है। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा इन्दोक गांव से हुई ,10 वी रामानंद स्कूल थानागाजी से 2004 में 2006 में राजवंश पब्लिक स्कूल जयपुर से 12वी उत्तीर्ण की। 2009 में राजस्थान कॉलेज जयपुर से बी.ए किया । 2009 में ही पटवारी में चयन हुआ अलवर पटवार ट्रैनिग स्कूल से प्रशिक्षण लिया । 2010 में दिल्ली पुलिस में उपनिरीक्षक (थानेदार) ज्वाईन किया । 2016 में राजोरी गार्डन थाना से रिजाइन किया । 2016 में राजस्थान नगर पालिका प्रशासनिक सेवा में अधिशाषी अधिकारी पद पर प्रथम रैंक के साथ चयन हुआ। प्रथम पदस्थापन शाहपुरा जयपुर में हुआ नवंबर 2016 से शाहपुरा रहे। मार्च 2019 में आयुक्त नगर परिषद अलवर में ज्वाइन किया व जून 2020 तक अलवर रहे। अपने कार्यकाल के दौरान सिंघम के रूप में नजर आए। अतिक्रमण कर शहर का सत्यानाश करने वाले लोगों के लिए सिंघम साबित हुए और अपने दम पर लगातार कार्रवाही कर शहर से अतिक्रमियों को छटी का दूध याद दिलाया। इनकी शानदार मूंछें आज भी अलवर के लोग याद रखते हैं। अतिक्रमण की शानदार कार्रवाही के कारण अलवर की जनता ने इन्हे सर माथे पर भी बिठाया। अलवर कार्यकाल के दौरान इनकी शानदार व दबंग कार्यशैली देखने को मिली। जून 2020 से अप्रैल 2021 आयुक्त नगरपरिषद जैसलमेर रहे। अप्रैल 2021 से फरवरी 2024 तक आयुक्त नगर परिषद कोटपूतली रहे। फरवरी 2024 से अक्टूबर 2024 तक आयुक्त नगर परिषद सवाई माधोपुर रहे। अभी अक्टूबर 2024 से अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका पावटा -प्रागपुरा पद को सुशोभित कर रहे हैं। शानदार अधिकारी के रूप में शहर में फैली बुराईयों व गंदगी का सुपड़ा साफ किया। टीम बढ़ता राजस्थान ऐसे शानदार व जाँबाज अधिकारी के हौसले को सलाम करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_067
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | 5 | | 7 | | | |
| | | | 1 | 3 | | | 5 | |
| 5 | | | 8 | | 4 | | | |
| | | 3 | 4 | | | 2 | | |
| 4 | | | 7 | | 6 | 9 | 3 | |
| 9 | | | 3 | | 2 | 7 | 4 | 6 |
| | 3 | 7 | | | | 5 | | |
| 6 | 4 | 9 | 2 | 1 | 5 | | 7 | |
| | 2 | | 6 | 7 | 3 | 1 | | |

**Ans_2025_066**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 | 6 | 8 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| 7 | 8 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 2 | 7 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 4 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 1 | 7 | 2 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
गृहस्थ जीवन में आनंद महसूस होगा। आज का दिन आपके लिए शुभ है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ का प्रवास आनंददायक रहेगा। विदेश में बसने वाले किसी मित्र या स्नेहीजनों का समाचार मिलने से प्रसन्नता होगी।

### वृष
नौकरी और व्यवसाय में अनुकूल परिस्थितियां होंगी। मित्रों, विशेषकर महिला मित्रों से लाभ होगा। दोस्तों के साथ प्रवास तथा पर्यटन पर जा सकते हैं। किसी प्रिय व्यक्ति के साथ अच्छा समय गुजारेंगे। अधूरे काम पूरे होंगे।

### मिथुन
आपका आज का दिन शुभ साबित रहेगा। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। यश-कीर्ति तथा आनंद की प्राप्ति होगी। परिजनों के साथ आनंद में समय व्यतीत होगा। कार्यालय में सहकर्मियों और अधीनस्थ व्यक्तियों का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

### कर्क
उच्च अधिकारियों की कृपा दृष्टि आप पर बनी रहेगी। सभी ओर आपका प्रभुत्व और प्रभाव बढ़ेगा। सरकारी कामकाज और पिता से लाभ मिलने के संकेत हैं। मानसिक स्वास्थ्य मन को प्रफुल्लित रखेगा। आर्थिक लाभ की संभावना है। धन लाभ होने की संभावना है।

### सिंह
आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है और विशेषकर आंखों में तकलीफ हो सकती है। ईश्वर की भक्ति और आध्यात्मिक बातों में रुचि लेने से मन को कुछ शांति मिलेगी। आज का दिन आपके लिए लाभदायक साबित होगा।

### कन्या
आज आपको आर्थिक मामलों और लेन-देन के मुद्दों में सतर्क रहने की जरूरत है। विवाद से बचें अन्यथा परिवार के सदस्यों के साथ कलह हो सकता है। खाने-पीने में सावधानी रखें। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। स्त्री मित्रों के साथ मुलाकात होगी।

### तुला
आध्यात्मिक सिद्धि और ईश्वर भक्ति के लिए उत्तम समय है। चिंतन-मनन द्वारा मानसिक शांति प्राप्त कर सकेंगे। आज आपको कुछ खास करने का मन करेगा। आप मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने या भोजन करने का कार्यक्रम बनाएंगे।

### वृश्चिक
मौज-मस्ती, मनोरंजन, उत्तम भोजन और नए वस्त्र परिधान से आपका मन खुश रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाहन सुख मिलेगा। किसी प्रिय व्यक्ति का साथ मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य जीवन में निकटता अनुभव होगा।

### धनु
आज किसी भी नए काम का आरंभ न करें। बोलते समय और व्यवहार में खूब संभलकर रहने की आवश्यकता है। शत्रुओं के जाल में न फंसें, इसका ध्यान रखें। आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। रहस्यमय विषयों की तरफ आकर्षित होंगे।

### मकर
आज नए कपड़े व गहने खरीद सकते हैं तथा आमोद प्रमोद में आपका दिन गुजरेगा। आज आपको अपने वाणी और व्यवहार में सावधानी रखने की जरूरत है। आपकी बातचीत से कोई गलतफहमी न हो, उसका ध्यान रखें।


### कुंभ
आर्थिक योजनाएं सफलतापूर्वक पूरी होंगी। विवाहोत्सुक युवक- युवतियों के विवाह की संभावना है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में सफलता मिलेगी।

### मीन
आज समय से भोजन भी नहीं मिलेगा। व्यर्थ में खर्च हो सकता है। घर तथा अपने कार्यक्षेत्र में आपके लिए लाभदायक वातावरण होगा। आज का दिन आपके लिए सामान्य रहेगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आज आप काफी स्वस्थ रहेंगे। नौकरी में पदोन्नति होगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष गुर्जर आज लेंगे संगठनात्मक बैठक

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी जिला सवाई माधोपुर के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष मानसिंह गुर्जर सोमवार को पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की संगठनात्मक बैठक लेंगे । जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पार्टी के जिला अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद भाजपा की पहली बैठक 10 मार्च (सोमवार) को सर्किट हाउस के पास स्थित पैराडाइज मैरिज गार्डन में दोपहर 1 बजे आयोजित होगी, जिसमें पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा होगी । बैठक में पूर्व एवं वर्तमान विधायक, समस्त जनप्रतिनिधि, पूर्व एवं वर्तमान जिला पदाधिकारी, पूर्व जिलाध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, को मोर्चा पदाधिकारी, प्रधान, प्रमुख, सभापति, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य सहित बूथ एवं शक्ति केंद्र के कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर निवाई में भव्य आयोजन, महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** सिकोईडीकोन संस्था द्वारा जस्ट राइट्स फोर चिल्ड्रन के सहयोग से निवाई में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं एवं बच्चियों ने भाग लिया। इस वर्ष की थीम "Accelerate Action" के तहत महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी संदेश देने के लिए विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झिलाई सरपंच श्रीमती कांता देवी तथा सिकोईडीकोन के प्रोग्राम मैनेजर देवेंद्र कुमार जांगिड़ ने महिलाओं को संबोधित किया। झिलाई सरपंच श्रीमती कांता देवी ने कहा, महिला स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि समाज के संपूर्ण स्वास्थ्य का विषय हैद्यमहिलाएँ जब स्वस्थ होंगी, तभी परिवार और समाज भी समृद्ध होगा। हमें नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सिकोईडीकोन संस्था के प्रोग्राम मैनेजर देवेंद्र कुमार जांगिड़ ने इस अवसर पर कहा, महिला सशक्तिकरण के लिए स्वास्थ्य जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। जब महिलाएँ अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगी, तो वे अपने परिवार और समुदाय को भी प्रेरित करेंगी।संस्था की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, सिकोईडीकोन संस्था महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए निरंतर प्रयासरत है। यह आयोजन केवल एक कदम है, हमें सतत प्रयास करने होंगे।कार्यक्रम में सिकोईडीकोन के किरण शर्मा सावरमल शर्मा, ममता शर्मा , सोनू चौधरी, विमलकुमार बुंदेल, महेंद्र कुमार गजरावत, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। महिलाओं व किशोरी बालिकाओ ने स्वास्थ्य से जुड़े संदेशों को प्रस्तुत करने के लिए डांस और रैंप वॉक में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसमें विभिन्न स्वास्थ्य विषयों को रोचक ढंग से दर्शाया गया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं व किशोरियों को उनके स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और उन्हें नियमित स्वास्थ्य जांच कराने व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

# जिले में राजीनामे व आपसी सहमति से 1169 प्रकरणों का निस्तारण

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक के सचिव एवं अपर जिला सेशन न्यायाधीश, दिनेश कुमार जलुथरिया ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार दिनांक 08.03.2025 शनिवार को संपूर्ण टोंक जिलें में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसी क्रम में टोंक जिला मुख्यालय व जिले की समस्त तहसीलों में स्थित न्यायिक न्यायालयों, राजस्व न्यायालयों, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में भी अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, टोंक अय्यूब ख़ान के निर्देशन एवं मार्गदर्शन व प्रेरणादायी सान्निध्य में लम्बित एवं विवाद पूर्व श्रेणी के मुकदमों के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त न्यायिक न्यायालयों में लंबित श्रेणी एवं प्री-लिटिगेशन श्रेणी के प्रकरणों के निस्तारण हेतु 8 लोक अदालत बैंचों का गठन किया गया था जिनके लंबित श्रेणी के 2946 प्रकरण रखे गये एवं उनके द्वारा लंबित श्रेणी के 860 प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं 53,61,8518/- का अवॉर्ड पास किया गया। प्री-लिटिगेशन श्रेणी के 7080 प्रकरण रखे गए जिनमें से 309 प्रकरणों का निस्तारण किया गया एवं 20,999,374/- रू. का अवॉर्ड पास किया गये। इस प्रकार लंबित एवं प्री-लिटिगेशन श्रेणी के कुल 10026 प्रकरण रखे गये जिनमें से 1169 प्रकरण निस्तारित किये गये।

# जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर विकास की मुख्य धारा करना मुख्य उद्धेश्य : जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौघरी रविवार को राज्य सरकार की जनप्रतिनिघि आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत पांच ग्राम पंचायतो व एक नगरपालिका क्षेत्र का दौरा कर अभाव अभियोग सुने। जलदाय मंत्री ने जनप्रतिनिधि आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षैत्र की ग्राम पंचायत चांदसेन, कड़ीला, धोली, लावा, चबराना व नगरपालिका डिग्गी का दौरा किया। दौरे की शुरूआत चांदसेन ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम से हुई। चांदसेन की जनसुनवाई में जलदाय मंत्री ने चांदसेन पंचायत क्षैत्र के ग्रामीणो से जनसुनवाई कार्यक्रम में रूबरू होकर मूलभूत समस्याऐं सुनी। इस दौरान जलदाय मंत्री के साथ उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी, वृताधिकारी आशिष प्रजापत सहित ब्लाक के अन्य सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजुद रहे। इस दौरान सरपंच रामस्वरूप मीणा, वार्ड पंचो , भाजपाईयो सहित ग्रामीणो ने चौधरी की जोरदार अगवानी कर 51 किलो की माला पहना कर स्वागत किया। यहां जलदाय मंत्री चौधरी ने ग्रामीणो से मूलभूत समस्याओं संबंधी प्रार्थना पत्र प्राप्त कर सम्बन्धित अधिकारियो को शीध्र समाधान कर राहत प्रदान करने के निर्देश प्रदान किए। चांदसेन से जलदाय मंत्री कड़ीला पहुंचे। जहां भी ग्रामीणो के अभाव अभियोग सुने और कड़ीला क्षैत्र के जनप्रतिनिधियो, भाजपाईयो व ग्रामीणो ने चौधरी का मालाऐं पहना कर स्वागत किया। यहां से चौधरी धोली होते हुए लावा पहुंचे। लावा भाजपा मंडल अध्यक्ष इन्द्रपाल चौघरी व अन्य भाजपाईयो ने जलदाय मंत्री का जोरदार स्वागत किया। वहीं जलदाय मंत्री ने लावा ग्राम पंचायत क्षैत्र के ग्रामीणो की जन समस्याओं को सुनकर उनके शीध्र समाधान का आश्वासन दिया। जलदाय मंत्री चौधरी इसके पश्चात नवगठित डिग्गी नगरपालिका मुख्यालय पहुंचे। यहों आयोजित जनसुनवाई में क्षैत्रवासियो की ओर से अवगत कराया गया कि सरकार ने डिग्गी को नगरपालिका दर्जा दे दिया। साथ ही पंचायत समिति ने भी पंचायत ग्राम विकास अधिकारियो की आईडी को बंद कर दिया। इससे ग्रामीणो के समक्ष कई तरह की परेशानीयां आने लगी। जिसमें मुख्य रूप से डिग्गी क्षैत्रवासियो को खाद्य सुरक्षा योजना में नाम जुड़वाने, राशस कार्डो के दुरूस्तीकरण करवाने सहित अन्य आवश्यक कार्यो में कई तकनीकी खामियां होने से परेशानी आ रही है। ऑनलाइन पोर्टल पर ई मित्र से रजिस्टर्ड करवाने के बाद आवेदको को प्रमाणीकरण करवाना होता है। प्रमाणीकरण के लिए आवेदन न तो नगरपालिका डिग्गी के पोर्टल पर खुल रहे हैं और ग्राम पंचायत डिग्गी के पोर्टल को बंद कर दिया गया। इससे ग्रामीणो के सामने कई तरह की तकनीकी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर जलदाय मंत्री चौधरी ने विश्वास दिलाया कि अधिकारियो व आईटी विशेषज्ञो को निर्देशित कर शीध्र इस तकनीकी समस्या का समाधान कर राहत दिलाई जाएगी। डिग्गी मुख्यालय पर जलदाय मंत्री का ग्रामीणो, भाजपाईयो व शहरी क्षैत्र के जनप्रतिनिधियो द्वारा सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया।

# लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से नक्षत्रा एग्रो फूड प्रा. लि. प्रतिनिधिमंडल की शिष्टाचारभेंट

## जीएम बीज से खेती किसानों के हित में नहीं, अंकुश जरूरी, कोटा में शीघ्र होगा कृषक सम्मेलन

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली/ जयपुर / सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** धरतीपुत्रों की फसलों एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर नक्षत्रा एग्रो फूड प्रा. लि. के प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की । नक्षत्रा के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ पंकज जैन ने बताया कि भारत सरकार जीएम बीज को मान्यता देने की तैयारी कर रही है। जो खेती,किसानों के हितों में नहीं है।

कई फसलों में जीव जंतुओं के जिन को डालकर नया जीव तैयारी का खेल चल रहा है, अभी तक यह तय नहीं है कि ऐसी फसलों को फसल कहे या जीव खाद्यान्न? फसलों में यदि जंतुओं का जीव डाला जाता है, तो उसको शाकाहारी बोलेंगे या मांसाहारी यह भी तय नहीं है। फिर भी बगैर चर्चा के,बगैर सलाह के, बगैर वैज्ञानिक परीक्षण निरीक्षण से केवल झूठे प्रचार के आधार पर पिछले दरवाजे से बीटी बैगन से लेकर जीएम सरसों तक फसलों को भारत में घुसाने की कोशिश हो रही है। एक तो यह नए बीज के नाम पर किसानों को शोषण करने की एक आसान प्रक्रिया है और दूसरी और कुछ किसान बंधुओं को प्रभावित करते हुए एक भीड़ तंत्र के माध्यम से अपना उल्लू सीधा करने के लिए कंपनियों का प्रयास भी चल रहा है, जिसे भारतीय किसान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेंगे। सीईओ जैन ने बताया कि इतने गंभीर विषय पर मा0 सर्वोच्च न्यायालय ने 20 वर्षों तक सभी पक्षधरों को सुनते हुए जो निष्कर्ष पर आए उसके ऊपर सरकार की ओर से कोई कार्रवाई न करना अपने आप में ही बहुत बड़ा गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

निदेशक ( स्वतंत्र) राकेश शर्मा ने बताया कि इतनी योग्यता के बावजूद कुछ बड़े-बड़े लोग प्रमुख तर्क इसके पक्ष में देने का भ्रमित करने का दुस्साहस करते हैं, और बोलते रहते हैं कि यह अधिक उपजाऊ वाला है, जो कि शत प्रतिशत यह झूठ है, जबकि हमारे देश में जीएम खाद्यान्न की अनुमति नहीं है। इसके अलावा एग्रो के प्रतिनिधिमंडल ने किसानों की कई समस्याओं से भी अवगत कराया। एग्रो के निदेशक (स्वतंत्र) राकेश शर्मा ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किसानों की प्रमुख समस्याओं के निदान के लिए कोटा में संभाग अथवा प्रांतीय स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाए ताकि वहां सभी बातों का समाधान किया जा सके। इस पर एग्रो के प्रबंध निदेशक पंकज जैन ने लोकसभा अध्यक्ष को शीघ्र किसानों से वार्ता कर कोटा में सम्मेलन आयोजित करने का विश्वास दिलाया। प्रतिनिधिमंडल में जूनियर अकाउंटेंट पवन शर्मा भी शामिल थे।



# नए भाजपा जिलाध्यक्ष का हुआ कई स्थानो पर जोरदार स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** भाजपा के जिलाध्यक्ष बनने के बाद प्रथम बार मालपुरा आगमन पर नए जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह का कई स्थानो पर जोरदार स्वागत हुआ। रविवार को भाजपा के जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान मालपुरा क्षेत्र में आए। सिंह के मालपुरा सीमा में प्रवेश करने के बाद लावा, घोली, डिग्गी नुक्कड़ चौराहे सहित मालपुरा शहर में जोरदार स्वागत किया गया। लावा में मंडल अध्यक्ष इन्द्रपाल चौधरी के नेतृत्व में मोजुद भाजपाईयों ने जिलाध्यक्ष के स्वागत में पलक पावड़े बिछाए। वहीं मालपुरा आगमन के बाद जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह का पूर्व मंडल अध्यक्ष एडवोकेट रविकुमार जैन, जिला आयोजना समिति सदस्य एवं पार्षद डॉ. अकिंत जैन, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व पार्षद मनीष सोनी सहित अन्य मोजुद भाजपाईयो ने अगवानी कर जोरदार स्वागत किया।

# प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में 74 हजार 835 प्रकरणों का निस्तारण, 12.4 करोड़ रुपए के अवार्ड पारित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के तत्वावधान में विगत दिवस जिला मुख्यालय न्याय क्षेत्र के न्यायालयों तथा तालुका विधिक सेवा समितियों गंगापुर सिटी, खण्डार, बौंली, बामनवास एवं न्यायालय चौथ का बरवाड़ा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी राजीनामे से प्रकरणों के निस्तारण हेतु जिले में कुल 10 बैंचो का गठन किया गया। जिनमें जिला मुख्यालय पर न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, स्थायी लोक अदालत के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता जिला एवं सेशन न्यायाधीश देवेन्द्र दीक्षित द्वारा तथा जिला एवं सेशन न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, एससी/एसटी न्यायालय, अपर जिला एवं सेशन न्यायालय के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता न्यायाधीश एससी/एसटी न्यायालय सुन्दरलाल बंशीवाल द्वारा तथा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, किशोर न्याय बोर्ड, सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-01 एवं संख्या-02 सवाई माधोपुर के मामलों हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता आशुतोष सिंह आढ़ा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा तथा राजस्व व प्री-लिटीगेशन स्तर के मामलों के निस्तारण हेतु गठित बैंच की अध्यक्षता समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में सवाई माधोपुर न्यायक्षेत्र में लम्बित कुल 18663 प्रकरणों में से 15972 प्रकरणों का निस्तारण कर 61251438 रूपए के अवार्ड पारित किए गए तथा प्री-लिटिगेशन के कुल 62522 प्रकरणों में से 58863 प्रकरणों का निस्तारण कर 59133791 रूपए के अवार्ड पारित किये गये। इस प्रकार कुल 81185 प्रकरणों में से 74835 प्रकरणों का निस्तारण कर 120385229 रूपए ( बारह करोड़ तीन लाख पिचासी हजार दो सौ उनतीस रूपये) के अवार्ड पारित किये गये।

# भाजपा केवल राजनेतिक संगठन ही नहीं अपितु अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा का पर्याय भी है : कन्हैयालाल चौधरी

## भाजपा की रीति नीति व सभी को साथ लेकर चलने का संकल्प : मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या

बढ़ता राजस्थान




**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को महेश सेवा सदन में भाजपा के नए मालपुरा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या के दायित्वग्रहण समारोह में भारी संख्या में भाजपाई उमड़े। महेश सेवा सदन के हाल में आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि भाजपा केवल राजनेतिक संगठन नहीं है अपितु भाजपा देश सेवा, राष्ट्र भक्ति, अनुशासन व कर्तव्य निष्ठा का दूसरा नाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा का उदय वर्ष 1980 में हुआ था। लेकिन अपने अल्प कार्यकाल में ही भाजपा संसार में सबसे बड़ा संगठन होने के साथ साथ देश के 19 राज्या की सत्ता संभालने वाले देश का पहला राजनेतिक संगठन बन चुका है। समर्पित एवं ईमानदार व कर्तव्यनिष्ठ युवाओं को आगे लाकर संगठन की बागडोर सौंपी जा रही है। दायित्वभार ग्रहण समारोह में उमड़े भाजपाईयो व जनप्रतिनिधियो को सम्बोधित करते हुए नए मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या ने कहा कि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की अभिशंषा से प्रदेशाध्यक्ष मदन राठोड़ ने जो दायित्व उनको सौंपा है उस दायित्व मैं अपने सभी ज्येष्ठ व श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं के सहयोग से पूरा कर समूचे संगठन के विश्वास पर खरा उतरूंगा। समारोह में अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह चौहान, जिला प्रमुख सरोज बंसल, चुरू विधायक हरलाल सारण, केकड़ी विघायक शत्रुघ्न गौतम, नरेन्द्र सिंह, समाजसेविका राधा चौधरी, नरेश बंसल, पूर्व विधायक अजीत सिंह मेहता, नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, प्रधान सकराम चौपड़ा, पूर्व पालिकाध्यक्ष एडवोकेट राजकुमार जैन, संत कुमार जैन, जयपुर प्रभारी नरेश बंसल, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, बीना जैन, केकड़ी नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष अनिल मित्तल, व प्रमुख उद्योगपति व समाजसेवी महेशचन्द्र अग्रवाल सम्मानीत अतिथियो के रूप में मौजुद रहे।

## सहकारिता सेक्टर को सुदृढ बनाने के लिए कई उल्लेखनीय घोषणाएं

# मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 3000 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि मिलेगी

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** राज्य सरकार का वर्ष 2025-26 का बजट आपणों अग्रणी राजस्थान के संकल्प को साकार करने वाला है। समाज के हर वर्ग के कल्याण की मंशा के साथ लाए गए इस बजट में सहकारिता सेक्टर को सुदृढ बनाने के लिए कई उल्लेखनीय घोषणाएं की गई है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की किसान हितेषी सोच को दृष्टिगत रखते हुए बजट में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों की अब 2000 रुपये की जगह 3000 रुपये की अतिरिक्त राशि मिलेगी। साथ ही, गेहूं खरीद पर बोनस की राशि बढ़ाकर 150 रुपए प्रति क्विंटल किया गया है। इन घोषणाओं से किसानों को आर्थिक संबल मिलेगा। फसली ऋण का दायरा बढ़ाते हुए आगामी वर्ष में 35 लाख से अधिक किसानों को 25,000 करोड़ रुपए का अल्पकालीन ब्याज मुक्त फसली ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके ब्याज अनुदान पर 768 करोड़ रुपये व्यय होंगे। राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना का भी दायरा बढ़ाते हुए 2.50 लाख अतिरिक्त गोपालक परिवारों को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जाएगा। दीर्घकालीन सहकारी कृषि एवं अकृषि सेक्टर के लिए 400 करोड़ रुपये के ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की घोषणा की है। ये सभी घोषणाएं किसानों एवं पशुपालकों को सशक्त बनाने वाली है। बजट में आगामी दो वर्ष में शेष 2,500 ग्राम पंचायतों में ग्राम सेवा सहकारी समितियां स्थापित करने की घोषणा की गई है। इसके लिए प्रावधानों में शिथिलन दिया जाएगा। साथ ही, बड़ी संख्या में नई सहकारी समितियां खुलने में गांव-ढाणी स्तर तक सहकारिता का नेटवर्क मजबूत होगा। वर्ष 2024-25 की उपलब्धियों की अगर बात करें तो मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत राज्य के 70.21 लाख किसानों के बैंक खाते में 355 करोड़ की राशि हस्तांतरित की गई है।

# निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध पूर्ण करें : बुड़ानिया

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद सीईओ गौरव बुड़ानिया ने रविवार को पंचायत समिति बामनवास की ग्राम पंचायत बरनाला पहुंचे, जहाँ उन्होंने माडा योजना अंतर्गत संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के नव निर्माण धीन विद्यालय भवन के हॉस्टल परिसर के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। विद्यालय में अध्यन्नरत विद्यार्थियों से संवाद के दौरान उनकी पढ़ाई, भोजन की गुणवत्ता सहित विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी ली। विद्यालय प्राचार्य पी एल मीना द्वारा कुछ लोगो द्वारा विधालय आने वाले रास्ते पर अतिक्रमण करने की जानकारी दी इस पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी बुड़ानिया ने विकास अधिकारी बामनवास को जांच कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए । बुड़ानिया ने विधायक योजना अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का भी किया।



# 85 नेत्र रोगियों की आंखों की जांच

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** गांव पराना में स्थित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में महिला दिवस पर निश्शुल्क आंखों की जांच का शिविर कोर्टेवा एग्रीसाइंस की ओर से लगाया गया। जिसमें 85 नेत्र रोगियों के आखों की जांच की गई। इस दौरान डॉ. प्रिया वाजपेयी, डॉ. के.के विजय, डॉ. अनिल शर्मा, सहित कई चिकित्सा कर्मियों ने रोगियों की सेवाकार्य किया।


इस दौरान रोगियो को नि:शुल्क दवाई एवं चश्में वितरित करके रोगियों को सावधानियो रखने रखने की सलाह दी। इस दौरान प्रहलाद सैनी, शक्ति सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहें ।

# महज भूखे-प्यासे रहने का नाम ही रोजा नहीं : डॉ.तैयब

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रमजान का पाक महीना चल रहा है ऐसे में ये महीना अल्लाह ताला ने नेकी कमाने के लिए कुबूल फरमाया है। रमजान एक ऐसा बा.बरकत महीना है जिसका इंतजार साल के ग्यारह महीने हर मुस्लिम को रहता है। रोजा केवल भूखे प्यासे रहने का नाम नहीं है। रोजा आंख से मतलब बुरा मत देखो, कान से गलत बात न सुनो, मुंह से अपशब्द न निकले, हाथ से अच्छा काम ही हो, पांव सिर्फ अच्छाई की राह पर चले। कुल मिलाकर बुराई से बचने और भलाई के रास्ते पर चलने का नाम रोजा है। यह महीना गरीब और जरूरतमंद बंदों के साथ हमदर्दी का है। इस महीने में रोजादार को इफ्तार कराने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। पैगम्बर मोहम्मद स. से आपके किसी सहाबी ने पूछा यदि हममें से किसी के पास इतनी गुंजाइश न हो क्या करें। तो हजरत मुहम्मद ने जवाब दिया कि एक खजूर या पानी से ही इफ्तार करा दिया जाए। यह महीना मुस्तहिक लोगों की मदद करने का महीना है। गरीब और जरूरतमंद चाहे वह किसी भी मजहब के क्यों न हो, उनकी मदद करने की नसीहत दी गयी है। रमजान के महीने में तमाम मुस्लिम लोग जकात देते हैं। बता दें कि जकात का मतलब अल्लाह की राह में अपनी आमदनी से कुछ हिस्सा गरीबों में देना होता है। जकात, सदका, फित्रा खैर खरात, गरीबों और जरुरतमंद हैं उनकी मदद करना जरूरी समझा और माना जाता है।

अपनी जरूरीयात को कम करना और दूसरों की जरूरीयात को पूरा करना अपने गुनाहों को कम और नेकियों को ज्यादा कर देता है। रोजा परहेजगारी पैदा करता है। रोजा का मतलब तकवा



यानी खुद को बुराई से बचाना और भलाई के काम करना है। मुस्लिम मान्यताओं के मुताबिक पवित्र कुरान इसी महीने नाजिल हुआ था यानी आसमान से उतरा था। रमजान में इबादत खास महत्व माना जाता है। रमजान में गुनाहों की माफी होती है और अल्लाह रहमतों का दरवाजा आपने बंदों के लिए खोलता है।

**डॉ.तैयब खान**
**डायरेक्टर सानिया हॉस्पिटल**

# नाला सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने निकले निगम आयुक्त

## कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** शहर में नाला सफाई व्यवस्था और मैकेनाइज्ड कचरा ट्रांसफर स्टेशन का रविवार को नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका ने निरीक्षण किया। इस दौरान निगम आयुक्त ने कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर ऑटो टीपर चालकों से भी बातचीत की। नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने रविवार को सेक्टर 5 में नाला सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और संबंधित जोन प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका इस दौरान तुलेड़ा रोड स्थित नाले का निरीक्षण करने पहुंचे। आयुक्त ने कहा कि नाला सफाई व्यवस्था की लगातार मॉनिटरिंग की जाए और प्रतिदिन इसकी समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करें। नगर निगम आयुक्त ने इसके साथ ही अंबेडकर नगर के पास स्थित मैकेनाइज्ड कचरा ट्रांसफर स्टेशन का भी निरीक्षण किया और ऑटोटिपर चालकों को नियमित रूप से सभी वार्डों में गीला और सूखा कचरा अलग.अलग एकत्र करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों से बातचीत कर लिया सिटिजन फीडबैकद्द तुलेड़ा रोड पर नाला सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करने के दौरान नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और सफाई व्यवस्था के बारे में फीडबैक लिया। स्थानीय निवासी ने बातचीत में सफाई व्यवस्था को लेकर संतोष जताया और कहा कि क्षेत्र में नियमित रूप से सफाई हो रही हैए साथ ही नाला सफाई व्यवस्था सुचारू होने से आगामी मानसून के मौसम में परेशानी से निजात मिलेगी। नागरिकों से अपील गीला और सूखा कचरा अलग.अलग रखेंद्द निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी गीला और सूखा कचरा अलग.अलग कर ऑटोटीपर में डालें ताकि सफाई व्यवस्था में सुधार हो सके। उन्होंने कहा



कि गीले कचरे की श्रेणी में बचा हुआ भोजनए फल और सब्जियों के छिलकेए मांसाहारी भोजन के अवशेषए कटी हुई घास पौधों की टहनियों और सूखे फूल में पत्तियां आती हैं। जबकि सूखे कचरे की श्रेणी में कागज, गत्ते का सामान, कांच की बोतले, प्लास्टिक और रबड़ से बना सामान, साथ ही पुराने कपड़े, जूते, बैग, खिलौने और कंप्यूटर, मोबाइल चार्जर, इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल उपकरण आते हैं। इसलिए आमजन को इस संबंध में जागरूक रहते हुए अलग.अलग श्रेणी के कचरा पात्र का उपयोग करना चाहिए ताकि कचरा संग्रहण केंद्र पर उनके पृथक्करण में आसानी रहे।

# बाबा साहब के रास्ते पर चलने का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए : पूर्व केन्द्रीय मंत्री सिंह

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने नई बस्ती दिल्ली रोड पर आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर विचार गोष्ठी में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब के रास्ते पर चलने का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए, उन्होंने कहा कि सर्व समाज के विकास के लिए उन्होंने बड़ा बलिदान और योगदान दिया ने किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। उन्होंने संविधान लिखकर सर्व समाज को अपने हक का अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का राष्ट्र के नवनिर्माण में दिया गया योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने देश को एक नई दिशा दी। बाबा साहब का दिया गया मूल मंत्र शिक्षित बनो एसंगठित होएसंघर्ष करो का नारा आज भी हमारे हृदय में गूंजता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के सिद्धांतों एवं आदर्शों




को अपनाने से ही देश एवम समाज का विकास होगा। उन्होंने कहा कि डॉ अंबेडकर सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे। उन्होंने छुआछुत के विरुद्ध जो संघर्ष किया वह प्रेणादायक है। झारेडा में अकाल मृत्यु पर परिवारजनों को बंधाया ढांढस:-पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने ग्राम झारेडा में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की अकाल मृत्यु पर उनके आवास पहुंचकर परिवारजन को ढांढस बंधाते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की । उन्होंने कहा कि दु:ख की इस घड़ी में हम सब परिवारजनों के साथ है, ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें ।

इस दौरान धर्मेंद्र राठौर, योगेश मिश्रा, विश्राम गुर्जर, संजीव बारेठ, गफूर खान, धारा सिंह, जफरू खान,राकेश बैरवा, राहुल पटेल, शिवचरण बलाई, साजिद खान,जमशेद खान, राहुल खान, इमरान खान, डॉ गौरव यादव,हरकेश मीणा, नितिन धाकड़, धर्मराज मीणा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ठेका प्लेसमेंट संघर्ष समिति ने कार्मिक विभाग जल्द राजकीय संस्था गठित करवाने हेतु विधानसभा में मुद्दा रखने के लिए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राजस्थान के समस्त सरकारी कार्यालयों में कार्यरत प्लेसमेंट संविदा ठेका कर्मियों ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें संविदा प्लेसमेंट संघर्ष समिति के प्रदेश सचिव यश जोशी ने बताया कि राजस्थान बजट घोषणा बिन्दु संख्या 97;5द्ध में प्लेसमेंट एजेंसियों के माध्यम से कार्मिकों को संविदा पर नियोजित किए जाने कि व्यवस्था को चरणबद्ध रूप से समाप्त कर कार्मिक विभाग के अधीन राजकीय संस्था का गठन का प्रस्ताव किया गया है इसकी प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करवाने के लिए नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली विधानसभा में प्रश्न लगवाने हेतु ज्ञापन सौंपा गया। इसमें कॉन्ट्रैक्चुल कंप्यूटर एम्प्लोई संघ के प्रदेशाध्यक्ष अनिशराज प्रजापत ने बताया कि वर्तमान सरकार राज्य में ठेका प्रथा बन्द करे और सरकारी बोर्ड बनाए। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र 12 मार्च को इस मुद्दे को पूर्ण रूप से उठाया जाएगा और समस्त ठेका कर्मचारीयों को शोषण से मुक्त के लिए आवाज़ विधानसभा में रखेंगे। जिसमें चिकित्सा विभाग से सुरेन्द्र सिंह, समय सिंह, सुनील, नरेश, आलोक शर्मा, लालाराम मीणा,उमंग कुमार, अनिल महेन्द्रवारीया, भारत शर्मा, यक्ष जोशी, सोनू सैनी, नितेश शर्मा, खाद्य विभाग से विनोद कुमार वर्मा, दुलीचन्द, अग्नि विभाग से सत्यवीर यादव, अमीनेश, रविन्द्र,योगेन्द्र, प्रेम सिंह, पूरण सिंह, शाहाकरण, प्रदीप, गजेन्द्र, जलेसिंह, पियूष, अमित, रमेश,



संदीप, महेश,नेमीचंद, रत्तीराम, यूआईटी से यशवंत, 108चालक शीशराम, लोकेश, राजेश, कमलेश, मुरारी, सुआलाल, मोनू कुमार शर्मा, बलवीर सिंह, अमित शर्मा, नरेश शर्मा, इब्राहिम, जयराम गुर्जर, ओमवीर, दीपक आदि प्लेसमेंट एजेंसी के कर्मचारी मौजूद रहे।

इसमें अग्नि विभाग, चिकित्सा विभाग, आबकारी विभाग, यूआईटी, वाहन चालक, कम्प्यूटर आपरेटर्स , वार्ड ब्वाय, शिक्षा विभाग, नगर परिषद, बिजली विभाग, जल विभाग एवं खाद्य विभाग अन्य सरकारी विभागों के संविदा प्लेसमेंट कर्मचारी मौजूद रहे।

# किसी भी समाज के आगे बढने का मार्ग शिक्षा : केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव

## पिनान में पेट्रोल पम्प के उद्घाटन व होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पिनान/रैणी( राजकुमार गुप्ता)।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने पिनान में भाजपा नेता बन्नाराम मीना के प्रतिष्ठान तुषार पेट्रोलियम का फीता काटकर उद्घाटन कर कहा कि इससे क्षेत्रवासियों की सुविधा में इजाफा होगा। उन्होंने होली मिलन समारोह में शिरकत कर प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं दी। केंद्रीय मंत्री यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरन्तर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के आगे बढने का मार्ग शिक्षा ही है। इसको दृष्टिगत रखते हुए जिले के सरकारी विद्यालयों में 100 ई-लाइब्रेरी बनाने की कार्य योजना बनाई है तथा जब तक इन लाइब्रेरियों का लक्ष्य पूरा नहीं होता तब किसी भी समारोह में पगडी नहीं पहनने के संकल्प के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बढावा देने के लिए राजगढ क्षेत्र से एक नई परम्परा शुरू की जाए कि किसी भी समारोह में फूलमाला व पगडी पहनाने की बजाय किसी भी सरकारी लाइब्रेरी में किताबें उपलब्ध कराई जाए इससे जरूरतमंद विद्यार्थी को अपना भविष्य बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग पर केंद्र सरकार द्वारा राजगढ में इसी सत्र से ही केंद्रीय विद्यालय शुरू किया है इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का आभार जताया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय के भवन का निर्माण भी शीघ्र ही कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पानी वर्तमान समय की सबसे बडी आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए उनके आग्रह पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्राम बीघोता में ईआरसीपी के पानी को इकट्ठा करने के लिए रिजर्व वायर बनाने की डीपीआर को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि पिनान में गैस एजेन्सी की भी आवश्यकता है इस विषय पर भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अलवर में खेल संस्कृति को बढावा देने के लिए अलवर सांसद खेल उत्सव आयोजित कराया गया जिसमें राजगढ व




लक्ष्मणगढ क्षेत्र की युवाओं व बालिकाओं ने कबड्डी आदि खेलों में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फिट इंडिया अभियान का उद्देश्य देश के युवाओं को फिट और तंदरूस्त रखना हैं। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। भाजपा नेता बन्नाराम मीणा ने आगन्तुकों का आभार जताते हुए कहा कि राजगढ-लक्ष्मणगढ क्षेत्र में एक साल के दौरान विकास को गति मिली है जिसमें सडकें, केंद्रीय विद्यालय, खेल मैदान सहित अनेक सौगातें हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों की ओर से पिनान को पंचायत समिति व उप तहसील बनाने तथा यहां खेल मैदान विकसित कराने की मांग रखी।

इस दौरान रामगढ विधायक सुखवन्त सिंह, पूर्व विधायक रामहेत यादव व जयराम जाटव, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, श्री श्री 1008 महंत बालकदास महाराज, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय नरूका, भजेड़ा सरपंच सीमा मीणा, अनीता,श्रीराम मास्टर,पिनान सरपंच प्रेम देवी, शैफाली, सुखराम मीना सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# खण्डेलवाल महिला समिति ने महिला दिवस व फागोत्सव धूमधाम से मनाया



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** रविवार को खण्डेलवाल महिला समिति की ओर से महिला दिवस एवं फागोत्सव बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खण्डेलवाल महिला समिति की अध्यक्ष इंदिरा रावत ने बताया कि महिलाओं ने सरस्वती वंदना करके एवं दीप प्रज्वलित करके पूजा की। इसके बाद सभी महिलाओं ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आशा तांबी ने कहा कि हर स्त्री को अच्छी बातों को यादों में तथा खुशियों को हिचकियों में रखना चाहिए ना कि सिसकियों में रखना चाहिए। वहीं समिति की सदस्य सुमन गुप्ता ने बताया कि घर में सभी बड़े सदस्यों का सम्मान करना चाहिए। वर्षा गुप्ता ने कहा कि बच्चे हमेशा बड़े लोगों से सीखते हैं और हम लोगों को बड़ों का सम्मान करके बच्चों को आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। इस अवसर पर कन्याओं ने राधा कृष्ण की सजीव झांकी प्रस्तुत की और महिलाओं ने फूलों की होली खेल कर फाग उत्सव को बड़े धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर निशा पाटोदिया, सरिता रावत, अनीता सोंखिया, सुशीला वैध, गीता, मीनाक्षी, अनीता, सुनीता, मीनू, सरिता सहित महिला समिति की सदस्य मौजूद रहीं।

# स्ट्रीट डॉग को लेकर अपना घर शालीमार में हुई बैठक

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रविवार को अपनाघर शालीमार में डॉग लवर, मेनका गांधी एनजीओ और रेसिडेंट्स के मध्य मीटिंग प्रस्तावित हुई। मीटिंग सार्थक रही और निष्कर्ष से निकला है कि डॉग लवर के साथ बैठकर भी हुई और यह तय किया गया है कि समिति की चार दिवारी के बाहर निर्धारित स्थान पर ही डॉग्स को फीडिंग कराया जाएगा और उनकी नसबंदी के लिए सरकार स्तर पर प्रयास किए जाएंगे।

## एक दिवसीय जिला स्तरीय रोजगार मेला कल

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के कोठी नारायणपुर बाईपास स्थित राव औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केन्द्र में जिला प्रशासन एवं कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 11 मार्च मंगलवार को एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। राव शिक्षा समिति की सचिव डॉ सवित्रा यादव ने बताया कि इस रोजगार सहायता शिविर में निजी क्षेत्र की विभिन्न प्रतिष्ठित औद्योगिक संस्थान भाग रही है। जिसमें अलग-अलग योग्यता धारक आशार्थियों जैसे 10 वीं, 12वीं, आईटीआई, स्नातक, डिप्लोमा आदि के लिए रोजगार के अवसर प्रदान किये जायेंगे।

# राजेश शर्मा बने राजगढ़ ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के गोविंद देव जी बाजार स्थित श्री ब्राह्मण धर्मशाला में रविवार को राजगढ़ ब्राह्मण समाज के ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी के अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें राजेश शर्मा ठेकेदार ने अपने प्रतिद्वंद्वी मनोज बोहरा को 206 वोटों से हरा कर एक बार फिर ब्राह्मण समाज राजगढ़ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा व सहायक निर्वाचन अधिकारी अशोक पालीवाल ने बताया कि मतदान सायं 4 बजे तक चला। इसके बाद मतगणना की गई। जिसमें राजेश शर्मा ठेकेदार को 406 तथा मनोज बोहरा को 200 वोट मिले। जिसमें राजेश शर्मा ठेकेदार को विजयी घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश शर्मा व सहायक निर्वाचन अधिकारी अशोक पालीवाल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश शर्मा को शपथ दिलाई। ब्राह्मण धर्मशाला में नवनियुक्त अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार व हारे प्रत्याशी का समाज के लोगों व सामाजिक संस्थाओं के लोगों ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। निर्वाचित होने के बाद अध्यक्ष शर्मा ने पराजित प्रत्याशी को साथ लेकर एकता का परिचय दिया। इस दौरान उनका विजयी जूलूस निकाला गया जिसमें विभिन्न सामाजिक संस्थाओं तथा सामाजिक कार्यकर्ता ने माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, संत ज्ञानेश्वर



शर्मा, मदनलाल शर्मा, नरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 178 मामलों का हुआ निपटारा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** शनिवार को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में 178 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर 3 करोड़ 71 लाख 16 हजार के अवार्ड पारित किए गए। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में यह पहली राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की गई। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश लेखपाल शर्मा की अध्यक्षता में दो बैंचों का गठन किया गया। पहली बैंच में एडीजे लेखपाल शर्मा, तहसीलदार वी पी सिंह और अधिवक्ता सुंदरलाल बैरवा शामिल रहे व दूसरी बैंच में अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट हर्षित शर्मा और अधिवक्ता विजय सिंह मीना मौजूद रहे। लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी और मोटर दुर्घटना से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया। इसके अलावा दो प्री- लिटिगेशन अवार्ड और राजस्व न्यायालय के 343 प्रकरणों का भी निस्तारण हुआ।

## अलवर डीएसटी टीम की कार्रवाही

# यासीन हत्या कांड मे फरार आरोपी जाहिद बल्लाणा दस्तयाब

बढ़ता राजस्थान



**अलवर( का.स. )।** चर्चित यासीन हत्याकांड का मुख्य आरोपी 5000 रूपये के इनामी बदमाश को अलवर की डीएसटी टीम ने दस्तयाब कर बहरोड़ कोटपूतली पुलिस को सुर्पुद कर दिया है। आईपीएस संजीव नैन पुलिस अधीक्षक जिला अलवर के निर्देशानुसार तेजपाल सिंह आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व अंगद शर्मा आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत उत्तर अलवर के नेतृत्व मे चर्चित यासीन हत्याकांड मामले मे फरार अपराधियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक महोदय जिला कोटपूतली बहरोड द्वारा ईनाम घोषित किया गया।

जिस पर प्रभारी डीएसटी अलवर द्वारा टीम गठित कि गई , टीम द्वारा 5000 रूपये के ईनामी अपराधी जाहिद को दस्तयाब किया गया। आरोपी जाहिद को थाना नारायणपुर जिला कोटपूतली बहरोड को सुपुर्द किया गया। आरोपी जाहिद के विरूद्ध विभिन्न थानो मे आधा दर्जन से ज्यादा (7) प्रकरण पंजीबद्ध हैं।

# हनी ट्रेप गैंग के सरगना व एक लड़की को पकड़ा, व्यापारी को हनी ट्रेप में फंसाकर कराया था एक लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांजेक्शन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** व्यापारी से फेसबुक पर दोस्ती कर हनी ट्रेप में फंसा सुनसान इलाके में बुला कर ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करवा लूटने वाली हनी ट्रेप गैंग के सरगना और महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मामला अनंतपुरा थाना इलाके का है। आरोपी महिला ने फेसबुक के जरिए व्यापारी को चंगुल में फंसाया था। गिरफ्तार आरोपियों में सागर अग्रवाल व रहनुमां शामिल हैं। कोटा शहर एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि पीड़ित व्यापारी ने 3 मार्च को इस सम्बन्ध में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में उसे हनी ट्रेप में फंसा कर लूटपाट करने और जबरन ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कराने का मामला दर्ज कराया था। घटना की गम्भीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के निर्देशन में गैंग की पहचान कर तलाश शुरू की। इसके लिए थाना अनंतपुरा कोटा शहर के नेतृत्व एक स्पेशल टीम का गठन किया। टीम ने फेसबुक एकाउंट व बैंक अकाउंट की जानकारी जुटाकर 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। सरगना सागर अग्रवाल उर्फ नन्नू फरार हो गया था। टीम ने शनिवार को उसे गिरफ्तार कर लिया।

**फेसबुक पर 5 दिन की दोस्ती में ही फंसा :** पुलिस को दी रिपोर्ट में व्यापारी ने बताया था ? कि मोनिका सिंघानिया नाम की फेसबुक आईडी से एक लड़की ने मुझसे 5 दिन तक बात की। फिर 25 फरवरी को मुझे झालावाड़ रोड पर अनंतपुरा इलाके में कर्णेश्वर महादेव मंदिर बुलाया। वहां जाने पर बीच रास्ते में 4 लड़कों ने मुझे रोका और मेरी ही कार में मुझे किडनैप कर लिया। मुझे 3-4 घंटे सुनसान इलाके में रखा और डरा धमकाकर फोन पे एप से एक लाख रुपए ऑन लाइन ट्रांजेक्शन करा लिया।

### शोएब ने बनाई फर्जी आईडी, सागर करता था चैट

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया, सरगना सागर अग्रवाल बॉम्बे योजना, उद्योग नगर में रहता है। उसने अपनी मुंहबोली बहन रहनुमां को झांसे में लिया और उसके साथ लिवइन रहने लगा। सागर की दोस्ती साजन वैष्णव और शोएब से हो गई थी। विज्ञान नगर निवासी अलीना भी इनकी दोस्त है। सागर अग्रवाल व शोएब ने मिलकर रहनुमां और अलीना की मदद से शहर के व्यापारियों को हनी ट्रेप में फंसाने की साजिश रची। इसके तहत दोनों लड़कियां को फेसबुक चेटिंग कर व्यापारियों को फंसाना था। शोएब ने दोनों लड़कियों की फर्जी फेसबुक आईडी मोनिका सिंघानिया के नाम से बनाई। इस अकाउंट को सागर हेंडल करता था। वह लड़की बनकर व्यापारियों से बात करता। व्यापारी वीडियो की मांग करते तो अलीना और रहनुमां से विडियो कॉल करवा देता। व्यापारी मिलने के लिए तैयार होता तो लड़की उसे सुनसान इलाके में बुलाती। वहां पहले से छुपे हुए गैंग के मेम्बर किडनैप कर लूटपाट करते थे।

### पुलिस ने यह किया मामले का खुलासा

पुलिस ने वारदात में शामिल अलीना को एक इवेंट से पकड़ा। वहीं रहनुमां को भी पकड़ लिया गया है। पूछताछ में अलीना ने उद्योग नगर प्रकरण की घटना में शामिल होने की बात कबूल की तो उसे उद्योग नगर पुलिस को सौंप दिया गया। सागर व रहनुमां ने अनन्तपुरा इलाके में वारदात करना स्वीकार किया तो दोनों को बापर्दा गिरफ्तार किया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया। जहां पीड़ित व्यापारी इनकी शिनाख्त करेगा। पूर्व में सागर अग्रवाल व रहनुमां ने मिलकर महावीर नगर व अनन्तपुरा में भी भी वारदातों को अंजाम दिया था। उन मामलों की भी जांच की जाएगी। इस कार्रवाई के लिए बनाई गई विशेष टीम में भूपेन्द्र सिंह पुलिस निरीक्षक, सुरेन्द्र सिंह सहायक उप निरीक्षक, ओमप्रकाश हेड कॉन्स्टेबल, दिनेश कॉन्स्टेबल, पुष्पेन्द्र, फरसाराम व राजेन्द्र शामिल रहे।



# पारम्परिक खेलों के महोत्सव में ताजा हो गई बचपन की यादें, बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

## बुजुर्गों का उत्साह देखते ही बन रहा था, महिलाओं ने भी की शिरकत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** गुरु आस्था परिवार एवं सकल दिगम्बर जैन समाज समिति, कोटा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को पारम्परिक खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। आचार्य श्री 108 प्रज्ञा सागर जी महाराज (ससंघ) के सानिध्य में यह आयोजन मधुबन वाटिका में आयोजित हुआ। इस आयोजन ने समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर उनकी बचपन की यादों को ताजा कर दिया। समाज के यतीश जैन खेड़ावाला ने कहा कि आज के तकनीकी युग में पारम्परिक खे खोते जा रहे हैं। इस महोत्सव का उद्देश्य उन खेलों को पुनर्जीवित करना है, जो कभी बचपन का अभिन्न हिस्सा थे। इस आयोजन में नींबू दौड़, जलेबी दौड़, बोरा दौड़, कुर्सी दौड़, सतोलिया, गुल्ली-डंडा, रस्साकसी, कंचे, रस्सी कूद, खो-खो, कैरम बोर्ड जैसे खेल शामिल किए गए। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने इन खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और बचपन की यादों को जीवंत किया।

### विजेताओं का सम्मान समारोह

विमल जैन नांता ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में डॉ. पंकज जैन, डॉ. सुनील जैन, डॉ. दीप्ति जैन, सुनील जैन (उज्जैन), अनिल जैन, सुरेश कुमार, मनीष कुमार, मोहन, यतीश खेड़ा वाला, कपिल आगम आदि गणमान्य व्यक्तियों ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए।

### खेल को खेल की भावना से खेलें : आचार्य

इस अवसर पर आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि खेल को सदैव खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार-जीत जीवन का हिस्सा है, लेकिन असली जीत सहयोग, प्रेम और मैत्री में निहित होती है। खेल हमें अनुशासन, आत्म-निर्भरता और परिश्रम की सीख देते हैं, जो हमारे सम्पूर्ण जीवन के लिए आवश्यक है। उनके इस प्रेरणादायक संदेश ने सभी को खेलों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की प्रेरणा दी।

### समाज में बढ़ता आपसी प्रेम और सद्भाव

यह आयोजन मनोरंजन और पारम्परिक खेलों को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और संस्कृति को मजबूत करने में भी सहायक सिद्ध हुआ। इस अवसर पर विमल जैन, वर्धमान यतीश जैन (खेड़ा वाला), लोकेश जैन (सीसवाली), अर्पित जैन, अजय खटकीड़ा, अजयमेरु, मनोज जैसवाल, दीपक नांता, अनिल जैन, नवीन दौराया, पारस जैन, मनोज जैन (मालू जी वाला) आदि मौजूद रहे।

# कोटा में बड़ी कार्रवाई : कोल्ड स्टोरेज में मिला बदबूदार-फंगस लगा हुआ 250 किलो मावा, टीम ने नष्ट करवाया, विभिन्न खाद्य पदार्थों के 30 नमूने भी लिए





बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** खाद्य सुरक्षा दल की कोटा शहर सहित जिलेभर में ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। इसके काफी अच्छे परिणाम भी मिल रहे हैं। इसी क्रम में रविवार को रामगंजमंडी क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक डेयरियों, किराना स्टोर व मिष्ठान भंडार का निरीक्षण किया। इस दौरान एक डेयरी के कोल्ड स्टोर में 250 किलो काफी पुराना, बदबूदार व फंगस लगा हुआ मावा मिला। इसे टीम ने नष्ट करवाया। साथ ही विभिन्न स्थानों से कुल 30 नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भिजवाए। इस कार्रवाई में सुकेत चौराहे स्थित एक मिष्ठान भंडार का निरीक्षण करते हुए साफ- सफाई के निर्देश दिए व यहां से बर्फी व बूंदी के नमूने लिए। इसी क्रम में रामगंजमंडी स्थित विभिन्न डेयरियों, किराना व मिष्ठान भंडार का निरीक्षण करते हुए मिठाई, दूध, मावा, पनीर, घी, दही मसाले, चाय, टॉफी के भी नमूने लिए।

**यहां हुई बड़ी कार्रवाई :** इसी दौरान टीम ने सूचना के आधार पर रामगंजमंडी की एक डेयरी के कोल्ड स्टोरेज का निरीक्षण किया। बड़ी बात यह है कि इस डेयरी का नाम भगवान के नाम पर है। यहां 10 टोकरी में रखा हुआ पुराना, बदबूदार व फंगस लगा हुआ 250 किलो मावा बरामद किया। प्रत्येक टोकरी में 25 किलो मावा रखा हुआ था। यह किसी भी तरह से खाने योग्य नहीं था। टीम ने इस मावा का नमूना लेकर पूरा मावा नष्ट कराया। कुल 30 नमूने लेकर जांच के लिए कोटा प्रयोगशाला में भिजवाए गए। यहां से प्राप्त होने वाली रिपोर्ट के आधार पर आगे कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, अरुण सक्सेना, चंद्रवीर सिंह जादोन व मोजी लाल कुम्भकार शामिल रहे। यह कार्रवाई कोटा प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे कामयाब कोटा व राज्य में चलाए जा रहे शुद्ध आहार-मिलावट पर वार होली स्पेशल अभियान के तहत प्रमुख शासन सचिव मेडिकल एंड हेल्थ गायत्री राठौर व आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण एच गुइटे के मार्गदर्शन, जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी के निर्देशन में तथा अभिहित अधिकारी एवं सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर के नेतृत्व में की गई।

# एलबीएस शिक्षण संस्थान में महिला दिवस पर हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं विद्यालय की शिक्षिकाओं सहित अन्य महिलाओं ने भी लिया भाग

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एलबीएस परिसर, महावीर नगर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकाओं व अन्य महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई।

कार्यक्रम का प्रारम्भ एलबीएस की संस्थापिका उर्मिला माथुर व संस्था के चेयरमैन कुलदीप माथुर, योगेन्द्र माथुर, सुदर्शन माथुर, डॉ. शिल्पा माथुर, विशेष अतिथि डॉ.रसीला भूरिया ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और क्रियाशील गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें सभी महिलाओं ने भाग लिया। स्कूल में आयोजित बेकरी वर्कशॉप में महिलाओं ने बेकरी की तकनीकों को सीखा और खुद के हाथों से स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए। साथ ही नृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इसमें महिलाओं ने अपनी अद्भुत नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रेम्प वॉक भी आयोजित की गई। इसमें महिलाओं ने मॉडलिंग की खूबसूरत कला को प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम ने महिलाओं की बहुमुखी प्रतिभा और सशक्तिकरण को उजागर किया। संस्था के चेयरमैन कुलदीप माथुर ने इस आयोजन की सराहना करते हुए सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी व पुरस्कार प्रदान किए। महिला सशक्तिकरण की दिशा में स्कूल के योगदान को बताया।

**महिलाओं को दी जाएगी स्कॉलरशिप :** साथ ही महिला दिवस पर महिलाओं के लिए स्कॉलरशिप देने का भी ऐलान भी किया। माथुर ने बताया कि विद्यालय में संचालित कोर्सों में अगर महिला आवेदन करती हैं तो उन्हें 5 से 50% की स्कॉलरशिप दी जाएगी। इसकी अंतिम तिथि 31 अप्रेल है।

संस्था के मार्केटिंग मैनेजर दीपक खत्री ने संस्था के विभिन्न शिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी व सभी महिलाओं को आत्मनिर्भरता के बिन्दुओं को समझाया। कार्यक्रम का समापन करते हुए एचओडी सुरेन्द्र नागर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मस्तानी फागोत्सव का चढ़ने लगा रंग

## अबीर गुलाल लगा कर भजनो पर थिरका महिला मण्डल

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां, (टी.आर सैनी)।** रंग रंगीला फागोत्सव के रंग की धूम अब छाने लगी है। शहर का चारभूजा मंदिर या खाटू श्याम का मंदिर नैनवां व देई में फागोत्सव की मस्ती में नटखट बाल गोपाल,मुरलीवाला श्याम,राधा का दिवाना,गायो का ग्वाला को रीझाने के लिए महिलाएं भजनो की सरिता में भाव भंगिमा होकर नृत्य कर रही है।

ऐसा नहीं कि इस फागोत्सव में केवल मंदिर परिसर में ही यह कार्यक्रम हो रहा है,हर गली मोहल्ले में यह नजारा देखने को मिल रहा है। फागोत्सव के जादू से कोई अछुता नहीं है। रविवार को नैनवां उदालत परिसर के सामने वाली कॉलोनी में महिला मण्डल द्वारा फागोत्सव ऐसा मनाया कि आस पास के लोग भी भजनो की सरिता मे मंत्रमुग्ध होकर देखने पहुॅच गये।

महिलाओं ने फाग गीतो के बीच अबीर - गुलाब से होली खेली साथ ही महिलाओं और बच्चो ने भगवान कृष्ण, राधा व गोपियों के वेश भी धारण किए और गीतो पर नृत्य किया।

और महिलाओं ने एक दूसरे पर गुलाब और पुष्पावर्षा की। जिसमे महिला मण्डली ने बरसाने वाली....... खेय गयो मेरा बाजूबंद.... आ जाइयो बरसाने ..... सरीखे होली गीत प्रस्तुत किये। ऐसे आयोजनो से उल्लास का माहौल बना रहता है। राधा और कृष्ण के साथ महिलाओं ने जमकर नृत्य किया।

मन्जू मित्तल, नीतू मारवाडा, अंतिमा मारवाडा, अंतिमा गोयल, रेखा गोयल, सुनिता चवरियां, रेखा जैन आंवा वाले, रेणू (पिंकी) नासिरदा वाले, शमिला चवरियां, रिंकू नासिरदा वाले, गीता पटवारी, कमलेश , अनिता टेलर आदि महिलाओं ने डांस किया और अंत में भगवान की आरती प्रसादी बाटी।

## आराध्य देव चारभुजा नाथ मंदिर की महिला मंडल द्वारा मनाया फाग उत्सव

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी के आराध्य देव चारभुजा नाथ मंदिर की महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव मनाया गया इस अवसर पर द्रोपती नामा ने कृष्ण की भूमिका निभाई वही खशबू राधा बनकर खूब थिरकी, वहीं नेहा गर्ग नन्द बाबा बनी , कृष्ण के रसीले भजनों पर सभी ने फूलों व गुलाल से होली खेली चार भुजा मंदिर की महिला मंडल अध्यक्ष कांति दाधीच ने राधा कृष्ण व सभी सखी सहेलियां के साथ फूलों से होली खेली, वहां उपस्थित सभी महिलाओं ने फाग उत्सव का खूब आनंद लिया।

# आरटीई विसंगतियो को दूर करे सरकार, शिक्षा परिवार ने की मांग




बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** रविवार को स्कूल शिक्षा परिवार ब्लॉक नैनवां के पदाधिकारियो ने प्रदेशव्यापी आव्हान पर आरटीई की विसंगतियों को दूर करने की सरकार से मांग की। जनप्रतिनिधि एंव संगठन के माध्यम से ज्ञापन सरकार तक भिजवाया गया। ज्ञापन में स्कूल शिक्षा परिवार के पदाधिकारियो ने विभिन्न बिंदुओ के माध्यम से अपनी मांगे रखी। उन्होने बताया कि आरटीई अधिनियम की प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन किया जा रहा है। जिसमें यूनिट कॉस्ट का गलत भुगतान होना। नर्सरी, प्राइमरी कक्षा के भैया बहनों का उच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद भुगतान नहीं करना। जानबूझकर टाइम फ्रेम कम समय रखना जिसे वाजिब बच्चे प्रवेश के लिए वंचित रहते हैं। पिछले 3 सालों से यूनिट कॉस्ट में वृद्धि नहीं करना, उच्च कक्षा में मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता के अंतर्गत अध्यनरत बालकों का भी समय पर भुगतान नहीं करना, सहित कई मांगों को लेकर सरकार का ध्यानाकर्षण किया गया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अनिल रंगीला, के नगर पालिका अध्यक्ष सरिता नागर, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र नागर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राधा किसन सैनी को ज्ञापन को सरकार तक पहुॅचाने की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा, जिला महामंत्री विनोद पांडे ,राजवीर सुवालका, अरविंद शर्मा ,बद्रीनारायण चैहान ,मुकेश नागर ,सत्यनारायण शर्मा, भंवरलाल सैनी, ओवेद सोरेन, सत्यनारायण गुर्जर, बसंत कुमार शर्मा, दीपेश सिंह सोलंकी ,नंद सिंह सोलंकी, लकी जैन, विनोद कुमार जैन मौजूद रहे।

## चेटीचण्ड आयोजन के लिए सिंधी समाज की बैठक हुई, विचार-विमर्श कर जिम्मेदारियां सौंपी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** 30 मार्च, रविवार को आयोजित होने वाले चेटीचण्ड महोत्सव के सफल आयोजन के लिए श्री झूलेलाल मंदिर, रामतलाई मैदान पर पूज्य सिंधी पंचायतों, सामाजिक संस्थाओं, व्यापार संगठनों के प्रतिनिधियों, प्रबुद्धजनों, विशिष्ट सहयोगियों, समिति के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। श्री झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश गोपलानी ने यह जानकारी दी। समिति के महामंत्री श्री हरि प्रकाश पंजवानी ने बताया कि बैठक में सभी समाज बन्धुओं ने आयोजन को सफल बनाने लिए सुझाव दिए तथा सभी कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया।

**23 मार्च से 6 अप्रेल तक होंगे कार्यक्रम :** समिति के सांस्कृतिक मंत्री जय चंचलानी ने बताया कि आयोजन के तहत 23 मार्च से 6 अप्रेल तक नगर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में मौजूद मातृशक्ति को श्री झूलेलाल जी का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया।

**इन्होंने की सहयोग की अपील :** सावित्री गुप्ता, प्रेम भाटिया, मुरलीधर अलरेजा, प्रकाश मलकानी, गिरधारी पंजवानी आदि ने अपने विचार रखे। सभी ने चेटीचण्ड महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सहयोग व एकता की अपील की। इस बैठक में लधाराम ग्वालानी, बसंत वलेचा, किशन रतनानी, शंकर अरोड़ा, चन्द्रप्रकाश खूबचंदानी, किशन सचदेवा आदि उपस्थित रहे।

## मेडीखेड़ा समपार फाटक आंशिक रूप से बंद रहेगा

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़।** अजमेर मंडल के डेट -चंदेरिया खंड पर स्थित समपार फाटक संख्या 81( मेडीखेड़ा फाटक) पर आवश्यक मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस कारण यह फाटक दिनांक 10.3.2025 से 12.3.2025 तक बंद रहेगा। मुख्य जनसंपर्क निरीक्षक ने बताया कि उक्त समपार फाटक से गुजरने वाले रोड़ यातायात के लिए समपार फाटक संख्या 82 मेडीखेड़ा फाटक छोटी तथा समपार फाटक संख्या 83 आजोलिया का खेड़ा फाटक से सुचारु रहेगा।

# सभी बाँधों को डीपीआर में जोड़े सरकार
# हमने जो मुद्दे उठाये वो हुये पूरे : रामकिशन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/वैर (गोपाल पाठक)।** भरतपुर के पूर्व सांसद पंडित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह का समीपवर्ती ग्राम मोरदा में ग्रामीणों ने स्वागत किया और गिरते भूजल से अवगत कराते हुऐ क्षेत्र के बाँधों को इआरसीपी की नई बन रही डीपीआर में शामिल कराने की माँग रखी । पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन गत दिन वैर से बयाना जाते वक्त रास्ते में ग्राम मौरदा में आयोजित किसानों की नुक्कड़ बैठक में बोल रहे थे । पूर्व सांसद ने कहा कि हमने अब तक जो जो मुद्दे हाथ में लिये वो पूरे हुऐ है हालांकि जनता ने उतना सहयोग नहीं किया । उन्होंने कहा कि पानी के मुद्दे पर पहले तो ज्यादातर लोग भरोसा ही नहीं करते थे लेकिन अब यह पानी की योजना मंजूर भी हो गई और देर सवेर बाणगंगा नदी में पानी भी आयेगा । उन्होंने कहा कि यह पानी बर्षात पर निर्भर जरूर करेगा । पूर्व सांसद ने कहा कि पानी के मुद्दे पर दूसरे राजनेता भी कोशिश करते तो यह काम काफी पहले हो सकता था । उन्होंने कहा कि पानी की लड़ाई पानी मिलने तक जारी रहेगी और अब आगे हम रोजगार और पर्यावरण के सवाल को उठायेगे ।

उन्होंने कहा कि जनता की आबाज उठाने बाले लोगों को ही चुनावों में मौका देना चाहिये पानी की लड़ाई में छोटे बड़े अधिकांश नेता चुप रहे थे । किसान नेता इन्दल सिंह ने राज्य सरकार से जिले के छूटे बाँधों को नई डीपीआर में शामिल करने की माँग दोहराई । उन्होंने कहा कि सरकार को इआरसीपी जैसी पानी की महत्वपूर्ण योजना का बजट बढ़ाना चाहिये तथा इस योजना को अतिशीघ्र पूरा करके भरतपुर जिले को प्रथम चरण मे ही सिंचाई और पे यजल मिलना चाहिये क्योंकि यहाँ पानी का भारी संकट है। किसान नेता इन्दल सिंह ने वैर के लालपुर और सीता बाँध को भी जोड़ने की जरूरत बताई । उन्होंने कहा कि रामजल योजना ( इआरसीपी ) की नई



डीपीआर बनाई जा रही है उसमें अपने अपने क्षेत्र के बाँधों नहरों कैनालों को शामिल कराने के लिये सत्तारूढ़ दल के नेताओं ओर कार्यकर्ताओं को मिलकर प्रयास करने चाहिय । उन्होंने कहा कि भरतपुर जिले में पानी के साथ साथ रोजगार की भी कमी है यहाँ सरकार को प्रदूषण रहित उद्योग धन्धे लगाकर नौजवानों को रोजगार देकर पलायन रोकना चाहिये । किसानों की नुक्कड़ बैठक में घनश्याम गाजीपुर, अनिल शर्मा , तपन शर्मा भरतपुर , श्याम सिंह मौरदा, भदेव सिंह मौरदा , महाराज सिंह , तेज सिंह ने विचार रखे । बैठक की अध्यक्षता किसान नेता श्याम सिंह मौरदा ने की ।

## कामवन नाम पौराणिक व ऐतिहासिक फिर से हो सभी की भावना
# बृजभूमि के दर्शन व निवास परम सौभाग्य : स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी

बढ़ता राजस्थान

**कामां/ भरतपुर (रेखचन्द्र भारद्वाज)।** तीर्थराज विमल कुण्ड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक एंव श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने रविवार को बृजभूमि, ब्रजराज, ब्रजरज व ब्रजवासियों की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि अनेक जन्मों के पुण्य जब उदय होते हैं व सदगुरूदेव व परमपिता परमात्मा की असीम अनुकम्पा होती है तभी बृजभूमि व संतों के दर्शन व सेवन का परम सौभाग्य प्राप्त होता है । बृजभूमि, ब्रजराज, ब्रजरज व ब्रजवासियों की महिमा अपार है व उसका वर्णन करने की सामर्थ्य किसी में भी नहीं । सौभाग्य से यदि हमें ये अवसर प्राप्त हुआ है तो इन सबकी गरिमा, मर्यादा, पवित्रता इत्यादि को बरकरार रखते हुए प्रभु के प्रति कृतज्ञता अर्पित करनी चाहिए।बृज के बारह वनों में



पंचम प्रमुख वन काम्यवन, कामवन आदि वृन्दावन भगवान श्री कृष्ण की लीला स्थली है । फिर से कामां का पौराणिक व ऐतिहासिक नाम कामवन होना चाहिए यह जन जन की भावना है । उन्होंने कहा कि हम सभी अपने महापुरुषों, तीर्थों, शास्त्रों व परमात्मा के विभिन्न अवतारों से प्राप्त होने वाले शिक्षाओं, प्रेरणाओं उपदेशों को मात्र अपनी कमियों को छुपाने के लिए ढाल ही न बनाये बल्कि अपने जीवन में उतारकर कल्याणमय मार्ग पर आगे बढ़ें। और मानव जीवन की सार्थकता मात्र पशु तुल्य अपने तक ही सीमित रहने में नहीं अपितु किसी के काम आने में है। ईश्वर कृपा से प्राप्त धन, बल, पद, सामर्थ्य प्राप्त आदि का भोग या उपयोग ही नहीं बल्कि सदुपयोग करना चाहिए। पाँच कर्म इन्द्रियां व पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ इन दसों इंद्रियों को चाहे सांसारिक कर्तव्यों के पालन में लगाएं लेकिन एक मन को जो कि परमात्मा की ही अमानत है उसे उसके सिमरन भजन में लगाना चाहिए। संग का भी जीवन में सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है। संग अच्छा करना चाहिए, भोजन भी सात्विक, संयमित, संतुलित ही ग्रहण करना चाहिए।थोड़ी सी विषमता होने पर घर परिवार व समाज में अशांति पैदा हो जाती है, लेकिन भगवान शंकर तो इतनी विविधताओं, विषमताओं यहाँ तक कि एक दूसरे के स्वभाविक शत्रुओं को समेट कर बैठे हैं।

इन विविधताओं व विषमताओं के बावजूद उनके परिवार में आपसी प्रेम और सदभाव बरक़रार रहता है। आश्रम में श्री महाराज श्री दर्शनों के लिए लगातार नित्य हरि भक्तों का ताँता लगा हुआ है । इस बीच हज़ारों श्रद्धालुओं के साथ साथ अनेक न्यायाधीश, अधिकारी व क्षेत्र के गणमान्य लोग भी पहुंचे । आश्रम में विराजमान भगवान श्री रघुनाथ जी व श्री चैतन्येश्वर महादेव के दर्शन के लिए तो हमेशा की तरह भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है ।

# भारत विकास परिषद के मित्तल अध्यक्ष पहाड़िया सचिव निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय)।** आगामी सत्र के लिए संपर्क सहयोग संस्कार सेवा व समर्पण के उद्देश्यों को लेकर कार्य कर रही भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा के चुनाव शनिवार को देर रात्रि संपन्न हुए देवली रोड स्थित कलावती भवन में प्रांतीय पर्यवेक्षक देवेंद्र कुमार शर्मा के मुख्य अतिथि एवं प्रांतीय बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ प्रकल्प प्रभारी पंकज जैन के विशिष्ट आतिथ्य एवं प्रांतीय राष्ट्रीय पर्व प्रकल्प प्रभारी अंशु मित्तल की अध्यक्षता में सर्व समिति से अध्यक्ष, सचिव व वित्त सचिव का चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से पुनः शिक्षाविद् मनीष मित्तल को अध्यक्ष, चिकित्सक डॉ. विजय पहाडिया को सचिव व व्यवसायी राजेश गोयल को वित्त सचिव का दायित्व सौपा जाकर शपथ दिलाई गई। वक्ताओं ने स्थानीय भारत विकास परिषद शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए उनमें और अधिक पारदर्शिता लाने एवं अधिक लोगों को लाभान्वित कराए जाने का संकल्प लिया ! इस अवसर पर शाखा के अमित सिंघल, भगवानसिंह सैनी, बृजेश जिंदल, हेमन्त पाण्डेय, दिलीप सिंघल, नीरज शर्मा, रोहित सिंघल, शेरसिंह सैनी, सुभाष सिंघल, राहुल सिंघल, किशोर खत्री, प्रमोद बंसल, राजू गर्ग, श्याम मित्तल, विजय अग्रवाल, राजवीर सिंह, अरविन्द बंसल, चंद्रप्रकाश आर्य, शैलेश मित्तल, श्याम सुंदर शर्मा, प्रदीप मित्तल, रोशन सैनी, सचिन मित्तल, निक्कू सोनी, विमल अग्रवाल, लवकेश सैनी, दिलीप मित्तल, आदि उपस्थित रहे।

# बढ़ती जनसंख्या की खाद्य आपूर्ति हेतु किसान हाईटेक कृषि अपनाये

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय)।** उद्यान विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। उपनिदेशक उद्यान जनकराज मीना ने बताया कि प्रशिक्षण में 100 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि किसानों की आय बढद्याने एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु किसानों को बागवानी अपनानी चाहिए। उन्होंने बेर, आंवला, अमरूद, करौदा, पपीता आदि फलो की वैज्ञानिक खेती की विस्तृत जानकारी दी। अतिरिक्त निदेशक देशराज सिंह ने कहा कि घटती जोत एवं बढ़ती जनसंख्या की खाद्य आपूर्ति हेतु किसानों की हाईटेक कृषि अपनानी चाहिए। उन्होंने पॉलीहाउस, लोटनल और बूंद-बूंद सिंचाई पद्धिति अपनाने के लाभ बताये। संयुक्त निदेशक उद्यान योगेश शर्मा ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। डॉ. लक्ष्मण सिंह ने मृदा नमूना लेने का सही तरीका एवं खाद व उर्वरको की सही प्रयोग विधि बतायी। बृजेन्द्र सिंह ने जैविक खेती के लाभ विषय पर व्याख्यान दिया। सहायक निदेशक उद्यान अमर सिंह ने कहा कि सही बीज जिंक व पोटाश का उपयोग तथा नाइट्रोजन युक्त उर्वरको के सही प्रयोग से गेंहू व जी की फसल को गिरने से बचाया जा सकता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि अधिकारी हरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र चौधरी, हेमसिंह अम्बेश, परसराम जाटव, विश्वेन्द्र सिंह आदि कृषि अधिकारी उपस्थित थे।

# वैर में ब्राह्मण समाज का होली मिलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/वैर( गोपाल पाठक ) ।** ब्राह्मण समाज का होली मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन निजी मैरिज होम में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैद्य जगदीश शर्मा ने की तथा मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पंडित रामकिशन शर्मा रहे। ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष मोहनलाल शर्मा, डॉक्टर हिमांशु कटारा, महावीर प्रसाद, सुरेश कटारा कारौ नदबई, रोशन लाल कुम्हेर, रांगेय राघव महाविद्यालय के संरक्षक शिशुपाल लवानिया , गुलाबचंद वैद्य अशोक शर्मा हिंडौन, प्रेमचंद शर्मा, भगवान सिंह, अंजू, अनिल, समता आंदोलन के जिला अध्यक्ष केदार पाराशर, बाबूलाल, राजाराम उपाध्याय बयाना, वासुदेव बाबा संध्या नाथ ने विशिष्ट स्थिति के रूप में भाग लिया। ब्राह्मण समाज के लोग श्री बाबा मनोहर दास मंदिर से बैंड बाजे के साथ कस्बा के प्रमुख मार्गो से होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। भगवान परशुराम के चित्र पर दीप प्रज्वलित




करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत हुई। होली मिलन समारोह में अतिथियों का फूल माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया। वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए अपने-अपने विचार प्रकट किया साथ ही संगठित होकर रहने की अपील की। मुख्य अतिथि पंडित रामकिशन ने होली के इतिहास एवं परंपरा का विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम के अंत में फूलों से होली खेली गई। समारोह विष्णु शर्मा, रविंद्र शर्मा एवं शशिकांत शर्मा के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में सुरेश लवानिया, देवी प्रसाद, बालकृष्ण, गोपाल राम एड, रोहित चौधरी, देवेंद्र पाठक एडवोकेट, देवी राम, रमेश, रामधन शर्मा, सहित ब्राह्मण समाज के लोगों ने दुरदराज से आकर कार्यक्रम में भाग लिया।

# महिला दिवस की संध्या पर होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन आयोजित
## संसद में खोटे सिक्कों को हमने बहुत उछलते देखा,और उन्माद बड़े लुक्को को हमने आग उगलते देखा : ज्ञानी राम अज्ञानी

बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/भरतपुर( राजेश कटारा)।** वीरांगना रूप कुंवर जन सांस्कृतिक मंच द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की संध्या पर हरिशंकर शर्मा वरिष्ठ शिक्षक नेता के मुख्य आतिथ्य एवं देवकीनंदन शर्मा सिरोंद पूर्व अभियंताकी अध्यक्षता तथा देवेंद्र गौड़ पूर्व अध्यक्ष ब्राह्मण समाज,प्रभु दयाल खितौलिया पूर्व गिरदावर, उत्तम कृष्णा कटारा शास्त्री विशिष्ट अतिथि के सानिध्य में होली मिलन एवं कवि सम्मेलन रूपवास में आयोजित किया गया। कवि सम्मेलन का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वल अतिथियों द्वारा किया ।गीतम सिंह परमार ने मां सरस्वती की वंदना नमन करते हैं चरणों में ,कि वीणा वादिनी वर दे सुनाई ।सम्मेलन में ओज ,वीर, श्रृंगार व हास्य रस की कविता पाठ कर श्रोताओं को रात्रि भर सुनने को मजबूर कर तालियां बटोरी ।ओज के कवि व संयोजक ज्ञानी राम अज्ञानी ने सांसदों की शैली पर प्रहार कर कहा संसद में खोटे सिक्कों को हमने बहुत उछलते देखा और उन्माद भरे लुक्को को हमने आग उगलते देखा ।सुना कर तालियां बटोरी, नन्हे बालकवि प्रणय शर्मा यश ने महिला दिवस के अवसर पर मातृशक्ति को प्रणाम करते हुए नारी शक्ति पर कविता सुनाई खोला जब सास ने नई दुल्हन का संदूक ,दहेज के साथ निकली उसमें एक बंदूक सुनाई तथा श्रोताओं ने तालियां बजाकर स्वागत तथा उत्साह वर्धन किया। कवि संजय हिंदुस्तानी ने ना ही लिखा चीन अमेरिका ना ही पाकिस्तान लिखा है। हिंदुस्तानी नाम मेरा मैंने हिंदुस्तान लिखा ।हास्य एवं श्रृंगार के कवि दिनेश अनुभवी ने कहा पहले मिलन की पहली होली वृंदावन में खेली, कौशल गौड ने मुझे माफ करना विद्वानों में बालक नादान हूं ।कवि हेमेंद्र परमार मनु ने कहा चारों तरफ देखिए इश्क की बीमारी पल रही है ।युवाओं की जवानी को जिंदा निगल रही है। गोविंद सिंह परमार सिरसोदा ने कविता पाठ के माध्यम से कहा मां तुझे सौगंध है आंसू ना बहाना ।देश भक्ति पर रचना सुन कर तालियां बटोरी। वरिष्ठ कवि गीतम सिंह परमार ने ग्वाल बाल सब सखा जोरि, बजमारो आयो है बरसाने में नंदलाल और हुरहारो आयो है। कवियत्री मीनाक्षी सरस्वती रचना के माध्यम से कहा राम का नाम भजले तू ए बाबरे इनमें क्या खर्च हो तेरा धन जागा सुना कर मातृ शक्ति से तालियां बजवाई। कवियत्री शिवानी शर्मा ने कहा कि मैं नारी हूं, हां मैं नारी हूं ,नहीं हूं मैं अबला मेरा भी वजूद है। युवा कवि एवं गीतकार योगेश कौशिक ने कहा वेदों के मंत्र यही सभी पुराणों का है सार, भागवत की इस कथा का, सार सोच कृष्ण है

जिस पर श्रोताओ ने आशू धारा वहां दी ।अंत में डोलेंद्र



गौड एडवोकेट एवं पार्टी द्वारा ब्रज में होली के रसिया व गीत गा कर सभी के द्वारा फूलों से होली खेली। इस अवसर पर युवा नेता अवनीश शर्मा, बादाम प्रजापत, बृजभूषण गौड़, मुकेश कुमार, लवकेश, पुष्पेंद्र, गोपेश शर्मा, बैकुंठीदेवी, भूदेवी, उत्तम, ज्वाला, रेखा, सुलेखा, शिवानी, प्राची, हरिमोहन शर्मा आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि शिक्षाविद हरि शंकर शर्मा ने होली मिलन समारोह एवं कवि सम्मेलन आयोजन के लिए आयोजक देवेंद्र गौड़ व उत्तम कृष्ण कटारा शास्त्री का आभार व्यक्त किया। संचालन योगेश कौशिक ने किया।

# सैनिकों के हक के लिए बयाना विधायक से मिले : केशव कमांडो



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना उपखंड के भीमनगर निवासी एवं संयुक्त राष्ट्र संघ सम्मानित और मुंबई हमले में आतंकियों से लोहा ले चुके पूर्व सैनिक केशव कमांडो ने सैनिक और सैन्य परिवारों के हकों के लिए कई वर्षों से आवाज बुलंद की व लड़ रहे है । विधानसभा सत्र आरंभ होने से पहले स्थानीय विधायक ऋतु बनावत से मुलाकात की और सैनिकों के हक को विधानसभा में संज्ञान में लाने की बात कही, याद रहे कुछ वर्ष पूर्व बंगसपुरा निवासी सैनिक रामरूप गुर्जर की सेवारत आकस्मिक मृत्यु हुई उनकी वीरांगना पत्नी लक्ष्मी गुर्जर 4 साल के पुत्र सहित कई महीने से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही हैं क्योंकि राज्य सरकार की ओर से पूर्व में दिवंगत सैनिक के परिजनों को बिना शर्त राजकीय नौकरी दी जाती रही हैं । लेकिन अभी वर्तमान सरकार ने उसमें शैक्षणिक योग्यता का प्रावधान कर सैनिकों के परिजनों को दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर कर दिया विधायक ने जल्दी समाधान का भरोसा दिलाया है ।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पंचायत समिति देवनारायण कॉलेज में महिलाओं को आत्मरक्षा से अवगत कराया



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना के पंचायत समिति के पास देवनारायण कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को सुरक्षा व सुरक्षा के लिए बने कानून को लेकर अवगत कराया। एडवोकेट यज्ञ प्रिया शर्मा ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर देवनारायण कॉलेज में उपस्थित छात्राओं को महिला सशक्तिकरण पर विचार रखते हुए बताया की महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र में सबसे आगे रहे। क्योंकि समाज में फैल रही कुरीतियों को शिक्षा व ज्ञान के द्वारा ही कम किया जा सकता है। बताया कि कामकाजी महिलाएं जो घर से बाहर नौकरी के लिए जाती है वह अपनी सुरक्षा किस तरह से कर सकती हैं। शर्मा ने महिलाओं को गुड़ टच व बेड टच से अपनी सुरक्षा कानूनी तौर पर किस प्रकार कर सकती हैं। महिला को अपराधों के विरुद्ध आवाज उठानी चाहिए अपराध सहन करने से अपराधियों के हौसले बुलंद होते हैं।

# सीएलजी बैठक में छात्रोंओ व बैंक से व्यापारी की सुरक्षा पर चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना में कोतवाली परिसर में होली त्योहार को लेकर आज एक बैठक आयोजित की गई। एडिशनल एसपी हरीराम कुमावत की अध्यक्षता में हुई सीएलजी बैठक में कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में डिप्टी एसपी कृष्णराज व थाना प्रभारी बाबूलाल गुर्जर भी मौजूद थे।

## छात्राओं व बैंक से व्यापारी की सुरक्षा को लेकर की चर्चा

सीएलजी सदस्यों ने स्कूली और कॉलेज छात्राओं की सुरक्षा पर विशेष चिंता जताई। उन्होंने छेड़छाड़ की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। आने वाले फसली सीजन को देखते हुए शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के सुझाव भी दिए गए। व्यापार महासंघ के अध्यक्ष विनोद सिंघल ने बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग रखी। ताकि बैंक से नकदी लाने-ले जाने वाले व्यापरियों को सुरक्षित माहौल मिल सके। इस पर एडीशनल एसपी कुमावत और सीओ कृष्णराज ने होली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पुलिस की तत्परता का आश्वासन दिया। उन्होंने जनता से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। बैठक में व्यापार महासंघ के संरक्षक पवन गोयल, व्यापार संघ से जानकी प्रसाद सामरी, कमल जैन, दीनू पाराशर, जेपी गुर्जर एडवोकेट, पूर्व सरपंच कमल सिंह और विष्णु गर्ग सहित कई सीएलजी सदस्य शामिल हुए।

# अभिभाषक संघ का 18वें दिन भी कार्य बहिष्कार और धरना प्रदर्शन जारी

बढ़ता राजस्थान



**रूपवास/भरतपुर (राजेश कटारा)।** अभिभाषक संघ रूपवास के अधिवक्ताओं ने एडीजे कोर्ट व एसीजेएम कोर्ट स्थापित कराने की मांग को लेकर 18 वें दिन भी न्यायालय परिसर में धरना प्रदर्शन कर सरकार के प्रति रोष प्रकट किया । संघ के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश पाराशर ने बताया कि अधिवक्ताओं का गत 18 दिन से अनवरत रूप से मुख्यालय पर एडीजे कोर्ट व एसीजेएम कोर्ट स्थापित कराने की मांग को लेकर समस्त न्यायालयों का कार्य स्थगित कर बहिष्कार चला आ रहा है तथा अधिवक्ताओं के आन्दोलन को सर्व समाज के अलावा व्यापार मंडल, भूतपूर्व सैनिक कल्याण समिति, विभिन्न संगठनों द्वारा समर्थन देकर सरकार से शीघ्र ही मांग को पूरा करने की गुहार लगा चुके हैं उसके बाबजूद भी सरकार द्वारा अनदेखी की जा रही है जबकि क्षेत्र की मौजूदा विधायक ऋतु बनावत ने सदन को व मुख्यमंत्री को अधिवक्ताओं की समस्या से की बार अवगत करा दिया गया है इसके अलावा भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री भानु प्रताप सिंह राजावत, पूर्व विधायक बच्चूसिंह बंशीवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा भी मांग को जायज ठहराते हुए सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर शीघ्र ही मुख्यालय पर एडीजे कोर्ट व एसीजेएम कोर्ट स्थापित कराने की अपील कर चुके हैं।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन लक्षकार का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**सिणधरी,( कैलाश गोस्वामी )।** भारतीय जनता पार्टी सिणधरी द्वारा नव-निर्वाचित मंडल अध्यक्ष पवन लक्षकार के सम्मान में एक भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन हनुमान चौराहा पर किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भारी उत्साह देखने को मिला। पटाखों की गूंज, भारत माता के जयकारों और पुष्पवर्षा के साथ माहौल पूरी तरह से उत्सवमय बन गया।



### कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं का जोश चरम पर

इस भव्य समारोह में भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए, जिन्होंने नव-निर्वाचित मंडल अध्यक्ष पवन लक्षकार का फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए और पवन लक्षकार के नेतृत्व में संगठन को नई दिशा देने की बात कही। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित नगरपालिका अध्यक्ष जबरसिंह महेचा, जिला परिषद सदस्य हंसराज प्रजापत, कुंवर विष्णुपाल सिंह राठौड़ सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने अपने विचार व्यक्त किए और पवन लक्षकार को बधाई दी।

### संगठन को और मजबूत करने का संकल्प

अपने संबोधन में नव-निर्वाचित मंडल अध्यक्ष पवन लक्षकार ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत बनाना और कार्यकर्ताओं को एकजुट रखना रहेगा।

उन्होंने आश्वासन दिया कि वे कार्यकर्ताओं की समस्याओं और उनकी आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान देंगे और पार्टी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का पूरा प्रयास करेंगे।

### वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति

इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें मंडल महामंत्री राणाराम प्रजापत, भरत गर्ग, मितेश यति, जोगेंद्र आचार्य, राणाराम लक्षकार, टीकमाराम लोल, राजेंद्र माली, मनोज मेवाड़ा, सरपंच राजूसिंह सोढ़ा, पोकरराम सेंवर, बाबुभाई भेड़ाणा, भेराराम तरड़, खूबाराम जीनगर, राऊमल सारण, गोविंद सिंह डंडाली, जगदीश नवाद, दानाराम सांई, राणाराम सियाग, पदमाराम काला, थानाराम गोदारा, उमेदाराम जीनगर, जुंजाराम सारण, अमरसिंह राजपुरोहित, गोविंद जीनगर, लोकेश कुमार बंजारा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## 8 साल के शायान अली ने रखा अपने जीवन का पहला रोजा

बढ़ता राजस्थान




**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान मै रोजा बड़ों के साथ साथ मासूम बच्चे भी रोजा रख रहे। रमजान के आठवें रोजे के दौरान कस्बे के 8 साल के शायान अली पिता साजिद अली ने रखा अपने जीवन का पहला रोजा। पहला रोजा रखने पर घर में खुशी का माहौल रहा। बेटे के पहले रोजे रखने पर खाने का आयोजन किमा गया। शाम को रोजा इफ्तार किया। परिजनों रिश्तेदारों ने दिली मुबारकबाद दी।वही देश में अमन चैन की दुआ मांगी।

## राजसमंद की ग्रा.पं. मंडावर निवासी सेवानिवृत सैनिक हवलदार पन्नासिंह के निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त

### देश के वीर सैनिक पन्ना सिंह ने भारत-बांग्लादेश व भारत-पाकिस्तान युद्ध में अहम भूमिका निभाई

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** समीपवर्ती जिला राजसमंद में भीम तहसील की ग्राम पंचायत मंडावर ग्राम के प्रथम 19 राजपूताना राइफल्स के जांबाज सेवानिवृत्त सैनिक हवलदार पन्नासिंह का बुधवार देर सांय असामयिक निधन हो जाने से चहुंओर शोक व्याप्त हो गया।इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्यजनों एवं युवा वर्ग द्वारा शोक व्यक्त के साथ परिवार को ढांढस बंधाने का दौर जारी है। देश के वीर सेवानिवृत सैनिक पन्ना सिंह के पौत्र युवा समाजसेवी हुकम सिंह मंडावर ने बताया कि प्रथम 19 राजपूताना राइफल्स के वीर सैनिक पन्ना सिंह ने 80 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। गुरुवार अलसुबह क्षेत्र में पन्ना सिंह के निधन का समाचार मिलते ही चहुंओर शोक व्याप्त हो गया। जिसके उपरांत देश के वीर सैनिक पन्ना सिंह के अंतिम दर्शन हेतु लोगो का जमावड़ा लग गया। उल्लेखनीय है कि देश वीर सैनिक हवलदार पन्ना सिंह द्वारा भारत-बांग्लादेश तथा भारत-पाक एवं भारत-श्री लंका युद्ध में अहम सहयोग प्रदान करते हुवे देश की सीमा पर अदम्य साहस का परिचय दिया था।साथ ही सेना से सेवानिवृति बाद वन विभाग उदयपुर रेंज उड़न दस्ते में सेवाएं दी। वन विभाग सेवानिवृति के बाद सन 2005 में ग्राम पंचायत मंडावर के उपसरपंच रहे।

## ऐतिहासिक दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेस का आगाज़ 10 मार्च से

### 200 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** इंटरनेशनल कॉन्फ्रेस ऑन एनालिटिकल एंड इंटरडिसीप्लिनरी रिसर्च 2025 संगम विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन दिनांक 10 से 11 मार्च 2025 तक आयोजित की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में भारत और अन्य देशों के शोधार्थी और विषय प्राध्यापक प्रतिभागी के तौर पर भाग लेंगे। शोधपत्र के गुणवत्ता की जांच के पश्चात 200 शोध पत्रों को अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शामिल किया गया है। अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस के समन्वयक प्रो मानस रंजन पाणिग्रही ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ 10 मार्च को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। इस अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि डॉ बी सद्रक(निदेशक कॉमन वेल्थ लर्निंग दक्षिण एशिया नई दिल्ली), मुख्य वक्ता प्रो. रजनीश जैन (पूर्व सचिव यूजीसी), विशिष्ट अतिथि प्रो. हिमांशु शी, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी, मेलबर्न ऑस्ट्रेलिया रहेंगे। दो दिवस में विभिन्न सेशन शुरू होंगे जिसमें विभिन्न संकायों के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों से आए हुए शोधार्थी, शिक्षक अपना शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे। संगम विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने बताया कि गत वर्षो में विश्वविद्यालय के द्वारा विभिन्न अंतराष्ट्रीय एमओयू हुए है जिसके अंतर्गत वहां के फैकल्टी, शोधार्थी भी इस कांफ्रेंस में भाग लेंगे।

## झालरापाटन तहसील में विभिन्न ग्राम पंचायतों पर लगेगे विशेष एक दिवसीय फार्मर रजिस्ट्री शिविर


बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( सुरेश मोमिया )।** जिलें में चल रहे फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में अब तक दो लाख से अधिक किसानों ने फार्मर रजिस्ट्री कैम्प में लाभान्वित होते हुए अपने फार्मर आई.डी. पंजीयन कार्ड प्राप्त कर लिए है। शेष रहे किसानों को लाभान्वित करने के लिए जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की मुहिम पर विशेष एक दिवसीय कैम्प सोमवार को गिरधरपुरा,रूण्डलाव, बावडीखेडाकलां, कलमंडी, दुर्गपुरा, सलोतिया के ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे जाएगे। उपखण्ड अधिकारी अभिषेक चारण ने बताया कि अभी तक जहां जहां कैम्प आयोजित हुए है वहां हजारों किसानों ने लाभान्वित होते हुए अपना पंजीयन करवा लिया है। फिर भी जागरूकता के अभाव शेष रहे विभिन्न किसानों को पुन: अवसर प्रदान करने के लिए एक स्थाई कैम्प तहसील कार्यालय झालरापाटन में तथा उपरोक्त एक दिवसीय कैम्प आयोजित किए जा रहे है। अत: किसानों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन करवावे। फार्मर रजिस्ट्री आई.डी. का आगामी निकट भविष्य में बहुत अधिक महत्व रहेगा तथा नामान्तरण खोलने, के.सी.सी. प्राप्त करने, भूमि पंजीयन करने, एम. एस. पी. पर फसल बेचान हेतु, सब्सिडी आदि प्राप्त करने हेतु फार्मर रजिस्ट्री बेहद उपयोगी साबित होगी।

## राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा पुलिस ने वर्ष 2021 की राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में धोखाधड़ी कर छद्म अभ्यर्थी बनकर परीक्षा में पास कराने का झांसा देने वाले मुख्य सरगना जीत पहलवान उर्फ जितेंद्र फौजदार को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पहले ही कुछ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था। 14 सितंबर 2021 को भीलवाड़ा जिले में राजस्थान पुलिस उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा में छद्म अभ्यर्थी भेजने की योजना बनाते हुए वीरेन्द्र मीणा और खेमराज उर्फ सचिन को गिरफ्तार किया गया था। इनके विरुद्ध थाना सुभाषनगर, जिला भीलवाड़ा में प्रकरण संख्या 376/2021 के तहत धोखाधड़ी और साजिश रचने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। मुख्य आरोपी जीत पहलवान उर्फ जितेंद्र फौजदार की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने विशेष प्रयास किए। इससे पहले 21 फरवरी 2025 को इस मामले के एक अन्य आरोपी ललित मीणा को गिरफ्तार किया गया था, जिसने मुख्य सरगना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। जीत पहलवान की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने उस पर 10,000 रुपये का इनाम घोषित किया था।



गिरफ्तारी के लिए गठित टीम ने अभियुक्त के पुश्तैनी गांव मोरोली, डीग (जयपुर) पहुंचकर जानकारी जुटाई। उसे दिल्ली, गुड़गांव और चंडीगढ़ में जिम ट्रेनर के रूप में कार्यरत बताया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने पांच दिनों तक दिल्ली की विभिन्न 100 से अधिक जिमों में तलाश की और अंतत: उसे डिटेन कर लिया। 9 मार्च 2025 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, त्वरित अनुसंधान निस्तारण दल, अदिति चौधरी के नेतृत्व में जीत पहलवान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी जीत पहलवान के खिलाफ थाना आमेर, जिला जयपुर और थाना डीग सदर, जिला डीग में भी भर्ती परीक्षा से संबंधित अन्य मामले दर्ज हैं। गिरफ्तारी में ओमप्रकाश, हेड कांस्टेबल, प्रभारी डीएसटी, भीलवाड़ा, ऋषिकेश, कांस्टेबल, डीएसटी, भीलवाड़ा, अमृत सिंह, कांस्टेबल, डीएसटी, भीलवाड़ा, अभिषेक, हेड कांस्टेबल, क्युआईडीटी सैल, भीलवाड़ा, पींदु कुमार, कांस्टेबल, साइबर सैल, भीलवाड़ा, युसुफ मोहम्मद, कांस्टेबल, क्युआईडीटी सैल, भीलवाड़ा टीम में शामिल रहे ।

## पूर्व मुख्यमंत्री राजे का जन्मदिवस को भाजपा कार्यकर्ताओं ने गौ सेवा के साथ मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्म दिवस को क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गौमाता को हरी घास एवं गुड़ खिलाकर गौ सेवा कर मनाया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कपासन पंकज सिरोया ने बताया कि नगर के मुख्य स्थित जलेश्वर गौशाला में पूर्व जिला परिषद सदस्य लक्ष्मीलाल जीनगर की अगुवाई में भाजपा नगर मंडल महामंत्री गजेंद्र बाघमार, नपाक पार्षद अशोक विजयवर्गीय, नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली, ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पुर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, किसान मोर्चा अध्यक्ष शभूंलाल बागड़ा, मनीष बारेगामा,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, मुकेश सिरोया, दीपक मारवाड़ी, ओबीसी मोर्चा के संजय सोनी, नगर मंत्री राकेश आचार्य, भगवतीलाल आचार्य, आशीष नदंवाना, बद्रीलाल जाट सिंहपुर आदि भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जलेश्वर गौशाला में गौमाता को हरी घास एवं गुड़ खिलाकर पुर्व मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार वसुंधरा राजे का जन्मदिन मनाया तथा स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गयी।

## योग महोत्सव के रूप में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस



बढ़ता राजस्थान

**झालरापाटन( सुरेश मोमिया )।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला पतंजलि योग समिति झालरापाटन की ज्योति साहू योगा क्लासेस द्वारा महिला दिवस पर महिला योग महोत्सव के रूप में बनाकर महिलाओं को एक उद्देश्य दिया गया कि योग को एक व्यापक आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है, जिसका उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना और वैश्विक स्वास्थ्य और शांति को बढ़ावा देना है। मंत्रालय ने महिलाओं को प्रभावित करने वाली विभिन्न स्थितियों जैसे पीसीओएस/पीसीओडी, तनाव प्रबंधन आदि पर अध्ययनों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है, ताकि महिलाओं की उम्र या स्थिति के बावजूद उनके स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित किया जा सके और साक्ष्य-आधारित शोध के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा सके। योग महिलाओं को सशक्त बनाने का एक व्यापक साधन है, जिसमें उनकी शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक भलाई शामिल है सशक्त महिलाएं समाज में समावेशिता, विविधता और सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए नेता, शिक्षक और बदलाव की परोकार के रूप में भूमिका निभाती हैं। तहसील पंतजलि योग प्रभारी हेमलता शर्मा ने कहा कि मन की संतुलित अवस्था ही योग है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने अच्छे कार्यो के स्थायी मूल्य पर भी जोर दिया, वे सबसे अच्छी मुद्रा हैं जो हमें हमेशा बनाए रखती हैं। उन्होंने लोगों को वैसे ही स्वीकार करने और उन्हें समझने में आनंद पाने के महत्व पर प्रकाश डाला, बजाय इसके कि दूसरों के कार्यों से खुद को परेशान होने दिया जाए। डॉ पतंजलि मधु मीणा द्वारा कहा गया कि योग हमारे जीवन मे बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हैं।

महिलाओं को कम से कम अपने ऊपर 1 घंटा योगा के लिए निकलना चाइये जिससे महिला दवाइयों पर निर्भर ना रहे ओर स्वास्थ्य रहें। कार्यक्रम में पिंकी गुप्ता, रानी मेहता, पायल अग्रवाल, गुरदीप कोर, इंद्रा शर्मा, मधु मीणा, उतरा मीणा, किरण चोरशिया, पूजा राठौर, रिंकी राठौर, टीना राठौर, भानुप्रिया,मंजू नगर सहित महिलाये कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं 105 डिजिटल सखियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नगर के मुख्य मार्ग स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में जिला प्रशासन व राजीविका मंजरी फाउंडेशन एवं एल एंड टी फाइनेंस के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे अतिथि रूप में उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका, पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव, तहसीलदार नासिर बेग मिर्जा, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन गोपाललाल शर्मा, मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कपासन डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा, बीपीएम राजिविका कमलेश, नगर पालिका आकोला अध्यक्ष तारा देवी मालीवाल आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे उपखंड अधिकारी राजेश सुवालका ने कहाकि मातृशक्ति ही सर्वशक्ति है। मातृशक्ति के समक्ष सभी नतमस्तक है। साथ ही अंतरिक्ष में पहुंचने सहित उच्च पदों पर कार्यरत होकर मातृशक्ति देश एवं समाज की सेवा अग्रणी हैं। पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव द्वारा कार्यक्रम में राज सीटिजन एप संबंधी जानकारी देते हुवे महिलाओं से उक्त ऐप डाउनलोड कर एक्टिवेट करने को कहा। जिससे मुसीबत में इस ऐप का उपयोग कर सुरक्षा की जा सकती हैं तथा पुलिस आपके पास पहुंच जायेगी। मंजरी फाउंडेशन के डायरेक्टर नरेश नैन द्वारा मंजरी द्वारा होने कार्यों संबंधी जानकारी दी गयी। इस दौरान मंजरी फाउंडेशन के प्रतिनिधि भाविन टांक ने बताया कि चित्तौड़गढ़, उदयपुर, राजसमंद के 10 ब्लॉक के 100 गांवों में विभिन्न कार्य संचालित हो रहे है। जिसमें डिजिटल सखी 13-65 वर्ष के लोगों को डिजिटल व फाइनेंशियल रूप से जागरूक किया जा रहा है। मंजरी फाउंडेशन की सदस्य मोनिका बिजारणियां ने बताया कि महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिलाने हेतु जो आवाज उठी थी उसके उपलक्ष्य में उक्त महिला दिवस मनाया जाता है। जिसके तहत नगर कपासन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भूपालसागर, कपासन, राशमी, मावली, फतेहनगर क्षेत्र करीब 500 से महिलाओं सहित मंजरी फाउंडेशन की उदयपुर, चित्तौड़गढ़ व राजसमंद की 105 डिजिटल सखियों द्वारा भाग लिया गया।



इस कार्यक्रम का संचालन ममता शर्मा तथा आभार एसएन टेलर द्वारा व्यक्त किया गया।

## डंडाली में गोचर भूमि पर बढ़ रहा अतिक्रमण प्रशासन मौन

बढ़ता राजस्थान

**सिणधरी,( कैलाश गोस्वामी )।** उपखण्ड के डंडाली क्षेत्रमें बढ़ती आबादी से पंचायत की गोचर ओरण भूमि अतिक्रमणों की भेंट चढ़ रही है। राजस्व विभाग प्रशासन की अनदेखी से अतिक्रमियों के हौंसले बुलंद हैं। सदियों से ओरण गोचर की जमीन ग्रामीण संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। पर्यावरण संरक्षण पुण्य भावना से प्रेरित होकर हर गांव में ओरण गोचर के लिए जमीन सुरक्षित रखी जाती है, लेकिन विगत वर्षो में क्षेत्र की आबादी रिकॉर्ड हुई वृद्धि से अब गांवों में भी जमीनों की कीमतें बढ़ गई है। जिस पर अतिक्रमियों ने इसे निशाना बनाना शुरू कर दिया। मुफ्त की जमीन पर कब्जे जमाकर अतिक्रमियों ने खेती पट्टियां तक रोप दी है। ओरण-गोचर सिवाय चक की जमीनों पर अतिक्रमियों की बेदखली को लेकर जागरूक लोग समय-समय पर आवाज उठाते हैं। प्रशासन जनप्रतिनिधियों को शिकायतें कर कार्रवाई की मांग करते हैं, लेकिन इनकी आवाज सरकारी फाइलों में ही दब कर रह जाती है। अधिकारी कार्रवाई का आश्वासन देते हैं, मगर करते नहीं।



### अतिक्रमियों को सुविधाएं

ओरणगोचर की जमीन पर कब्जे को सरकार भले ही नाजायज करार देती है, लेकिन सिक्के के दूसरे पहलू में स्थानीय सरकारी विभागों निकायों की ओर से ओरण गोचर में काबिज अतिक्रमियों को बिजली, टांका निर्माण, सभा भवन सहित अन्य सुविधाएं आबादी के लिए उपलब्ध करवाई जा रही है। पर्यावरण को पहुंचाई जा रही है क्षति ओरणगोचर गांव की समृद्धि का आधार रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के चलते सदियों तक गांव में ओरण गोचर की जमीन पर कब्जे तो दूर की बात सूखी लकड़ी लाने से भी लोग कतराते हुए पाप मानते थे। लेकिन अब अंधाधुंध कब्जों के चलते जहां बड़े पैमाने पर वृक्षों पर कुल्हाडियां चला दी गई।

**यह है प्रावधान:** राज्यसरकार ने ओरण-गोचर की जमीन को किसी भी प्रयोजनार्थ के लिए आवंटन नहीं करने को लेकर स्पष्ट आदेश दे रखे हैं।

राजस्व अधिनियम में इस जमीन का आंवटन नहीं करने के निर्देश हैं। किन्हीं स्थितियों में अगर इस जमीन का आंवटन हो तो उतनी ही जमीन एवजी में वापिस गोचर के लिए सुरक्षित की जाए।

## अवैध बजरी खनन पर भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 38 वाहन जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिले में अवैध बजरी खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 38 वाहनों को जब्त किया है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह (आई.पी.एस.) के आदेश पर अवैध बजरी खनन रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारस जैन के निर्देशन में वृताधिकारी सदर श्याम सुंदर और प्रोबेशनर आई.पी.एस. जतिन जैन के नेतृत्व में पुलिस थाना मंगरोप, हमीरगढ़ और सदर थाने की टीमें गठित की गईं। टीमों ने ग्राम कलुंदिया और धांगड़ास क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी, जिसमें 07 पोकलेन मशीन, 02 जेसीबी मशीन, 07 ट्रेलर, 14 डंपर, 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली, 02 लग्जरी कार और 04 मोटरसाइकिल सहित कुल 38 वाहन जब्त किए गए। इस कार्रवाई में नारायण जाट, संजय जाट और ओमप्रकाश गाडरी को गिरफ्तार किया गया। मंगरोप थाने में धारा 303(2) बीएनएस और 4/21 एमएमडीआर एक्ट के तहत कुल 5 मामले दर्ज किए गए हैं।



# राजीविका के माध्यम से महिला सशक्तिकरण पर मुख्यमंत्री ने किया संवाद

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गत सप्ताह सोमवार को जयपुर में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में राजीविका की 10 जिलों की 12 महिलाओं के साथ संवाद किया। इस अवसर पर उन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के लिए और क्या किया जा सकता है, इस पर चर्चा की और उनकी बातों को ध्यान से सुना। कार्यक्रम में भीलवाड़ा जिले के रोपा गांव जहाजपुर तहसील निवासी जयश्री टाक, जो राजीविका में स्टेट रिसोर्स ट्रेनर के रूप में कार्यरत हैं, ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने मुख्यमंत्री से संवाद किया और अपने कार्य के बारे में बताया। जयश्री टाक ने राजीविका में 2016 से काम करना शुरू किया था और तब से उन्होंने जिला रिसोर्स ट्रेनर और स्टेट रिसोर्स ट्रेनर के रूप में काम किया है। उन्होंने क्लस्टर के पदाधिकारियों, क्लस्टर मैनेजर, ग्राम संगठन के उपसमितियों, और सीएलएफ के उप समितियों को प्रशिक्षण दिया है। उन्हें 11 सितंबर 2019 को स्टेट बेस्ट ट्रेनर का पुरस्कार मिला था।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयश्री टाक के कार्य की प्रशंसा की और उन्हें उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि जयश्री टाक का कार्य



राजीविका के मिशन को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। रविवार को ग्रामीण हाट में आयोजित राजसखी मेले में राजीविका के माध्यम से महिला सशक्तिकरण किए जाने पर जयश्री टाक को सहाड़ा विधायक लादूलाल पीतलिया ने सम्मानित किया। इस दौरान जिले में राजीविका के पदाधिकारी, अमित जोशी प्रदेशाध्यक्ष राजीविका कार्मिक संगठन, नगेंद्र तोलंबिया जिला परियोजना प्रबंधक, रामप्रसाद शर्मा जिला प्रबंधक , गोविंद सिंह,सागर कुमार,गार्गी भंडारी,सुधांशी सिंह,राजेंद्र बाबर, गौरव यादव, अरविंद , सचिन आदि मौजूद रहे।



# खोरपुरा में अज्ञात कारणों से लगी छप्परपोश मकान में आग

## एक बाइक और नगदी के साथ सब कुछ जलकर खाक, बकरी के बच्चे ग्रामीणों ने बचाये

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के कांसोटी खेड़ा ग्राम पंचायत के खोरपुरा गांव में रविवार को दिन में एक छप्परपोश घर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने की इस घटना में झोपड़ी में रखा घर-गृहस्थी का सारा सामान,एक मोटरसाइकिल और कूलर सहित बक्से में रखी नगदी जलकर खाक हुई है। झोपड़ी में कुछ बकरियों के बच्चे भी बने थ। जिन्हें ग्रामीणों ने जैसे तैसे बचा लिया है। घटना में पीड़ित गृह स्वामी को हजारों रुपए का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार खोरपुरा गांव निवासी बुजुर्ग सियाराम मीणा पुत्र रामप्रसाद मीणा एक छप्परपोश मकान में रहता है और अपने बच्चों का पालन पोषण बकरी पालन से करता है। आज भी वह रोज की तरह सुबह बकरियों को लेकर जंगल में निकल गया। घर में उसकी पत्नी और छोटे बच्चे थे। जो बाहर खेल रहे थे। पत्नी पड़ोस में काम से गई थी।अचानक से घर की झोपड़ी में आग लग गई। जैसे ही आग की लपटें चारों ओर फैली। ग्रामीणों को पता लगा।

ग्रामीणों ने पास के घर से समरपम्प चलाकर आग पर काबू पाया है। लेकिन आग लगने की इस घटना में झोपड़ी में रखी पैशन प्रो मोटरसाइकिल,एक कूलर,दो खटिया,एक पलंग,अनाज की चार बोरी,पशुओं का भूसा,बक्से में रखी करीब पांच हजार की नगदी,आधार कार्ड,बैंक पासबुक एवं बच्चों की मार्कशीट सहित सभी कागजात जलकर खाक हुए हैं। घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा तहसील कार्यालय में सूचना दी है। हल्का पटवारी मौके पर रवाना हुए हैं। घटना के बाद से पीड़ित गृह स्वामी का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने गृह स्वामी की आर्थिक की स्थिति अच्छी नहीं होने के चलते प्रशासन से मदद की मांग की है।

# अंतरराष्ट्रीय एशियन लीजेंड लीग 2025 का भव्य आगाज आज से

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** नाथद्वारा के माहौल में रोमांच और उत्साह का रंग घुल जाएगा, जब क्रिकेट प्रेमी अपने पसंदीदा क्रिकेटर्स के चौकों छक्कों की गूंज सुनेंगे। कुछ ऐसा ही नजारा होगा एमपीएमएससी ग्राउंड में आयोजित होने जा रहे एशियन लीजेंड्स लीग 2025 टी20 टूर्नामेंट का। 10 मार्च से 18 मार्च तक होने वाले इस टूर्नामेंट में पांच सबसे बड़े एशियाई क्रिकेट देशों - भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, क़तर, यूएई और अफगानिस्तान के दिग्गज खिलाड़ियों से बनी टीमें रोमांचक टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे। एशिया की पांच दिग्गज टीमें एशियन स्टार्स, अफगानिस्तान पठान्स, इंडियन रॉयल्स, बांग्लादेश टाइगर्स और श्रीलंकन लायंस - एक-दूसरे के खिलाफ मैदान में उतरेंगी। इस अंतराष्ट्रीय स्तर की लीग में 15 मार्च तक एक दिन में दो मैच खेले जाएंगे। जिसमें पहले दिन, 10 मार्च को लीग का उद्घाटन मैच तीन बजे अफगानिस्तान पठान्स व एशियन स्टार्स के बीच खेला जाएगा। वहीं दिन का दूसरा मैच शाम सात बजे इंडियन रॉयल्स व बांग्लादेश टाइगर्स के बीच होगा। मैच देखने के लिए स्टेडियम में दोपहर एक बजे से प्रवेश कर सीट लेनी होगी। मैच देखने के टिकट ऑनलाइन वेबसाइट एशियन लीजेंड्स लीग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। लीग में आइकॉन प्लेयर के तौर पर दुनिया के जाने माने खिलाड़ी शिखर धवन, सुरेश रैना, मनोज तिवारी, मुनाफ पटेल, थिसारा परेरा, दिलशान, असगर अफ़ग़ान, मोहम्मद अशरफुल मैदान में दिखाई देंगे।

कार्यक्रम के बारे में एशियन लीजेंड्स लीग के आयोजक रवि यादव ने बताया कि इस 9 दिवसीय लीग में 15 मैचेस खेले जाएंगे जिसका लाइव टेलीकास्ट सोनी स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। टूर्नामेंट को और भी खास बनाने के लिए प्रसिद्ध खेल प्रस्तुतकर्ता और कमेंटेटर्स सागरिका छेत्री, निक्की चौधरी, येशा सागर और आयुषी शेखावत लाइव एक्शन को कवर करेंगी, जो दर्शकों को शानदार कमेंट्री और विश्लेषण के जरिए खेल से जोड़े रखेंगी। 18 मार्च को होने वाली क्लोज़िंग नाईट अपने आप में यादगार होगी। क्लोजिंग सेरेमनी में कई बॉलीवुड सितारे, सिंगर्स और एक्टर्स उपस्थित होंगे इसी के साथ रंगा-रंग रौशनी के बीच फायरवर्क्स और



100 से अधिक डांसर्स, ड्रोन शो आदि माहौल में चार चांद लगा देंगे।

# महिला द्वारा होली गायन का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** रविवार को एसडीमकोर्ट के सामने गली मे होली गायन का आयोजन इसमें गणेश वंदना से शुरुआत हुई महिलाओं ने ढोलक मजीरे पर होली गीतों की प्रस्तुति दी महिलाओं ने एक से बढ़कर एक गीतों की स्थिति देखकर समा बांध दिया। महिलाओं ने होली गायन की प्रस्तुतियों से उत्साह का माहौल बन गया । होली गायन के दौरान काफी संख्याओं में महिलाओं की उपस्थिति रही इस दौरान रेखा जिंदल, आशा, साविता, रेणु, लता, हेमलता, सुनीता मंगल, गोपाली मंगल, सुनीता शर्मा,पायल, पिंकी, वीणा, आदि महिलाए उपस्थित रहे । इसी प्रकार पाताली हनुमान मंदिर पर पाताली हनुमान महिला मंडल द्वारा होली गायन की प्रस्तुति दी। इसमें गणेश वंदना से शुरुआत हुई महिलाओं ने ढोलक मजीरे पर होली गीतों की प्रस्तुति दी महिलाओं ने एक से बढ़कर एक गीतों की स्थिति देखकर समा बांध दिया महिलाओं ने होली गायन की प्रस्तुतियों से उत्साह का माहौल बन गया । होली गायन के दौरान काफी संख्याओं में महिलाओं की उपस्थिति रही।

## परशुराम धर्मशाला में आयोजित हुई सनाढ्य ब्राह्मण समाज की बैठक

# 23 मार्च को होगा समाज का होली मिलन समारोह,बाड़ी के विप्र बंधुओ को दिया निमंत्रण

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर की परशुराम धर्मशाला में रविवार को सनाढ्य ब्राह्मण सेवा समिति की एक बैठक का आयोजन किया गया। धौलपुर नगर परिषद के पूर्व सभापति रितेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य में हुई इस बैठक का उद्देश्य धौलपुर में 23 मार्च को आयोजित होने जा रहे समाज के होली मिलन समारोह में बाड़ी के सभी विप्र बंधुओ को आमंत्रित करना था। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए पूर्व सभापति रितेश शर्मा ने कहा की धौलपुर के मचकूंद रोड पर परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट में 23 मार्च को एक बजे से धौलपुर के ब्राह्मण समाज का होली मिलन समारोह आयोजित होने जा रहा है। यह पूरा कार्यक्रम राजनीतिक नहीं है बल्कि सामाजिक है। ऐसे में समाज के प्रत्येक घर से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग पहुंचे। ऐसी चिट्ठी को लेकर वे समाज बंधुओं के साथ बाड़ी आए हैं और समाज के लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। बैठक के दौरान अतिथि के रूप में आए मैनेजर सतीश शर्मा,श्री भगवान मास्टर,रमेश महेरे,मदन शर्मा,चंदू शर्मा एवं अन्य अतिथियों का बाड़ी सनाढ्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष मुकेश विधोलिया और ट्रस्टी अध्यक्ष एडवोकेट रवि पचौरी द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान विप्र समाज के सैकड़ो लोग बैठक में मौजूद रहे।

# भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह की अपील - सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं त्योहार



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने सभी भीलवाड़ा वासियों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए अपील की है कि सभी त्योहारों को प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं।

उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा की सांप्रदायिक सद्भावना बनी रहनी चाहिए और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस अधीक्षक ने लोगों से अनुरोध किया कि बिना किसी साक्ष्य के अनर्गल आरोप-प्रत्यारोप करके माहौल बिगाड़ने वालों से सावधान रहें और उनका बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक आपसी भाईचारे को बनाए रखें और मिल-जुलकर त्योहारों का आनंद लें, ताकि भीलवाड़ा एक बार फिर सौहार्द और एकता की मिसाल कायम कर सके।

# पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ ने विधायक को दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी द्वारा स्नेह मिलन कार्यक्रम में पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ के जिला अध्यक्ष राकेश पालीवाल एवं संघ के पदाधिकारी ने स्नेह मिलन कार्यक्रम में भाग लिया उक्त कार्यक्रम में संगठन ने माननीय विधायक महोदया को ऊपर ना आर्डर कर खाटू श्याम जी की छाया प्रति भेंट की और साथ ही अपने संगठन का मांग पत्र दिया संगठन के मांग पत्र में इनकी प्रमुख राजस्थानी सरकार के बजट 2025 - 26 के कार्मिक कल्याण विषय बजट घोषणा के बिंदु संख्या 97( 1 )की घोषणा को पूर्ण करते हुए अनुभव अवधि में दो वर्ष की छूट दिए जाने की अवधि का परिपत्र गजट नोटिफिकेशन शीघ्र जारी कर संविदा सेवा नियम 2022 के बिंदु संख्या 20 के अनुसार प्रारंभिक शिक्षा विभाग राजस्थान के अंतर्गत कार्यरत पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायकों के स्थाई पदों का सृजन का नियमित करने की प्रक्रिया दिन कार्य योजना के साथ में सम्मिलित करते हुए शीघ्र नियमितीकरण कर प्रदेश भर के हजारों परिवारों के संघर्ष के सपनों को साकार कर अपने वादे को शीघ्र पूरा करने को कहा होली स्नेह मिलन कार्यक्रम पर संगठन की ओर से जिला अध्यक्ष राकेश पालीवाल जिला कोषाध्यक्ष कपिल पालीवाल दिनेश पारीक ब्लॉकराजसमंद अध्यक्ष सत्यनारायण लोहार रविंद्र सिंह राव राजेश खंडेलवाल प्रकाश नाथ वसीम अकरम सूर्य कुमार आमेटा खुश कुमार श्रीमाली चुन्नीलाल नितेश अमेटा सहित संगठन के सेकड़ो कार्यकर्ता सम्मिलित थे ।

# किड्स स्कूल ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्कूल का वार्षिक उत्सव

## महिलाओं के नाम रहा मंच,शहर की गणमान्य महिलाओं का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल किड्स पैराडाइज का वार्षिक उत्सव कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार की शाम शहर के सरमथुरा रोड स्थित एक निजी मैरिज होम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का पूरा मंच समाज और देश मेअपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिलाओं के नाम रहा।

जिसमें डिस्टिक एजुकेशन ऑफिसर सुक्खो देवी मुख्य अतिथि रही। वहीं अग्रवाल समाज की नेशनल सेक्रेट्री कमलेश आर्य, अग्रवाल समाज की जिलाध्यक्ष सरोज मंगल,जयपुर से आई शिक्षाविद एवं लेखिका डॉ निशा अग्रवाल,शिवहरे समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष आरती शिवहरे, असिस्टेंट कमिश्नर आफ कमर्शियल टैक्स भरतपुर रिशु मोदी एवं भाजपा की स्थानीय अध्यक्ष वंदना शिवहरे अतिथि के रूप में मौजूद रही। वही स्पेशल गेस्ट के रूप में एडिशनल एसपी कमल कुमार जागिड़ और पूर्व विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा का मंच से सम्मान किया गया। किड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर सुनील गर्ग ने बताया इंटरनेशनल वूमेंस डे पर स्कूल का यह वार्षिक उत्सव कार्यक्रम रखा गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं ने मंच से अपनी मनोहारी प्रस्तुतियां दी। वहीं समाज के उत्थान को लेकर नाटक और अन्य प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम देर रात तक जारी रहा। जिसमें कार्यक्रम में आई शहर की गेस्ट महिलाओं का मंच से स्कूल प्रशासन द्वारा सम्मान किया गया। साथ में स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम में शिरकत करने वाले छात्र-छात्राओं की विशेष प्रस्तुति पर उन्हें मंच से सम्मान दिया गया।

## कार्यकर्ता ही आयोजन की प्राणवायु - हिन्दू समाज

# हिन्दू नववर्ष : सैकड़ो कार्यकर्ताओं की आव्हान बैठक

## 11000 मंगल कलश व शोभायात्रा में मातृशक्ति का डांडियारास रहेगा मुख्य आकर्षण

बढ़ता राजस्थान

### 30 मार्च हिन्दू नववर्ष पर राजसमंद शहर में विराट धर्मसभा




**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** हिन्दू नववर्ष समारोह समिति, राजसमंद के तत्वावधान में हिन्दू नववर्ष पर राजसमंद शहर व निकटवर्ती खंडों के 200 गाँवो के समाजजनों की उपस्थिति में दिव्य व भव्य धर्मसभा व शोभायात्रा की रचना को लेकर धोइंदा रोड स्थित श्रीराम वाटिका में कार्यकर्ता आव्हान बैठक का आयोजन हुआ। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि बैठक में राजसमंद शहर, राजसमंद ग्रामीण व विभिन खंडों के कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में कार्यकर्ताओं सहित प्रत्येक जाती बिरादरी, धार्मिक व सांस्कृतिक संगठनों से नववर्ष के आयोजन में जहाँ कम वहाँ हम की भावना से काम करने का आग्रह किया गया। हिन्दू नववर्ष के आयोजन को लेकर राजसमंद में 30 मार्च 2025 को बालकृष्ण स्टेडियम में विराट धर्मसभा व 11000 मंगल कलश शोभायात्रा के साथ नववर्ष के स्वागत मे हर घर के बाहर रंगोली व हर घर पर दीप जलाने व तोरण लगाने व हर घर भगवा ध्वज लगाने की योजना के साथ शहर के सभी चौके चौराहों की आकर्षक सज्जा की जायेगी। धर्मसभा समपर्ण मेवाड़ के साधु, संतो व महंतो के सानिध्य में आयोजित होगी व शोभायात्रा में महापुरषों की झाकियाँ, ऊंट, घोड़े, ढोल, अखाड़ा प्रदर्शन आदि शामिल होंगे। शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए शहर के विभिन धार्मिक, सांस्कृतिक, अखाड़े, व्यायामशाला, शैक्षणिक संस्थानों के साथ समस्त समाजों की भागीदारी रहेगी।

# मानवता की अनूठी मिसाल, वानर की मौत पर हुआ शांति भोज

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** वानर की मौत पर गांव हरनीखेड़ा में सुंदरकांड सहित कई कार्यक्रम हुए जिसमें हरनीखेड़ा सहित चौमहला के आसपास के श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। चौमहला के समीप ही गांव हरनीखेड़ा के श्री हनुमान झंडा मंडल ने मानवता की अनूठी मिसाल सामने आई है. जहां एक वानर की मौत पर पूरा गाँव दुखी हुआ. इतना ही नहीं हिंदू मान्यता के अनुसार विधि विधान से साथ बंदर का अंतिम संस्कार किया गया.इतना ही नहीं उसकी आत्म शांति के लिए दशाकर्म घाटा व शांति भोज का भी आयोजन किया,शांतिभोज में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। क्षेत्र के हरनीखेड़ा गांव में 28 फरवरी को एक वृद्ध वानर का निधन हो गया ,गांव के ही श्री हनुमान झंडा मंडल द्वारा उसका विधि विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया ,शनिवार को दशाकर्म एवं मेहमानों का आवागमन हुआ, शनिवार रात्रि को सुंदरकांड का आयोजन किया गया रविवार को सग्ज महाराज मंदिर पर शांति भोज का आयोजन रखा गया जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया, श्री हनुमान झंडा मंडल द्वारा बकायदा शोक पत्रिका छपवा कर चौमहला सहित आसपास के गांवों में भेज कर सभी को आमंत्रित किया गया था। कुछ नवयुवकों ने सिर भी मुंडवाए तथा अस्थियां विसर्जन के लिए गंगा जी भी गए।कार्यक्रम में शुभम जैन, वीरेंद्र सिंह झाला, युवराज सिंह देवड़ा, मांगसिंह, धीरप सिंह, शुभम सिंह झाला, कृष्णपाल सिंह,विनोद सिंह,नीटू सिंह, भेरू सिंह,मोहन सिंह सहित ग्रामीणों का सहयोग रहा।

# पर्यटको के लिए पुणे घूमने के ये खूबसूरत टूरिस्ट प्लेसेस



बेहद प्रभावशाली किले और महलों से लेकर पत्थरों पर जटिल नक्काशीदार मंदिरों तक, पुणे में ऐसे कई टूरिस्ट प्लेस हैं, जो पर्यटकों को बेहद पसंद आते हैं। पेशवाओं की राजधानी रहा पुणे शहर में महाराष्ट्र के कई सांस्कृतिक केंद्र देखने को मिल जाएंगे। यहां की वास्तुकला लोगों को पुराने समय की याद दिलाती है, साथ ही यहां की सुंदरता आपको मंत्रमुग्ध कर देगी।



## पुणे में सिंहगढ़ किला

सह्याद्री पर्वत में स्थित सिंहगढ़ किला एक प्राचीन किला है जो अपने ऐतिहासिक महत्व और वास्तुकला के लिए जाना जाता है। इसे कभी कोंढाना के नाम से जाना जाता था और किले ने कई युद्ध भी होते देखे हैं। सिंहगढ़ नाम का शाब्दिक अर्थ है शेर का किला जो अपनी ताकत और प्रतिभा को दर्शाता है। इस किले के दो प्रवेश द्वार हैं - एक उत्तर-पूर्वी क्षेत्र (पुणे दरवाजा) में और दूसरा दक्षिण-पूर्वी भाग (कल्याण दरवाजा) की ओर। पुणे में घूमने के लिए ये जगह भी एकदम परफेक्ट है।



## पुणे में शनिवारवाड़ा

पुणे में एक प्रमुख ऐतिहासिक स्थल शनिवारवाड़ा है जिसे सबसे अच्छे पुणे टूरिस्ट प्लेसेस में से एक माना जाता है। शनिवारवाड़ा, पुणे में पेशवा शासन की सीट एक 286 साल पुरानी हवेली है और शहर में वास्तुकला के बेहतरीन उदाहरणों में से एक है। इस भव्य हवेली को पेशवा बाजीराव प्रथम ने खुद पेशवाओं के निवास के रूप में बनवाया था। हालांकि वाडा वर्तमान में 625 एकड़ के क्षेत्र को कवर करता है, लेकिन अपने सुनहरे दिनों में इसने शहर के लगभग पूरे क्षेत्र को ही कवर किया हुआ था।



## पुणे में आगा खान पैलेस

आगा खान पैलेस का शक्तिशाली भवन पुणे में स्थित है और सुल्तान मोहम्मद शाह आगा खान-3 द्वारा वर्ष 1892 में बनाया गया था। आपको बता दें, इस महल का इस्तेमाल महात्मा गांधी और उनकी पत्नी, उनके सचिव और सरोजिनी नायडू के लिए जेल के रूप में किया गया था। इस महल में कस्तूरबा गांधी और सचिव महादेव देसाई की मृत्यु हो गई। कस्तूरबा गांधी और महादेव देसाई की याद में, वास्तुकार चार्ल्स कोरिया ने महल के परिसर में उनके स्मारक बनाए थे। महल में एक संग्रहालय है जिसमें चित्रों का एक समृद्ध संग्रह है। दोस्तों के साथ घूमने के लिए भी ये जगहें परफेक्ट है।

## पुणे में पार्वती हिल्स

पार्वती हिल्स को 17 वीं शताब्दी में महान पेशवा शासक बालाजी बाजी राव द्वारा अस्तित्व में लाया गया था। 2,000 फीट से अधिक ऊंचा, पार्वती हिल्स शहर का खूबसूरत नजारा भी पेश करता है। ये कई हिंदू देवताओं के लिए एक मंदिर के रूप में कार्य करता है जैसे - भगवान शिव, देवी पार्वती, भगवान विष्णु, देवी रुक्मिणी और भगवान विट्ठल, और भगवान विनायक। हालाँकि, पार्वती मंदिर देवी पार्वती और भगवान शिव को समर्पित है। पार्वती हिल्स पुणे का सबसे ऊँचा स्थान है। मंदिर के कपाट सुबह पांच बजे और रात आठ बजे खुलते हैं।





## पुणे में लाल महल

पुणे में शनिवार वाड़ा के पास स्थित लाल महल 16वीं शताब्दी का एक ऐतिहासिक स्थल है। इसे पहली बार शिवाजी महाराज के पिता शाहजी भोसले ने 1630 के दशक में अपने परिवार के रहने के लिए बनवाया था। छत्रपति शिवाजी के बचपन का घर होने से लेकर शाइस्ताखान तक, यह लाल रंग की संरचना उस समय की शिल्प कौशल और संस्कृति को दर्शाती है।

## पुणे में दगदूशेठ हलवाई मंदिर

पुणे में एक प्रसिद्ध गणेश मंदिर श्रीमठ दगदूशेठ हलवाई मंदिर है जो महाराष्ट्र में एक प्रमुख आकर्षण है। मंदिर में हर साल हजारों तीर्थयात्री आते हैं। गणेशोत्सव नाम का वार्षिक दस दिवसीय उत्सव मंदिर में आयोजित मुख्य उत्सव है जब मशहूर हस्तियां और मंत्री भगवान को श्रद्धांजलि देने आते हैं। मंदिर में प्रतिदिन भक्तों की काफी भीड़ होती है जो दैनिक पूजा, अभिषेक और भगवान गणेश की आरती में शामिल होने आते हैं।



# पश्चिम बंगाल को जानने के लिए जाएं इस जगह, जहां दुर्लभ वस्तुएं हैं मौजूद

पश्चिम बंगाल, बंगाल की खाड़ी के साथ भारत के पूर्वी क्षेत्र में स्थित एक राज्य है। 91 मिलियन से अधिक निवासियों के साथ, यह भारत का चौथा सबसे अधिक आबादी वाला राज्य और क्षेत्रफल के हिसाब से चौदहवां राज्य है। पश्चिम बंगाल भारत की पूर्वी बोटलनेक पर है, जो उत्तर में हिमालय से लेकर दक्षिण में बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ है। कोलकाता राज्य की राजधानी और सबसे बड़ा शहर है और भारत में सातवां सबसे बड़ा शहर है। पश्चिम बंगाल में मुख्य नदी गंगा है, जो दो शाखाओं में विभाजित होती है। एक शाखा बांग्लादेश में पद्मा, या पोद्दा के रूप में प्रवेश करती है, जबकि दूसरी भागीरथी नदी और हुगली नदी के रूप में पश्चिम बंगाल से होकर बहती है। पश्चिम बंगाल अपने प्रसिद्ध आकर्षणों और अद्वितीय सुंदरता के कारण दुनिया भर में ग्लोबट्रॉटर का पसंदीदा अड्डा माना जाता है। हुगली पश्चिम बंगाल के उन स्थानों में से एक है, जहां पर औपनिवेशिक इमारतों और शॉपिंग लेन की बड़ी संख्या है। पश्चिम बंगाल में देखने के लिए कुछ सबसे लोकप्रिय स्थान हैं, जिनमें हर तरह के यात्री के लिए कुछ न कुछ है। शाही महलों से लेकर संग्रहालयों और प्राकृतिक घाटों तक, चाय के बागानों और सुंदर पार्क और जंगलों का विशाल विस्तार आगंतुकों को इस जगह की अंतहीन सुंदरता को देखने के लिए प्रेरित करता है।



**कूच बिहार :** कूच बिहार पश्चिम बंगाल का एक छोटा सा शहर है, जो अपने ऐतिहासिक आकर्षणों में बहुत गर्व करता है। इस शहर के प्रमुख आकर्षणों में से एक कूच बिहार पैलेस है, जिसे विक्टर जुबली पैलेस भी कहा जाता है। महल का निर्माण 1887 में महाराजा नृपेन्द्र नारायण के काल में हुआ था। महल का डिज़ाइन लंदन के बकिंघम पैलेस से मिलता जुलता है। अन्य ऐतिहासिक आकर्षणों में मदन मोहन मंदिर, बाणेश्वर शिव मंदिर आदि शामिल हैं, कूचबिहार की यात्रा का सबसे अच्छा समय राश मेला के दौरान है।

**मुर्शिदाबाद :** मुर्शिदाबाद को पहले मकसुदाबाद कहा जाता था। बंगाल के दीवान, नवाब मुर्शिद कुली खान, इस स्थान पर स्थानांतरित हो गए और इसका नाम मुर्शिदाबाद रखा गया। इस शहर पर कई नवाबों का शासन था। इसके प्रसिद्ध आकर्षणों में से एक है हज़ार्डियरी पैलेस, जिसे 1837 में बनाया गया था। अन्य आकर्षणों में निज़ामत इमामबाड़ा, वासिफ मंज़िल, मोती झील, कटरा मस्जिद, आदि शामिल हैं।

**बैरकपुर :** बैरकपुर में कुछ ऐतिहासिक आकर्षण हैं, जो निश्चित रूप से आपको लुभायेंगे। अगर आप यहां जाते हैं, तो आपको काली मंदिर जाना चाहिए, जो 700 साल से अधिक पुराना है, बार्थोलोमेव कैथेड्रल, जो 1847 में बना था, तारकेश्वर मंदिर जो 18 वीं शताब्दी में बनाया गया था, इन सबको अवश्य देखना चाहिए।

**बर्धमान :** बर्धमान राज्य के सबसे पुराने शहरों में से एक है और पश्चिम बंगाल में सबसे प्रसिद्ध स्मारकों में से कुछ है। कृष्णनार झील एक दर्शनीय स्थल है। अन्य आकर्षण राजबाती, गोलप बाग, 108 शिव मंदिर और क्राइस्टचर्च हैं।

**शांति निकेतन :** शांति निकेतन, जिसे रवींद्रनाथ टैगोर के निवास स्थान के रूप में भी जाना जाता है, वह स्थान है जहां आप संस्कृति और कला के प्रतीक देख सकते हैं। शांति निकेतन का छोटा शहर अपने आप में एक ऐतिहासिक स्थान है। आप यहां पर बहुत प्रसिद्ध विश्व भारती यूनिवर्सिटी जा सकते हैं। पौष मेला यहाँ का मुख्य आकर्षण है, जिसमें आप एक मंच पर कारीगरों, नर्तकियों और लोक गायकों को देख सकते हैं।

## दार्जिलिंग

दार्जिलिंग चाय के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध है और यह पहाड़ों के कंचनजंगा पर्वत के महान दृश्य प्रदान करता है। यह सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत में समृद्ध और प्रसिद्ध टॉय ट्रेन के लिए भी जाना जाता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र की विरासत घोषित किया गया है। दार्जिलिंग में सबसे रोमांचक गतिविधियों में से एक प्रसिद्ध खिलौना ट्रेन की सवारी है। 1881 में स्थापित, टॉय ट्रेन इस क्षेत्र में एक बहुत लोकप्रिय आकर्षण है, जिसे आप मिस नहीं कर सकते। डीएचआर लगभग 2 फीट नैरो गेज ट्रेन ट्रैक है जो न्यू जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग के बीच की दूरी को कवर करता है। 88 किलोमीटर लंबे इस रेलवे ट्रैक को अपनी टॉय ट्रेन के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है, जो धुंध वाली पहाड़ी की ओर जाती है और घाटी के बिल्कुल भव्य दृश्य पेश करती है। एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में इसे 1999 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित किया गया था।

## विक्टोरिया मेमोरियल

विक्टोरिया मेमोरियल कोलकाता के प्रसिद्ध और खूबसूरत स्मारकों में से एक है। यह एक सुंदर सफेद संगमरमर की संरचना है जो 1906 में बननी शुरू हुई थी और 1921 तक पूरी हो गई थी। इसे मूल रूप से ब्रिटेन की रानी विक्टोरिया को एक स्मारक समर्पित करने के विचार से बनाया गया था। यह कलात्मक स्मारक ब्रिटिशों के साथ-साथ मुगल वास्तुकला का मिश्रण है। विशाल किले के अंदर एक संग्रहालय है जिसमें मूर्तियों, चित्रों, राष्ट्रीय नेताओं और हथियारों की 25 गैलरी हैं। इसके अलावा, इसमें विलियम शेक्सपियर, उमर खय्याम के साथ-साथ अरेबियन नाइट्स के अद्वितीय कार्य हैं।

## हावड़ा ब्रिज

यह कोलकाता में देखने के लिए स्थानों की सूची में सबसे ऊपर है, शायद इसलिए इसे अक्सर फिल्मों में चित्रित किया जाता है। इसका निर्माण 1943 में पोंटून ब्रिज की जगह पर किया गया था और यह स्टील से बना है। पुल की अपार लोकप्रियता के कारण, दूर-दूर से पर्यटक कोलकाता में सिर्फ अद्भुत पुल देखने आते हैं। शाम को पुल से नज़ारा देख कर कोई भी चकित रह जाएगा। पूरी नदी हुगली एक अंतहीन झील की तरह प्रतीत होती है, जिसमें सूर्य क्षितिज में जा रहा होता है। यह पुल दुनिया के सबसे लंबे पुलों में से 6 वें स्थान पर है।



## बांकुरा

बांकुरा के इस शहर को प्रकृति और प्राकृतिक ट्रेल्स के अछूते विस्तारों के कारण पश्चिम बंगाल में सबसे अच्छे पर्यटक आकर्षणों में से एक माना जाता है। शहर ने कला और संगीत के सुंदर रूपों को जन्म दिया है और यह जोर मंदिर और गोकुलचंद मंदिर जैसे सदियों पुराने श्रद्धेय मंदिरों का घर है। जब प्राकृतिक सुंदरता की बात आती है, तो बांकुरा टेराकोटा मंदिर, हरे भरे जंगल और नदियों से भरा हुआ है। इसमें बिहारनाथ और सिसुनिया की छोटी पहाड़ियाँ हैं, जो अभी भी पर्यटकों की भीड़ से सुरक्षित हैं और अपनी प्राकृतिक चमक बरकरार रखती हैं। लेकिन बांकुड़ा का शीर्ष आकर्षण मुकुटमणिपुर बांध है, जो शक्तिशाली नदियों कांगसबाती और कुमारी के संगम पर स्थित है।

## कलिम्पोंग

पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग के पास स्थित, कालिम्पोंग एक पूर्ववर्ती शाही हिल स्टेशन है, जिस पर सिक्किम और भूटान के राज्यों द्वारा 19 वीं शताब्दी के मध्य तक शासन किया गया था। यह उत्तरी बंगाल का एक खूबसूरत हिल स्टेशन है,जो हरे भरे पहाड़ों से घिरा हुआ है, जो सर्दियों के दौरान बर्फ से ढँक जाते हैं। कालिम्पोंग में एक पुराने ब्रिटिश बंगले, मॉर्गन हाउस को देखना न भूलें। बंगला प्रामाणिक ब्रिटिश वास्तुकला और शहर की सबसे पुरानी इमारतों में से एक है। अब इसे एक पर्यटक लॉज में बदल दिया गया है और पश्चिम बंगाल पर्यटक विकास निगम द्वारा देखभाल की जाती है। यहाँ के अन्य ऐतिहासिक आकर्षण हैं क्रोकटी हाउस, प्रतिमा देवी टैगोर हाउस, डॉ ग्राहम हाउस, मैकफारलेन मेमोरियल चर्च, आदि।

आसान जिंदगी मत मांगो, क्योंकि जिंदगी कभी आसान नहीं होती। खुद को मजबूत बनाने का प्रयास करो।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# ग्लोबल बिज़ समिट, और स्टार्टअप पेवेलियन अवार्ड समारोह आयोजित

### उद्यमिता और स्टार्टअप के लिए कार्य करने वालों को राज्यपाल ने किया सम्मानित, युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित किया जाए-राज्यपाल




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि भारत तकनीकी दृष्टि से प्राचीन काल से ही समृद्ध रहा है। यहां नालंदा जैसा महान विश्वविद्यालय था। उन्होंने बख्तियार खिलजी द्वारा नालंदा के पुस्तकालय को जलाने की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के निरंतर प्रयास हुए। उन्होंने कहा कि दशमलव पद्धति पूरे विश्व को भारत ने दी। ऋषि भारद्वाज ने वायुयान पर अपने ग्रंथ में पहले ही अवगत करा दिया था। न्यूटन ने बहुत बाद में गुरूत्वाकर्षण का सिद्धांत दुनिया को बताया। भारत में तो वैदिक ग्रंथों में बहुत पहले ही इसके बारे में बता दिया गया था। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने आने के बाद भारतीय ज्ञान को दबाने का प्रयास किया। राज्यपाल ने विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करने किए उद्यमिता विकास के लिए युवाओं को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नवाचार अपनाते हुए युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रोत्साहित करना हमारी प्राथमिकता बने। इसी से भारत विकसित भारत 2047 के लिए तेजी से अग्रसर हो सकेगा।

राज्यपाल श्री बागडे रविवार को ग्लोबल कॉमर्स काउंसिल द्वारा आयोजित ग्लोबल बिज़ समिट, और स्टार्टअप पवेलियन अवार्ड समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उद्यमिता और स्टार्टअप के लिए कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने केंद्रीय बजट की चर्चा करते हुए कहा कि यह देश के विकसित भविष्य की सुनहरी राह है। इस बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर और इंडस्ट्री के साथ-साथ युवाओं के जरिए अर्थव्यवस्था और इनोवेशन को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति को युवा कौशल और उद्यमिता केन्द्रित बताते हुए कहा कि इसमें आईआईटी का विस्तार, टेक्नोलॉजी का समन्वय और कृत्रिम बौद्धिकता पर विशेष जोर दिया गया है।

# अयोध्या में सुहागरात पर दूल्हा-दुल्हन की मौत, पत्नी बेड पर

### पति फंदे पर लटका मिला था; एक ही चिता पर हुआ अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या में सुहागरात पर दुल्हन और दूल्हे की मौत हो गई। पत्नी शिवानी का शव कमरे में बेड पर था, जबकि पति प्रदीप पंखे पर लटका हुआ था। रविवार सुबह 7 बजे तक दोनों सोकर नहीं उठे तो घरवाले जगाने पहुंचे। कमरा अंदर से बंद था। घरवालों ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं आया। इसके बाद घरवालों ने कमरे का दरवाजा तोड़ा। अंदर देखा तो उनके होश उड़ गए। दूल्हे को फंदे से उतारा और दोनों को अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। रविवार शाम को प्रदीप के बड़े भाई दीपक ने दोनों को एक ही चिता पर रखकर अंतिम संस्कार कर दिया। 7 मार्च यानी शुक्रवार को दूल्हे प्रदीप की शादी हुई थी। शनिवार सुबह दुल्हन शिवानी विदा होकर घर आई थी। रविवार को उनका रिसेप्शन था, जिसकी तैयारियां चल रही थीं। मामला कैंट के सहादतगंज मुरावन टोला का है।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ एम्स में भर्ती बेचैनी-सीने में दर्द की शिकायत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ (73 साल) को दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्होंने देर रात बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत की थी। उसके बाद रविवार सुबह करीब 2 बजे उन्हें एम्स में एडमिट किया गया।

पीटीआई के मुताबिक फिलहाल वह कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देखरेख में क्रिटिकल केयर यूनिट में हैं। उनकी हालत स्थिर बताई गई है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को एम्स हॉस्पिटल जाकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने ट्वीटरर पर लिखा- एम्स गया और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ जी के स्वास्थ्य के बारे में पूछा। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य और जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। केंद्रीय स्वास्थ्य मत्री जेपी नड्डा भी आज सुबह एम्स गए थे और उन्होंने भी धनखड़ के स्वास्थ्य की जानकारी ली। राजस्थान के झुंझुनू के रहने वाले हैं धनखड़ 18 मई 1951 को झुंझुनू जिले में साधारण किसान परिवार में पैदा हुए जगदीप धनखड़ की शुरुआती शिक्षा गांव में हुई। फिर उनका एडमिशन सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में करवाया गया। धनखड़ का एनडीए (नेशनल डिफेंस एकेडमी) में सिलेक्शन हो गया था, लेकिन वो गए नहीं। उन्होंने राजस्थान यूनिवर्सिटी से ग्रेजुएशन किया।

# सीजे बोले-जमानत मिलने पर भी जेल में रहता है गरीब

## वह सिक्योरिटी जमा नहीं करा पाता; यह सिस्टम का फेल्योर,आज तक इसका हल नहीं निकला

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने कहा कि गरीब आदमी जमानत मिलने के बाद भी जेल से बाहर नहीं आ पाता है। पहले तो वह कोर्ट तक नहीं पहुंच पाता है। अगर कोर्ट में पहुंचने पर उसे बेल मिल जाती है तो भी वह गरीबी के चलते जेल से बाहर नहीं आ पाता है।

सीजे ने कहा- गरीबी की वजह से वह बेल बॉन्ड नहीं भर पाता है, सिक्योरिटी जमा नहीं करा पाता है। इसलिए उसके मामले में जितनी सजा होती है, उससे ज्यादा समय तक जेल में रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह सिस्टम का फेल्योर है, जिसे आज तक कोई डिटेक्ट नहीं कर पाया।

मुख्य न्यायाधीश रविवार को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से लीगल एड डिफेंस कौंसिल के लिए आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

### ऐसा क्या सिस्टम है, जिसे कोई समझ नहीं पाया

मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने कहा- आरोपी को किसी मामले में लीगल एड (विधिक सहायता) मिली। बेल का ऑर्डर हो गया, आपने परिजनों को बेल ऑर्डर दे दिया। वह जेल अथॉरिटी के पास पहुंचे। उसके घरवालों ने कहा- हम बेल बॉन्ड नहीं भर सकते हैं। मामला वहीं ठंडा हो गया।

सीजे ने कहा- ऐसा कैसा सिस्टम था कि पूरा सिस्टम इस चीज को समझ नहीं पाया। जेल वाले भी नहीं समझ पाए, परिवार वाले नहीं समझ पाए। हमारे लीगल एड क्लिनिक भी कुछ नहीं कर पाए और वह व्यक्ति पूरी सजा से ज्यादा समय तक जेल में रहा।

### लीगल एड डिफेंस कौंसिल महत्वपूर्ण कड़ी

मुख्य न्यायाधीश एमएम श्रीवास्तव ने कहा- इसकी कई समस्याएं है। पहला व्यक्ति बाहर नहीं आ पाता है। दूसरा हमारी जेलों में लगातार भीड़ बढ़ रही है। उन्होंने कहा- आप जो लीगल एड डिफेंस कौंसिल है। आपके पास जब कोई केस आता है, तब आप उस पूरे केस में लीगल एड डिफेंस कौंसिल होते हैं, केवल कोर्ट के अंदर नहीं। बल्कि उस पूरे केस में आप उसके घरवालों से कॉन्टैक्ट करते हैं। सीजे ने कहा आपको जेल विजिट करना है, आरोपी से सीधे कनेक्ट रहना है। अगर आपने उसको बेल दिलवाई है, तो आप उसे फॉलो करें कि वह बाहर आ पाया है या नहीं। बाहर नहीं आ पाया है तो क्या प्रॉब्लम है। इसका क्या उपाय हो सकता है। लीगल एड क्लिनिक से बात करके एप्लिकेशन मूव करनी चाहिए। एमएम श्रीवास्तव ने कहा- कोर्ट को बताना चाहिए कि गरीब व्यक्ति है। 25 हजार रुपए की सिक्योरिटी नहीं दे सकता है। कोर्ट इसे कंसिडर करके आदेश पास कर देगा। एक लीगल एड डिफेंस कौंसिल के तौर पर आप इस सिस्टम का बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। इस पूरे सिस्टम की सफलता आप पर निर्भर करती है।

उन्होंने कहा- विधिक सेवा प्राधिकरण आपको सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध करा सकता है। लेकिन उस गरीब आदमी को रिप्रजेंट आप ही करने वाले हैं। इस मिशन को आपको सेवा मानकर काम करना होगा।



# जयपुर के 3 बिजनेसमैन से 6.67 करोड़ की ज्वेलरी मिली

## आईटी की रेड में 55 करोड़ के निवेश के डॉक्युमेंट मिले; दुबई में भी इन्वेस्टमेंट किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर सहित तीन शहरों (जयपुर, लालसोट और बहरोड़) में कारपेट, बिल्डर और कार्गो सर्विस फर्म से जुड़े तीन कारोबारियों के यहां सर्च की कार्रवाई रविवार को भी जारी है। इन कारोबारियों के 24 ठिकानों पर छापेमारी में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की टीमों को 5 करोड़ कैश और 6.67 करोड़ की ज्वेलरी मिली है। इसके अलावा भी मिले गहनों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

कारोबारियों के दुबई में बड़े स्तर पर निवेश किए जाने का भी खुलासा हुआ है। तीनों ग्रुप की ओर से 55 करोड़ रुपए के निवेश के डॉक्युमेंट मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक- बिजनेसमैन अनिल गुप्ता, अशोक पाटनी और शब्बीर खान के जयपुर, लालसोट और बहरोड़ स्थित 22 ठिकानों पर शुक्रवार को छापेमारी शुरू की थी। शनिवार को 2 और ठिकानों पर सर्च शुरू किया गया। इसके बाद 24 जगह पर सर्च चल रहा है। वर्कर्स से पूछताछ में कंपनियों के किसी भी डील में 30 प्रतिशत कैश लेने की बात सामने आई है।

### कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स में 36 करोड़ रुपए कैश में लगाए

जयपुर के दो दलालों को दुबई में निवेश की व्यवस्था करने के लिए जांच के दायरे में लिया गया है। 55 करोड़ के निवेश के डॉक्युमेंट के साथ ही हवाला कारोबार से जुड़ा होने का सुराग इनकम टैक्स विभाग के हाथ लगा है। इनकम टैक्स विभाग की टीमें 34 रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स से मिली रकम का मिलान कर रही हैं। अलग-अलग कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट्स में 36 करोड़ रुपए कैश में लगाए गए हैं। एक कारोबारी ने 260 कार्गो वाहन होने की बात कबूली है, जबकि डॉक्युमेंट में कम वाहन होना दिखाया गया है। दोनों दलालों के जरिए 300 इन्वेस्टर्स ने स्थानीय और दुबई प्रोजेक्ट्स में निवेश किया है।




### तीनों ग्रुप का है कनेक्शन

**इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के सूत्रों के मुताबिक, पिछले काफी समय से सूचना मिल रही थी कि तीनों ग्रुप से जुड़े बिजनेसमैन लंबे समय से टैक्स चोरी कर रहे हैं। आईटी विभाग की इन्वेस्टिगेशन टीम की जांच के बाद रेड की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इनकम टैक्स विभाग की जांच में यह भी सामने आया है कि तीनों ग्रुप आपस में एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसके बाद डिपार्टमेंट की ओर से तीनों समूहों से जुड़े ठिकानों पर कार्रवाई की गई।**

# चिकित्सा शिविरों का आयोजन सामाजिक सरोकारों से जोड़ता है : ऊर्जा मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि अपने परिजनों की पुण्य स्मृति में चिकित्सा शिविर जैसे आयोजन सामाजिक सरोकारों से जोड़ते हैं। चिकित्सा शिविर का आयोजन महत्वपूर्ण है क्योंकि इन शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता फैलती है। नागर रविवार को कोटा जिला स्थित दीगोद में पुरोहित किशनचंद शर्मा उदपुरिया की स्मृति में स्वर्गीय कन्हैयालाल रतन भाई मडिया चौरिटेबल ट्रस्ट एवं राम चिकित्सालय, दीगोद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क मेगा चिकित्सा एवं जांच शिविर में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने जन्मदिन या अन्य शुभ अवसर पर एक पौधा जरूर लगाएं। यह धरती हमारी मां है और इसके प्रति हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में संभागीय आयुक्त राजेंद्र सिंह शेखावत, ट्रस्ट के संयोजक एलएन शर्मा, सह संयोजक यज्ञदत्त हाडा, ट्रस्ट के अध्यक्ष विमल चंद जैन, महामंत्री डॉ. ऐश्वर्य शर्मा, पूर्व जिला प्रमुख गोविंद सिंह परमार, डॉ. विजय सरदाना, डॉ. एम.एल. अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर रविवार को कोटा जिला स्थित महावीर नगर तृतीय स्थित विवेकानंद स्कूल में गुजरात राज्य बिन निवासी प्रतिष्ठान (एनआरजीएफ) एवं अखिल राजस्थान गुजराती समाज, कोटा द्वारा आयोजित कार्यक्रम श्गुजरात डायस्पोराश् में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नागर ने कहा कि 2014 के बाद विश्व में भारत के प्रति सोच बदली है। भारत के प्रति इस नजरिए को बदलने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अहम योगदान है।

# आईआईएफए अवॉर्ड्स में 150 कलाकारों ने किया गेर और घूमर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी अवॉर्ड्स सेरेमनी शुरू हो गई है। शुरुआत में राजस्थान के 150 कलाकारों ने कथक, घूमर और गैर नृत्य की प्रस्तुति दी। आईआईएफए के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन में शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित कई साल बाद %दिल तो पागल है% के गाने पर एक साथ डांस करेंगे। करीना कपूर खान, शाहिद कपूर और कृति सेनन भी धमाकेदार परफॉर्मेंस देने वाले हैं।

इस अवॉर्ड नाइट को बॉलीवुड के जाने-माने फिल्म मेकर करण जौहर और अभिनेता कार्तिक आर्यन होस्ट कर रहे हैं। सीएम भजनलाल शर्मा और डिप्टी सीएम दीया कुमारी भी आईफा अवॉर्ड्स सेरेमनी में मौजूद हैं। इससे पहले ग्रीन कारपेट पर स्टार्स की एंट्री आकर्षण का केंद्र रही। टीम इंडिया की चैंपियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत पर सिंगर शिल्पा राव ने गाना गुनगुनाया। शनिवार को जेईसीसी में आईफा अवॉर्ड्स का आगाज हुआ था। इसमें वेब सीरीज और उनके एक्टर्स को बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए अवॉर्ड दिए गए थे।




## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# राजस्थान में धुलंडी पर बादल छाने की संभावना

## बाड़मेर, जालोर, डूंगरपुर में पारा 36 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज; रात में भी सर्दी कम हुई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में पश्चिमी हवा का प्रभाव बढ़ने से गर्मी तेज होने लगी है। दिन में अब पसीने छूटने लगे है और सुबह-शाम भी ठंडक कम होने लगी है। बाड़मेर जिले में दूसरे दिन भी अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। जैसलमेर, जालोर, डूंगरपुर में भी तापमान 36 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में अगले 4-5 दिन मौसम शुष्क रहने और गर्मी बढ़ने की संभावना जताई है। वहीं, धुलंडी और उसके अगले दिन बादल छा सकते हैं।

राज्य में कल सबसे अधिक तापमान बाड़मेर में 38.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। बाड़मेर, जालोर, जैसलमेर के एरिया में दिन में कुछ जगह हल्की गर्म हवाएं भी चली। दिन में तेज गर्मी के कारण यहां पसीने आने लगे। जयपुर, जोधपुर, कोटा, उदयपुर में भी अधिकतम तापमान औसत से ऊपर दर्ज हुआ। जयपुर में कल दिन में तेज धूप रही। जयपुर में कल का अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 15.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। गर्मी के साथ यहां कल दिन में हल्की हवाएं चली। देर शाम को भी मौसम सुहावना रहा और हल्की गुलाबी ठंडक रही।

### सभी शहरों में तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज

राज्य में कल माउंट आबू को छोड़कर सभी शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। कोटा में कल अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस, उदयपुर में 34, जैसलमेर में 36, जोधपुर में 35.7, बीकानेर में 35.3, चूरू में 33.3, गंगानगर में 32.6, सीकर में 31.5, अजमेर में 33.6, भीलवाड़ा में 33.4, चित्तौड़गढ़ में 36.3, धौलपुर में 33.5, दौसा में 35.2 और पाली में 35.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

